नई दिल्ली, शुक्रवार
7 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



मंत्रालयों के बंटवारे का फार्मूला लगभग तैयार, आज सरकार गठन का दावा पेश करेंगे मोदी 1

बहुत याद आएगी 11 नंबर जर्सी: सुनील छेत्री 12




********


NEET (UG) 2024 में
हमारे टॉप परफॉरमर्स
Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations
715/720 AIR 203 Zenia B 2 Year Classroom
715/720 AIR 210 Piyush Roy 2 Year Classroom
715/720 AIR 212 Dipanshu Singla 3 Year Classroom
715/720 AIR 213 Roshni S 2 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 215 Om A Mohanty 4 Year Classroom
715/720 AIR 216 Sammed Patil 2 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 217 M Zaid Khan 2 Year Classroom
715/720 AIR 219 Tanashree 1 Year Classroom
715/720 AIR 222 Jason C J 1 Year Classroom
715/720 AIR 228 Aadesh Nichat 4 Year Classroom
715/720 AIR 229 Harshil Challani 4 Year Classroom
715/720 AIR 230 Dimpalvir Singh 1 Year Classroom
715/720 AIR 232 Sanjan L 2 Year Classroom
715/720 AIR 233 Deeparshu 4 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 234 Uttam K Panda 1 Year Classroom
715/720 AIR 235 Parth Pandey 2 Year Classroom
715/720 AIR 244 Shloka Sharma 1 Year Classroom
Madhya Pradesh Topper 715/720 AIR 245 Nayan Pandey 4 Year Classroom
Madhya Pradesh Topper 715/720 AIR 246 Pranjal Khatri 4 Year Classroom
715/720 AIR 248 Umang Agarwal 2 Year Classroom
715/720 AIR 253 Anish Budania 2 Year Classroom
715/720 AIR 254 Nimay Rastogi 2 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 265 Pritam Patra 2 Year Classroom
715/720 AIR 267 Anadi Sethi 2 Year Classroom
715/720 AIR 276 Irfan Ali 1 Year Classroom
715/720 AIR 279 Tanishq Gupta 2 Year Classroom
715/720 AIR 284 Vraj Kale 2 Year Classroom
715/720 AIR 285 Krish Singh 2 Year Classroom
715/720 AIR 286 Mayank Kumar 2 Year Classroom
715/720 AIR 289 Avani Kothari 2 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 291 Abhik D Das 2 Year Classroom
Odisha Topper 715/720 AIR 294 Ayush Ayushman 2 Year Classroom
715/720 AIR 295 Akash Kushwaha 2 Year Classroom
715/720 AIR 296 Shubhajit Das 2 Year Classroom
712/720 AIR 298 Sabhara Chander 2 Year Classroom
712/720 AIR 302 Tavishi Mukherjee 2 Year Classroom
711/720 AIR 306 Lakinapally S P 2 Year Classroom
711/720 AIR 308 Mithil Shah 2 Year Classroom
711/720 AIR 310 Dhruv Dautwani 2 Year Classroom
711/720 AIR 311 Bhahavath R 1 Year Classroom
711/720 AIR 325 Samaira Kalra 2 Year Classroom
711/720 AIR 326 Saranya P 4 Year Classroom
711/720 AIR 327 Iqra Khan 1 Year Classroom
711/720 AIR 329 Aanyaa Singh 2 Year Classroom
711/720 AIR 334 Thrupthi G M 2 Year Classroom
711/720 AIR 335 Riddhi Agrawal 2 Year Classroom
711/720 AIR 338 Shuda Abhishek 1 Year Classroom
711/720 AIR 346 Meet Shah 2 Year Classroom
710/720 AIR 349 Yash Garg 2 Year Classroom
और भी बहुत...
SHINING STARS of Aakash Digital & DLP
720/720 AIR 1 Ved S Shende 2 Year DLP
720/720 AIR 1 Tathagat Awatar 1 Year DLP
720/720 AIR 1 Gunmay Garg 1 Year DLP
720/720 AIR 1 Shubhan Sengupta 2 Year DLP
720/720 AIR 1 Krishnamurti P S 1 Year DLP
720/720 AIR 1 Ved Patel 2 Year DLP
720/720 AIR 1 Darsh Paghdar 1 Year DLP
Madhya Pradesh Topper 715/720 AIR 80 Almaan A Q 2 Year Live Course
and many more...
To Book a Live Demo for Aakash Digital
Call: 88003 12674 or
Visit: aakashdigital.com
Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.
पूरे उत्साह के साथ करें फिर से शुरूआत
NEET / JEE 2025
प्रवेश प्रारम्भ - 90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें
ड्रॉपर / रिपीटर बैचेस
(कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए)
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।
नि:शुल्क नामांकन के लिए:
iacst.aakash.ac.in पर जाएं
या दिए गए कोड को स्कैन करें
आज ही प्रवेश लें! बैचेस शुरू हो चुके हैं।
*नियम व शर्तें लागू
कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
NEET / JEE
कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
NEET / JEE
कक्षा 8वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
School Boards / Olympiads / NTSE
32 Branches in Delhi / NCR
Call Your Nearest Branch: Janakpuri (Med. Wing): 8800013110, 9289723822, 7428399931 Janakpuri (Engg. & Fdn. Wing): 8800013017, 9319690348, 9350497647 Dwarka: 8800013019, 9205781715, 9205781716 Faridabad: 8800013022 NIT Faridabad: 8800729482 Model Town: 8800522353, 9560197324 Preet Vihar: 8800909325, 011-44469831 / 32 Punjabi Bagh: 8800901554, 8448383560 South Ex (Med. Wing): 8800013111 South Ex (Engg. Wing): 8800015936 South Ex (Fdn. Wing): 8800013018 Gurugram (Sector-14): 8800840109, 9958064196 Gurugram (Sector-49): 8800845034, 9289514345 Greater Noida: 8800013024 Greater Noida West: 8800187908 Noida (Sector-18): 8800013020 Noida (Sector-62): 8800013021 Najafgarh: 8800735460, 9311992032, 8448389729 Pitampura (Med. Wing): 8800473922, 9311272550 Pitampura (Engg. Wing): 8800710382, 9560292026 East Patel Nagar: 8447299285, 9289680444, 8447299386 Rohini: 8800945728, 9289647512 Vasant Kunj: 8800185967 Jasola Vihar: 8800189035, 9599187524 Sonipat: 8800898137, 9289054590, 9289738918 Palwal: 8800013038 Rewari: 9053008274, 9053008271 Narnaul: 8800013042, 9599289824, 9599289826 Bhiwadi: 8800956127, 9289339729 Bahadurgarh: 8800901820, 9311992031, 9289031693 Ghaziabad: 8826050181, 8826050187, 7042275382 Bulandshahr: 7428293980, 8800902549
नजदीकी ब्रांच की जानकारी के लिए कोड को स्कैन करें
CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727
VISIT: aakash.ac.in
For Franchise Enquiry: Email ID: franchise@aesl.in
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

नई दिल्ली, शुक्रवार
7 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित






दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक पानी छोड़े हिमाचल 3

सीएम मोहन यादव ने दिए निर्देश, अब मप्र में तेज होगी समान नागरिक संहिता विधेयक बनाने की तैयारी 10


## संपादकीय

**देश-दुनिया के लिए जनादेश का संदेश :** मतदाताओं का रुझान दर्शाता है कि वे ऐसा सशक्त विपक्ष चाहते थे, जो सत्तापक्ष को निरंकुश न होने दे और सरकार की योजनाओं में लोकहित को सुनिश्चित करे। **शिवकांत शर्मा** का आलेख।



**नई सरकार की आर्थिक चुनौतियां :** अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की भी एक बड़ी चुनौती है। **डा. ब्रजेश कुमार तिवारी** का आकलन।

• पेज 8

## जागरण विशेष

### हाई और सुप्रीम कोर्ट पहुंचने की राह हुई सुगम



**मेरठ :** न्याय की अवधारणा है कि न्याय सुलभ हो, समय से मिले और न्याय प्राप्त करने में अर्थ भी कम खर्च हो। यह अवधारणा उत्तर प्रदेश में ई-फाइलिंग केंद्र के रूप में साकार हो रही है। प्रदेश का पहला केंद्र मेरठ में शुरू हो चुका है।

• पेज 10

## अंदर पढ़ें

### राष्ट्रपति को सौंपी नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की सूची

**नई दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंप दी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू करेंगी।

• पेज 13

# मंत्रालयों के बंटवारे का फार्मूला लगभग तैयार, आज सरकार गठन का दावा पेश करेंगे मोदी

## नौ जून को लेंगे शपथ, पांच सांसद पर एक मंत्री पद, जदयू व तेदेपा का ज्यादा प्रतिनिधित्व



» नई दिल्ली में राजग की बुधवार को हुई बैठक के दौरान कार्यवाहक पीएम नरेन्द्र मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार • फाइल फोटो

- राजग संसदीय दल की बैठक आज, नीतीश दिल्ली में ही डटे और चंद्रबाबू भी पहुंच रहे
- सहयोगी दलों से बनाया जा सकता है राजग की समन्वय समिति का संयोजक

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव में राजग को बहुमत मिलने के बाद सरकार गठन की तैयारी तेज हो गई है। सहयोगी दलों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे का फार्मूला भी लगभग तैयार है। शुक्रवार को होने जा रही राजग संसदीय दल की बैठक में जहां नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुन लिया जाएगा, वहीं नेताओं की अलग बैठक में मंत्रालयों के बंटवारे पर मुहर लग सकती है। राजग की बैठक में शामिल होने के लिए जदयू नेता नीतीश कुमार दिल्ली में ही डटे हुए हैं और दूसरे अहम घटक तेदेपा के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। राजग की बैठक के बाद राष्ट्रपति भवन जाकर दावा पेश किया जाएगा और नौ जून को मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में मोदी शपथ लेंगे। लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन और संसद में संख्या के आधार पर सरकार में भी तेदेपा और जदयू की अहमियत बढ़ने वाली है। ऐसे में राजग का भी व्यवस्थित स्वरूप में आना तय है।

बुधवार को राजग में शामिल दलों के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की थी और मोदी के नेतृत्व पर सहमति बन गई थी। लेकिन, नेता सदन का चुनाव संसदीय दल की बैठक में ही होता है। शुक्रवार को यह काम पूरा हो जाएगा। बुधवार की बैठक में ही सहयोगी दलों को यह बता दिया गया था कि मंत्रालयों के बंटवारे को लेकर ऐसा फार्मूला तैयार कर लिया जाएगा, जिस पर सहमति होगी।

अपुष्ट सूत्रों के अनुसार, किसी नंबर फार्मूले के बजाय सभी सहयोगी दलों को उचित प्रतिनिधित्व देने की योजना है। ऐसे में जिस दल के पास पांच तक लोकसभा सदस्य हैं, उन्हें एक मंत्री पद और उनसे ज्यादा वाले जदयू व तेदेपा को तीन-तीन मंत्री पद दिए जा सकते हैं।

हालांकि, इस बात की अटकलें चलती रहीं कि इन दलों की ओर से चार मंत्री पद मांगा गया है और तेदेपा की ओर से लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी भी मांगी गई है। इन मांगों को किसी दल ने भी औपचारिक रूप से नहीं बताया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार भी अभी तक इन दलों की ओर से कोई मांग नहीं रखी गई है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर भी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। इस बैठक में तैयारियों के साथ ही चुनावी समीक्षा भी हुई।


अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लंबे समय तक संयोजक का पद जदयू के पास हुआ करता था। इस बार भी सहयोगी दलों के हिस्से में यह पद जा सकता है। दावेदार जदयू भी है और तेदेपा भी। अंदर-अंदर दावेदारी के लिए माहौल बनाया जाने लगा है। लोकसभा अध्यक्ष पद पर तेदेपा की दावेदारी इसलिए मजबूत है, क्योंकि ढाई दशक पहले वाजपेयी सरकार में भी उसके पास यह पद था। गठबंधन में सबसे बड़ा दल होने के कारण भाजपा को भी एक ऐसे मंच के लिए पहल करनी होगी, जहां सारे सहयोगी दल तमाम मुद्दों पर चर्चा कर सर्वसम्मति बनाने का प्रयास कर सकें। अटल सरकार के दोनों कार्यकाल में असहमति के विषयों को पहले ही हाशिये पर डाल दिया गया था। सरकार एवं सहयोगी दलों में तालमेल के लिए समन्वयक की जिम्मेदारी चंद्रबाबू नायडू, जार्ज फर्नांडिस एवं शरद यादव संभालते रहे थे।

जनादेश » पेज 4 व 13

### अग्निपथ योजना की समीक्षा व समान नागरिक संहिता पर राज्यों से वार्ता के पक्ष में जदयू

**जाब्यू, नई दिल्ली :** केंद्र में सरकार गठन से पहले जदयू ने दो बड़े मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। वह सेना में भर्ती वाली अग्निपथ योजना की समीक्षा और समान नागरिक संहिता पर सभी राज्यों से बातचीत के पक्ष में है। जदयू की अपेक्षा राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार जनगणना कराने की भी है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि अग्निपथ योजना का काफी विरोध हुआ। लोकसभा चुनाव में भी इसका असर देखा गया है। इसलिए इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है। त्यागी का यह बयान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी के बाद आया है। राजनाथ ने भी चुनाव प्रचार के दौरान एक जनसभा में अग्निपथ योजना को लेकर ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है। फिर भी यदि जरूरत पड़ी तो हम इसमें बदलाव के लिए तैयार हैं। केसी त्यागी ने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि इस योजना को खत्म कर देना चाहिए। चुनाव के नतीजे बताते हैं कि जिन राज्यों में अग्निपथ योजना के तहत ज्यादा भर्तियां हुई हैं, उनमें कई में पहले की तुलना में भाजपा की सीटें कम आई हैं। त्यागी ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर सभी राज्यों के साथ विचार किया जाना चाहिए। जदयू ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन किया है।

- राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार जनगणना कराने की भी जताई अपेक्षा



केसी त्यागी








E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

MARUTI SUZUKI AUTHORISED DEALERS: NORTH DELHI: DD MOTORS, (NARELA) PH: 9999003888. T.R. SAWHNEY, (PITAMPURA) PH: 9582263609. D.D. MOTORS, (PEERAGARHI) PH: 9999003888. T.R. SAWHNEY, (BADLI) PH: 9999324833. RANA MOTORS, (PRASHANT VIHAR) PH: 9711607777. D.D. MOTORS, (WAZIRPUR) PH: 9999003888. SHREYASH, (PITAMPURA) PH:7838556085. RANA MOTORS, (GT Karnal Road) PH: 9873477733. SHREYASH, (GT KARNAL ROAD) PH:7838556058. FAIRDEAL WHEELS, (BUDH VIHAR) PH: 8448296614, 8448296615. SOUTH DELHI: ROHAN, (MATHURA ROAD) PH: 9650086262. T.R. SAWHNEY, (NEHRU PLACE) PH: 9999563333. COMPETENT, (LAJPAT NAGAR) PH: 9582797810. AAA VEHICLEADES, (MALVIYA NAGAR) PH: 9971500011. PREM MOTORS, (MAHIPALPUR) PH: 8745887458. D.D. MOTORS, (OKHLA PH-1) PH: 9999003888. SINGLA LINK AGENCY PVT. LTD., (KOTLA) PH: 8826892566 / 011 40488888. RANA MOTORS, (SAFDARJUNG) PH: 26712222. CENTRAL DELHI: MAGIC AUTO, (KAROL BAGH) PH: 8929268145. COMPETENT, (C.P) PH: 9582797749. T.R. SAWHNEY, (DARYAGANJ) PH: 9999399157. WEST DELHI: MAGIC AUTO, (SEC-20, DWARKA) PH: 8929268146. T.R. SAWHNEY, (RAJOURI GARDEN) PH: 9873761333. COMPETENT, (NAJAFGARH) PH: 9582797763. MAGIC AUTO, (DWARKA SEC-13) PH: 8929268144. AAA VEHICLEADES, (MUNDKA) PH: 9650445555, COMPETENT, (DWARKA) PH: 9582797879, MAGIC AUTO, (PALAM DABRI ROAD) PH: 8929400501, COMPETENT, (SHIVAJI MARG) PH: 9811477799, RANA MOTORS, (JANAKPURI) PH: 9999577776, D.D. MOTORS, (MAYAPURI) PH: 9999003888. JAGMOHAN AUTOMOTIVES, (NARAINA) PH. 011-35011310. VIPUL MOTORS, (PASCHIM VIHAR) PH: 8130093031. EAST DELHI: FAIRDEAL WHEELS, (BHAJANPURA) PH: 7290009372. FAIR DEAL WHEELS, (SHAHDARA) PH: 8448296614, 8448296615. COMPETENT, (GAZIPUR) PH: 8377007977. SINGLA LINK AGENCY PVT LTD, (PATPARGANJ) PH: 9818199370/ 011 46488888. T.R. SAWHNEY, (GOKULPUR) PH: 9999399150. MAGIC AUTO, (PREET VIHAR) PH: 8929400502. NOIDA: RANA MOTORS, (DADRI): 7669710689. DEV MOTORS, (SEC-49): 8448741583. VIPUL MOTORS, (SEC-63): 9899096972. FAIRDEAL PREMIUM WHEELS, (SEC-10): 9999700944. ROHAN MOTORS, (SEC-1): 9873601288. VIPUL MOTORS, (SEC-18): 8800091555. GREATER NOIDA: ROHAN MOTORS, (UDYOG VIHAR): 9811800980. VIPUL MOTORS, (GAUR CITY): 9818392491. GURGAON: COMPETENT AUTOMOBILES, (SEC-12): 9582797711. PREM MOTORS, (32ND MILESTONE): 8750487604. ROHAN MOTORS, (SEC-54): 7840042444. PREM MOTORS, (6 IDC): 8750987609. VIPUL MOTORS, (UDYOG VIHAR): 8929148240. PASCO AUTOMOBILES, (SEC-18): 0124- 4012000, COMPETENT AUTOMOBILES, (SUBHASH CHOWK): 9582797739. RANA MOTORS, (SCO PLOT NO-322 SEC-29): 0124-4250000. PASCO AUTOMOBILES, (SILVERTON SEC-50): 7836003300. FARIDABAD: VIPUL MOTORS, (MATHURA ROAD): 9999994707. TCS AUTOWORLD, (NEELAM CHOWK): 0129-4262626. AUTO NATION, (MATHURA ROAD): 9899696002. VIPUL MOTORS, (BALLABGARH): 0129-4208400. ROHAN MOTORS, (PALWAL): 8930202062. FAIRDEAL PREMIUM WHEELS, (PIYALI CHOWK): 9582101735. MANESAR: PLATINUM MOTOCORP, (IMT CHOWK): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (FARRUKHNAGAR): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (PATAUDI): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (NARNAUL): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (BILASPUR): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (MAHINDERGARH): 9020990209. GHAZIABAD: T.R. SAWHNEY, (LONI): 9999899180. ROHAN MOTORS, (MUKUND NAGAR): 9650100045. MOTORCRAFT, (SAHIBABAD): 9650972222. T.R. SAWHNEY, (MOHAN NAGAR): 9582268544. SNV AUTOMOBILES, (AMBEDKAR ROAD): 9811001626. GLOBUS AUTO, (KAVI NAGAR): 8929422701 REGENT AUTOLINKS (MEERUT ROAD): 7065191234. ROHAN MOTORS (HAPUR): 0122-2813204. MOTORCRAFT, (MODINAGAR): 9654672222. MOTORCRAFT, (BHOJPUR): 8130283222. MOTORCRAFT, (MURADNAGAR): 7065440222. SOHNA: PASCO AUTOMOBILES, (ALIPUR): 9560119808. PASCO AUTOMOBILES, (TAURU): 8683000622. PASCO AUTOMOBILES, (PUNHANA): 9811148283. PASCO AUTOMOBILES, (NUH): 9899189196. REWARI: AUTO VIBES, (KOSLI): 7082100106. AUTO VIBES, (BAWAL): 7082100280. AUTO VIBES, 7082010000. AUTO VIBES, (DHARUHERA): 7082100481. AUTO VIBES, (KUND): 7082100244. AUTO VIBES, (DAHINA): 7082100107. BULANDSHAHAR: SK UNIVERSE AUTOMOBILE (BULANDSHAHR): 8929784471. SK UNIVERSE AUTOMOBILE (SIKANDRABAD): 9520870938. SK UNIVERSE AUTOMOBILE (KHURJA): 9520870907. SK UNIVERSE AUTOMOBILE (ANOOPSHAHR): 9520870916. SK UNIVERSE AUTOMOBILE (SIYANA): 7466004980. SK UNIVERSE AUTOMOBILE (BB NAGAR): 9520870925.

*Terms and conditions apply. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard equipment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.


*********

## एक नजर में

### पंखे पर फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**गाजियाबाद** : दौलतपुरा में बुधवार देर रात 24 वर्षीय विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस का कहना है कि दादरी निवासी रीता की एक वर्ष पूर्व ही कोशिन्द्र से शादी हुई थी। बुधवार रात घरेलू कलह में महिला ने चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। (जासं)

### युवक ने रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप लगाया

**गाजियाबाद** : नंदग्राम के दीनदयालपुरी निवासी युवक लायन कुमार ने अपने चार रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि 21 मई को उसके जीजा नरेश, रितिक, विवेक और गगन ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

### पूर्व कर्मचारी पर धमकाने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद** : नंदग्राम इलाके में ब्राडबैंड कनेक्शन का काम करने वाले दीपक के यहां कार्यरत संजय नगर निवासी कर्मचारी दिव्यांश ने ग्राहकों से एक लाख 20 हजार रुपये लेकर जमा नहीं कराए। इसकी जानकारी जब दीपक को हुई तो उसने कर्मचारी को काम से निकाल दिया। इससे नाराज होकर कर्मचारी ने दीपक को जान से मारने की धमकी दी। नंदग्राम थाने में केस दर्ज किया गया है। (जासं)

### पुलिस ने फर्जीवाड़े का आरोपित दबोचा

**गाजियाबाद** : नंदग्राम पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर फ्लैट पर 41 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपित ने बीते वर्ष राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी के एक फ्लैट मालिक का फर्जी आधार कार्ड तैयार कर 41 लाख रुपये का लोन लिया। आरोपित अशोक नगर निवासी संदीप को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

# प्रतिबंधित दवाएं बेचने वाला अंतरराष्ट्रीय गिरोह पकड़ा

## सीरियाई नागरिक प्रतिबंधित दवाओं को कोरियर के जरिये भारत लाता था, चार करोड़ की दवाएं जब्त

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली** : दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर और शुगर की प्रतिबंधित दवाओं का कारोबार करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सीरिया के मोनिर अहमद, दिल्ली के दवा व्यापारी सौरभ गर्ग, नवीन आर्य और करण खनेजा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चार करोड़ रुपये के ओपडिवो इंजेक्शन, लेनविमा व अन्य बीमारी की रेवोलेड, एर्बिटक्स समेत अन्य दवाएं बरामद की हैं। मोनिर तुर्किये और मिस्र से दवाएं लाकर भारत में बेचता था और यहां की दवाएं वहां के बाजार में बेचता था।



### रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार हुआ सीरियाई नागरिक

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दिल्ली के दवा विक्रेता विदेशी नागरिकों की मिलीभगत से प्रतिबंधित दवा का कारोबार कर रहे थे। पुलिस को पता चला कि सीरिया का मोनिर दवाओं की डील के लिए दिल्ली आने वाला है। पुलिस ने 14 मई को उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वह मिस्र के एक गिरोह के लिए काम करता है। कोरियर के जरिये वह दवाएं भारत लाता था और यहां से मिस्र व तुर्किये ले जाता था। वह नवीन, सौरभ गर्ग और करण खनेजा को तुर्किये और मिस्र में बनने वाली दवाएं बेचता था। कैंसर की बीमारी में प्रयोग होने वाले ओपडिवो इंजेक्शन की कीमत मिस्र, तुर्किये में 30 हजार, भारत में एक लाख रुपये है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच राकेश पावरिया ने बताया कि चार अप्रैल को लालकिले के पास स्थित श्रीराम इंटरनेशनल ट्रेडर्स के यहां पर छापा मारा गया। कंपनी का निदेशक नवीन आर्य पिछले चार वर्षों से प्रतिबंधित व अपंजीकृत जीवन रक्षक दवाएं बेच रहा था। पकड़े जाने पर उसने बताया कि अधिक लाभ कमाने के लिए उसने बिना बिल दवाएं खरीदी थीं। पुलिस ने इसके पास से 1.5 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवाएं बरामद कीं। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने दरियागंज स्थित टेरी व्हाइट लाइफ केयर कंपनी पर छापा मारा। निदेशक सौरभ गर्ग और करण खनेजा को गिरफ्तार किया गया। सौरभ पहले अश्वनी नाम से कंपनी चलाता था, जिसपर ड्रग डिपार्टमेंट ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने यहां से 2.5 करोड़ रुपये की दवाएं बरामद कीं।

# मुनाफे का झांसा देकर 1.62 करोड़ ठगे

**जासं, फरीदाबाद** : निवेश करके साढ़े 14 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठग ने 1.62 करोड़ रुपये ठग लिए। सेक्टर 21सी निवासी राम अवतार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वो निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। साइबर ठग ने उनको शेयर मार्केट में डबल मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक ग्रुप का सदस्य बनाया। निवेश को लेकर उनसे दो अकाउंट से पैसे लिए गए। पहले पीड़ित ने थोड़े पैसे निवेश किए। जिसको ठग ने डबल करके उनको पैसे दे दे दिए। इससे रामअवतार को भरोसा हो गया कि निवेश पर अच्छी रिटर्न मिल सकती है। उन्होंने ज्यादा पैसे निवेश करना शुरू कर दिए। 22 मई तक ठगों ने 1.62 करोड़ से अधिक की रकम जमा करा ली, लेकिन मुनाफा नहीं दिया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूक्ष्म निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड कैटल फीड प्लांट, रोहतक एवं एनिमल फीड प्लांट सकताखेड़ा हेतु रॉ मैटीरियल की खरीद हेतु ई-निविदा। | 07.06.2024 19.06.2024 | 19.78 LACS | www.hafed.gov.in | 0172290520 hafed@hry.nic.in |

PRDH-13/2025/40/26488/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


# होटल, रेस्तरां व शराब परोसने वाले क्लबों को आग से बचाव के करने होंगे इंतजाम

**लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं को देखते हुए दिल्ली सरकार ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन करने का दिया निर्देश**

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली** : राजधानी में लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं को देखते हुए दिल्ली सरकार ने होटल, रेस्तरां-बार और शराब परोसने वाले क्लबों को उचित अग्नि सुरक्षा इंतजाम करने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग ने निर्देश जारी किया है कि 90 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र वाले रेस्तरां-बार और भोजनालयों को भी किसी भी दुर्घटना या आग की घटना को रोकने के लिए सभी सावधानियां और पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने होंगे। ऐसा न करने पर लाइसेंस रद कर कार्रवाई की जाएगी। आग से बचाव के इंतजामों को लेकर हलफनामा भी सौंपना होगा।

दरअसल, अग्निशमन विभाग वर्तमान में केवल 90 वर्ग मीटर और उससे अधिक क्षेत्रफल वाले रेस्तरां और भोजनालयों को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देता है। राजधानी में 90 मीटर से कम क्षेत्रफल वाले रेस्तरां, बार और गोदाम भी हैं, जिनके पास फायर की एनओसी नहीं होती है। ऐसे कारोबारियों को अब अग्नि सुरक्षा उपायों के अनुपालन के संबंध में एक हलफनामा जमा कराना होगा। हलफनामे में किए गए आग से बचाव के पुख्ता इंतजामों का विवरण भी देना होगा। गोदाम लाइसेंसधारियों के लिए वैध अग्नि बीमा, बिजली फिटिंग की समय-समय पर जांच करने और परिसर को किसी भी खतरनाक सामग्री से मुक्त रखने का पुख्ता इंतजाम करना होगा। दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण कई जगह आग लगने की घटनाएं हुई हैं। आग की बढ़ती घटनाओं को लेकर रेस्तरां और भोजनालयों में सुरक्षा के इंतजामों को लेकर समीक्षा की गई थी। जारी सर्कुलर में आबकारी विभाग ने 90 वर्ग मीटर और उससे बड़े स्थलों पर यह कारोबार कर रहे मौजूदा लाइसेंसधारियों को इसकी समाप्ति से पहले एनओसी को नवीनीकृत करने और सुरक्षा मानदंडों के अनुसार सभी सुरक्षा उपाय करने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग के अनुसार शहर में लगभग 1,000 एचसीआर (होटल, क्लब, रेस्तरां) श्रेणी के परिसर हैं।


Classifieds दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE In Delhi-NCR

For More Details Contact

दिल्ली जल बोर्ड : दिल्ली सरकार
मुख्य अभियंता (एसडीडब्ल्यू) का कार्यालय
6वीं मंजिल, वरूणालय फेज-II, झंडेवालान, नई दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**

सार्वजनिक हित में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने और निवासियों के लिए उपलब्ध पीने योग्य पानी पर बोझ को कम करने के लिए, दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली के नागरिकों से अपील करता है कि वे निर्माण स्थलों और अन्य गैर पीने योग्य उद्देश्यों के लिए नजदीकी अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों से उपचारित जल (ग्रे वॉटर) का उपयोग करें।

रु. 7/- KL की दर उन सभी एजेंसियों/ उपभोक्ताओं को उपचारित अपशिष्ट की आपूर्ति के लिए लागू होगा जो दिल्ली जल बोर्ड के इसके एसटीपी के भराव बिंदुओं से उपचारित अपशिष्ट उठाते हैं, जिसकी सूची वेबसाइट https://delhijalboard.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

एक आवेदक को आपूर्ति किए जाने वाले उपचारित पानी की मात्रा पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। उपचारित पानी दिल्ली भर में हमारे सभी 36 अपशिष्ट उपचार संयंत्रों पर उपलब्ध होगा।

इसके अलावा, पानी या सीवर से संबंधित मुद्दों पर किसी भी सहायता के लिए, कृपया दि.ज.बो. की टोल फ्री नं. 1916 पर संपर्क करें।

पीआरओ (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. JSV 001 (2024-25) (भूपेश कुमार) सीई (एसडब्ल्यूडी)

वर्गीकृत

**आवश्यकता**

**प्रतिष्ठित** कम्पनीयों से रिटायर्ड मैनेजर/आफिसर बैंकर्स, डीफेन्स पर्सनलस जिनका सामाजिक दायरा व्यापक हो उच्च आय/इन्सेन्टिव। महालक्ष्मी प्लाजा, सेक्टर-3, वैशाली गाजियाबाद, Ph-8527212923

**सूचना**

**मैं** सिहं राम पुत्र प्रेम सिह मकान न. 204 झीमरों वाली गली टिकरी khurd उत्तर पश्चिम दिल्ली-40 शपथ पूर्वक अपनी पत्नी Jagwanti W/o सिह राम व अपनी पुत्री सीमा पत्नी रविन्द्र व उसके बच्चों को इनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल से बेदखलकर सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। इनके द्वारा किये गये कार्य की जबावदेई हमारी नही होगी।

**That** my clients namely Harcharan Singh S/o Dalbir Singh & his wife Smt. Sheela Kaur W/o Harcharan Singh both R/o Khasra No.577, Ram Colony, Chattarpur, New Delhi-110074 have severed their all relations with their son namely Hardayal Singh also debarred him from their all moveable and immoveable properties due to his unwarranted behaviour/ acts and anti social conduct towards my clients. My clients shall not be responsible for any acts, deeds and things done by their son in future in any manner whatsoever. Harbir Singh (Adv.)

**मैं** जय सिहं पुत्र करन सिंह व बिमला देवी पत्नी जय सिंह दोनों निवासी 1043 भट्ट परा पाना गाँव कराला दिल्ली-81 शपथपूर्वक अपने पुत्र रवि को इसके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल से बेदखलकर सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं। इसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य की जबाबदेई हमारी नहीं होगी।

**मेरी** मुवक्किल श्रीमति अफसाना बेगम पत्नि स्व. इदरिस मोहम्मद निवासी मकान नंबर ए-223 अमन विहार किरारी सुलेमान नगर दिल्ली - 110086 ने अपने पुत्र आमिर खान व उसकी पत्नि नाजमा बानो को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिय वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। सचिन राठौर (एडवोकेट)

**My** client Barati Lal Prajapti S/o Sh. Dhani Ram and his wife Akhilesh Devi both R/o H. No.22B, Gali No.13, Manbhari Kunj, Mithapur, Extension, Jaitpur New Delhi-110044 have disowned their son Manoj Kumar and his wife Anjali Devi, from their all moveable and immovable properties and also severed all relations with them. My clients will not be responsible for the acts and actions of their son Manoj Kumar and his wife Anjali Devi, if any body deals with them. Dr. I.K. Mishra (Advocate)

**मेरे मुवक्किल** Khichu Singh S/o Kanchi Singh R/o J-56-D, सौरभ विहार, जैतपुर, बदरपुर, नई दिल्ली-44 ने अपने पुत्र Sumit Kumar उसकी पत्नी Annu के गलत व्यवहार से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी रिश्ते तोड़ लिए हैं, भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वयं जिम्मेदार होगा। Manoj chauhan (Adv)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that share certificate no. 34641 for 100 Equity Share of Rs. 10/-(Rupees Ten only) each bearing Distinctive no. from 3462201 to 3462300 of Eicher Motors Limited, having it registered office at 3rd Floor, Select Citywalk, A-3 District City Centre, Saket New Delhi-110017 registered in the name of Pinku Gurpreet Sabharwal and Roopbani Sabharwal (Deceased) have been lost. Gurpreet Kaur (Pinku Gurpreet Sabharwal) have applied to the company for issue duplicate certificate. Any person who has any claim in respect of the said shares certificate should lodge claim with the company within 15 days of the publication of this notice.

GURPREET KAUR

Place: Delhi Date: 07-06-2022

**चेतावनी नोटिस**

[illegible] www.trentlimited.com, www.westside.com और www.zudio.com है। [illegible] हेल्पलाइन नंबर 7506401234 [illegible] हेल्पलाइन नंबर 18002090301 पर संपर्क करें।

[illegible] मुंबई 400 001, इंडिया

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री प्रहलाद पुत्र श्री मदन और श्रीमति अनीता पत्नि श्री प्रहलाद दोनो निवासी मकान न0 बी-1/238 सुल्तान पुरी दिल्ली-86 ने अपनी पुत्री कंचन और शिखा को इनके दुर्व्यवहार एवंम गैर जिम्मेदार हरकतो के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर दिये है। भविष्य में उनके द्वारा किसी कार्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरे मुवक्किल की नहीं होगी। उनकी अपनी होगी। दिनेश शुक्ला, एडवोकेट

हरियाणा सरकार

हरियाणा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 के लिए
**दाखिले 07.06.2024 से शुरू**

iti

**195 राजकीय व 184 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**
**योग्यता - 8वीं, 10वीं, 12वीं पास**
**ट्रेड्स - इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग की 87 ट्रेड्स**

आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.06.2024

**दाखिले हेतु विशेषताएं**

- सभी संस्थानों में सरकार द्वारा निर्धारित फीस
- रियायती बस पास की सुविधा
- दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण सुविधा
- नियमित तौर पर जॉब मेलों का आयोजन
- सेना में आई.टी.आई. पास को अतिरिक्त अंक
- 1500 रुपये की एकमुश्त राशि पासपोर्ट बनवाने के लिए
- अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा

**महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं**

- 36 सरकारी आई.टी.आई. केवल महिलाओं के लिए
- ट्यूशन फीस माफ
- 1000 रुपये की नि:शुल्क टूल किट
- 2500 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि



APPLY NOW!
www.admissions.itiharyana.gov.in/

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें। 0172-2996321, 2997265, 2586071
नजदीकी आई.टी.आई संस्थान। www.itiharyana.gov.in
क्यू आर कोड स्कैन करें

*Directorate of Skill Development and Industrial Training, Haryana*
*Kaushal Bhawan Sector 3, Panchkula*

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


********

नई दिल्ली, शुक्रवार
7 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



ब्याज में कटौती होगी या नहीं, फैसला आज 10
बिहार में चुनाव परिणाम ने बढ़ाया नीतीश कुमार का आत्मविश्वास 13

## दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक पानी छोड़े हिमाचल

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश-आज छोड़ना होगा पानी, हरियाणा निर्बाध रूप से दिल्ली पहुंचने में करेगा मदद

### दिल्ली सरकार सुनिश्चित करेगी कि पानी बर्बाद न हो, तीनों राज्यों से अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी गई

**नई दिल्ली, जेएनएन :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी की कि दिल्ली में पेयजल की जबर्दस्त कमी अस्तित्व की समस्या बन गई है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह शुक्रवार को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़े और हरियाणा उसे दिल्ली तक पहुंचाने में मदद करे ताकि पानी निर्बाध रूप से दिल्ली पहुंचे और नागरिकों को पेयजल उपलब्ध हो सके। अदालत ने यह भी कहा कि पानी पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (क्यूबिक फीट प्रति सेकेंड) पानी 28.317 लीटर प्रति सेकेंड प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा, 'चूंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह अपने पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी को छोड़ने को तैयार और इच्छुक है, लिहाजा हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश अपने पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़ेगा ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और वजीराबाद के रास्ते दिल्ली पहुंच सके।' मामले की तात्कालिकता पर विचार करते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। साथ ही कहा कि अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) आगे वजीराबाद एवं दिल्ली को आपूर्ति के लिए हथिनीकुंड पहुंचने वाले अतिरिक्त पानी की मात्रा मापेगा। साथ ही दिल्ली सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सूखी दिल्ली के लिए मिला पानी बर्बाद न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा व हिमाचल प्रदेश समेत प्रतिवादी सोमवार तक अपने अनुपालन शपथपत्र दाखिल करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की पांच जून को हुई बैठक में सुझाए गए उपायों को भी दर्ज किया। पीठ ने कहा कि बोर्ड ने पाया है कि दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि ने संकेत दिया था कि जून, 2024 के अंत या मानसून की शुरुआत तक के लिए अतिरिक्त 150 क्यूसेक पानी वर्तमान संकट से निपटने में मदद करेगा। हरियाणा के पास अपनी जरूरत से समझौता किए बिना दिल्ली के साथ साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

अगली सुनवाई 10 को >> पेज 7
डब्ल्यूटीपी से मिल रहा क्षमता से अधिक पेयजल >> पेज 5
संबंधित >> पेज 5 व संपादकीय





आइटीओ के पास पानी की कमी से सूख रही यमुना ● ध्रुव कुमार

### हिमाचल ने कहा-दिल्ली के लिए पानी छोड़ने में कोई आपत्ति नहीं

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि हम दिसंबर, 2019 में दिल्ली सरकार के साथ बने सहमति पत्र में तय शर्तों के अनुसार पहले से ही 137 क्यूसेक पानी छोड रहे हैं और आगे भी छोड़ते रहेंगे। इसलिए हमारे तरफ से कोई विवाद नहीं है। एक दिन पहले बुधवार को दिल्ली में हुई अपर यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में जलशक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने कहा था कि हिमाचल को दिल्ली के लिए पानी छोड़ने में कोई आपत्ति नहीं है।

### अतिरिक्त पानी दिल्ली तक पहुंचाना है चुनौती : हरियाणा

हरियाणा के जल संसाधन एवं सिंचाई राज्य मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने को तैयार हैं। हिमाचल प्रदेश के उपलब्ध कराए जाने वाले 137 क्यूसेक पानी को दिल्ली तक पहुंचाने में हरियाणा पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने एक खतरा भी जताया। कहा कि हरियाणा अभी तक पश्चिमी यमुना नहर के माध्यम से दिल्ली को उसके हिस्से का पानी पहुंचाता रहा है। इसी नहर से नारनौल और दादरी तक पानी पहुंचता है। आशंका है कि हिमाचल जब अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा की नहर में इतनी क्षमता नहीं है कि वह अतिरिक्त जल को दिल्ली सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था कर सके। यह कार्य किसी चुनौती से कम नहीं है। इसलिए यदि दिल्ली के पास कोई दूसरा सुरक्षित साधन है तो वह पानी प्राप्त कर ले। उसमें भी हरियाणा पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि समझौते के मुताबिक दिल्ली को 750 क्यूसेक पानी का आवंटन किया गया है, लेकिन हरियाणा साढ़े तीन सौ क्यूसिक अधिक यानी 1050 क्यूसेक पानी उपलब्ध करा रहा है।

> गंभीर जल संकट के दौर में दिल्ली के लोगों के साथ खड़ा होने के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद। समस्या के समाधान के लिए सभी के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। -**आतिशी**, जल मंत्री, दिल्ली

## चुनाव प्रचार से संकेत, केजरीवाल को कोई गंभीर बीमारी नहीं : कोर्ट

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए तल्ख टिप्पणियां कीं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि चुनाव के दौरान केजरीवाल ने जिस तरह व्यापक चुनाव प्रचार किया, बैठकें कीं और संबंधित कार्यक्रमों में भाग लिया, उससे संकेत मिलता है कि वह किसी जानलेवा या गंभीर बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं। अदालत ने कहा कि अंतरिम जमानत मांगने का आधार काफी कमजोर है, इसलिए वह इसके हकदार नहीं हैं।

अदालत ने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए कि क्या हाई कीटोन स्तर या वजन घटने से मधुमेह कीटोएसिडोसिस हो सकता है, का परीक्षण करने के लिए अंतरिम जमानत देने का आधार काफी कमजोर है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता है कि हिरासत में रहने के दौरान उनकी ऐसी चिकित्सीय जांच क्यों नहीं की जा सकती है। अदालत ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में उनकी चिकित्सा आवश्यकताओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया। अदालत ने बुधवार को केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, लेकिन आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को सार्वजनिक हुई। केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सात जून को सुनवाई होनी है।

एम्स के मेडिकल बोर्ड को पुनर्गठित करने का निर्देश देते हुए अदालत कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। मेडिकल बोर्ड केजरीवाल की जांच भी करेगा और तीन दिनों के भीतर उचित समझे जाने वाले चिकित्सकीय परीक्षण करना भी निर्धारित करेगा। अदालत ने कहा कि जेल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच बिना किसी देरी के हो। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर मेडिकल बोर्ड आगे के लिए आवश्यक उपचार निर्धारित करेगा।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ● फाइल

- अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग ठुकराते हुए की टिप्पणी
- मुख्यमंत्री का चिकित्सकीय परीक्षण कराएगा मेडिकल बोर्ड

## शेयर बाजार में उथल-पुथल एक घोटाला : राहुल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शेयर बाजार में हुई भारी उथल-पुथल का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया है कि चार जून को स्टाक मार्केट में जिस तरह से उतार-चढ़ाव हुआ, वह सबसे बड़ा स्टाक मार्केट घोटाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं। साथ ही यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को चुनाव नतीजों की असलियत मालूम थी, मगर मीडिया चैनलों पर झूठे एक्जिट पोल के सहारे शेयर बाजार घोटाले को अंजाम दिया गया। बाजार के भारी उथल-पुथल में आम निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब जाने का दावा करते हुए राहुल गांधी ने घोटाले में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व वित्त मंत्री की कथित भूमिका की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग भी की।

कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह को मालूम था कि उन्हें 220 सीटें मिल रही हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेशकों को स्टाक मार्केट में निवेश के लिए प्रेरित किया और वित्त मंत्री ने भी ऐसी ही टिप्पणी की।

राहुल गांधी ने कहा, 'क्रोनोलाजी से साफ है कि यह शेयर बाजार का सबसे बड़ा घोटाला है। हमने नोट किया है कि पहली बार प्रधानमंत्री चुनाव के समय स्टाक मार्केट पर टिप्पणी करते हैं। 13 मई को अमित शाह स्टाक मार्केट बढ़ेगा, यह कहते हुए लोगों से शेयर खरीदने को कहते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान ही पीएम मोदी 19 मई को टिप्पणी करते हैं कि शेयर मार्केट चार जून को रिकार्ड तोड़ेगा और 28 मई को प्रधानमंत्री इसे दोहराते हैं। एक जून को मीडिया झूठे एक्जिट पोल जारी करता है। तीन जून को स्टाक मार्केट में भारी उछाल आता है और हजारों-हजार करोड़ रुपये निवेश किए जाते हैं। चार जून को जब बाजार गिरता है तो आम निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब जाते हैं।'

घोटाले से पैसा कमाने वालों की भी हो जांच : राहुल >> पेज 13



प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते राहुल गांधी ● प्रेट्र

- जेपीसी से जांच कराने की मांग की, कहा-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की भूमिका की भी हो जांच
- फर्जी एक्जिट पोल से बढ़ा था शेयर बाजार, निवेशकों ने गंवाए 30 लाख करोड़ रुपये

### सवाल पूछने को लेकर मीडिया पर फिर भड़के राहुल गांधी

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जब राहुल गांधी से एक मीडियाकर्मी ने सवाल किया कि अगर विपक्ष संसद की कार्यवाही में अवरोध डालेगा तो उससे देश का पैसा बर्बाद नहीं होगा? इस सवाल पर राहुल भड़क गए। उन्होंने कहा, 'आप भाजपा की टी-शर्ट पहन लीजिए।'

## अनाप-शनाप आरोप लगा रहे राहुल : पीयूष

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** इस सप्ताह स्टाक मार्केट में हुए जबर्दस्त उतार-चढ़ाव को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा घोटाला बताने के आरोप को भाजपा नेता पीयूष गोयल ने पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। उलटा इस दौरान घरेलू निवेशकों ने बाजार से कमाई की है। एक्जिट पोल के असर से जिस दिन बाजार चढ़ा, उस दिन विदेशी निवेशकों ने 6,800 करोड़ की खरीदारी की, जबकि घरेलू निवेशकों ने बिकवाली की। वहीं, चुनाव परिणाम वाले दिन जब बाजार गिर रहा था तो विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। जाहिर है इस उतार-चढ़ाव से विदेशी निवेशकों को नुकसान हुआ, जबकि घरेलू निवेशकों ने कमाई की।

पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल में बाजार का मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) 67 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया। घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बाजार में 79 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई, जबकि विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत से घटकर 16 प्रतिशत रह गई है। घरेलू और खुदरा निवेशक म्युचुअल फंड से लेकर एसआइपी जैसे विभिन्न निवेश के जरिये किसी ने किसी रूप में बाजार से लाभ ही कमा रहे हैं।

गोयल ने कहा कि राहुल गांधी चुनावी परिणाम से हताश हैं, इसलिए अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। उनके लिए सोचने वाली बात है कि उनकी पार्टी को अधिक सीटें मिलती देख बाजार गिरने लगा। फिर से मोदी के नेतृत्व में सरकार बनती देख बाजार अब बढ़त की ओर है और स्थिर हो रहा है।

गोयल ने कहा कि विभिन्न प्रकार के आंकड़ों के हिसाब से बाजार अलग-अलग तरीके से प्रतिक्रिया देता है और यह दुनियाभर के बाजारों में होता है। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय बाजार का मार्केट कैप पांच लाख करोड़ डालर से अधिक का हो चला है और हमारा बाजार मार्केट कैप से लिहाज से दुनिया के पांच शीर्ष बाजारों में शामिल हो गया है। सरकारी कंपनियों के मार्केट कैप में भी चार गुना बढ़ोतरी हुई है। गोयल ने कहा कि बाजार के मार्केट कैप में बढ़ोतरी से खुदरा निवेशकों को सबसे अधिक लाभ हुआ है। म्युचुअल फंड का आकार वर्ष 2014 में 10 लाख करोड़ था, जो अब 56 लाख करोड़ तक हो चला है। भारत के हर हिस्से से खुदरा निवेशक बाजार में निवेश कर रहे हैं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप पर जवाब देते भाजपा नेता पीयूष गोयल ● प्रेट्र

- कहा, पिछले तीन-चार दिनों में भारतीय निवेशकों ने की है कमाई
- 10 वर्षों में मार्केट कैप 67 से बढ़कर 415 लाख करोड़ हुआ

### कांग्रेस-सपा के नवनिर्वाचित सांसदों के समर्थकों का हुड़दंग, 41 पर प्राथमिकी

**सहारनपुर :** लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस-सपा के नवनिर्वाचित सांसदों के समर्थकों ने जमकर हुड़दंग किया। सहारनपुर में कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद के समर्थकों ने थाने के सामने से 40 से अधिक बाइकों का काफिला हुड़दंग करते निकाला, लेकिन पुलिस ने उस दिन कोई कार्रवाई नहीं की। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने हुड़दंगी 20 युवकों को नामजद करते हुए 41 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विस्तृत >> पेज 11

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में सिविल वादों की पोषणीयता पर आदेश सुरक्षित

**प्रयागराज :** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य हैं या नहीं) के मुद्दे पर बहस पूरी होने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर लिया है। गुरुवार को भी इस प्रकरण में सुनवाई हुई, जिसमें मस्जिद पक्ष ने न्यायमित्र नियुक्त किए जाने पर आपत्ति जताई। विस्तृत >> पेज 14

## पीड़ित को हर्जाना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीड़ित को हर्जाना देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता। यदि सजा कम करने के लिए मुआवजे का भुगतान एक विकल्प बन जाता है, तो इसका आपराधिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। आपराधिक मामले में पीड़ित को मुआवजा देने का उद्देश्य उन लोगों को राहत पहुंचाना है, जिन्हें अपराध के कारण नुकसान उठाना पड़ा हो या चोट पहुंची हो।

शीर्ष अदालत ने कहा, इसका नतीजा यह होगा कि जिन अपराधियों के पास बहुत सारा पैसा होगा, वे न्यायिक प्रक्रिया से बच जाएंगे। इससे आपराधिक कार्यवाही का मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। बताते चलें कि सीआरपीसी की धारा 357 न्यायालय को दोषसिद्धि का निर्णय सुनाते समय पीड़ितों को मुआवजा देने का अधिकार देती है।

जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि पीड़ित को मुआवजा देना अभियुक्त पर लगाए गए दंड को कम करने का आधार नहीं हो सकता है। सीआरपीसी की धारा 357 का उद्देश्य पीड़ित को आश्वस्त करना है कि उन्हें आपराधिक न्याय प्रणाली में भुलाया नहीं गया है।

**दो व्यक्तियों की पांच साल की सजा को चार साल करने को दी गई थी चुनौती :** न्यायालय ने यह टिप्पणी राजेंद्र भगवानजी उमरानिया नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एक आपराधिक मामले में दो व्यक्तियों की पांच साल की सजा को घटाकर चार साल कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि दोषी पीड़ित को 2.50 लाख रुपये का भुगतान कर दें तो उन्हें चार साल की सजा भी नहीं काटनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घटना को 12 वर्ष बीत चुके हैं और दोषियों ने पहले ही पांच लाख रुपये जमा कर दिए हैं। पीठ ने कहा, हम उन्हें चार वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश देने के पक्ष में नहीं हैं।



- कहा-इससे जिन अपराधियों के पास बहुत पैसा होगा, वे न्यायिक प्रक्रिया से बच जाएंगे
- गुजरात हाई कोर्ट के फैसले पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने की टिप्पणी

### बंगाल में हिंसा बंद नहीं हुई तो अगले पांच साल के लिए केंद्रीय बल को करना पड़ेगा तैनात

**कोलकाता :** बंगाल में लगातार हिंसा पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर बंगाल सरकार हिंसा पर काबू नहीं कर पाती है तो अगले पांच साल तक के लिए प्रदेश में केंद्रीय बल को तैनात करने का निर्देश देना पड़ सकता है। ● पेज 7

### भूतपूर्व सैनिक की तलाकशुदा बेटी पेंशन की हकदार : कोर्ट

**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि पूर्व सैनिक की तलाकशुदा बेटी उस दोहरी पेंशन की हकदार है, जो उसके पिता और माता को हरियाणा राज्य में सैन्य और सिविल नौकरी में दी गई सेवाओं के मद्देनजर मिल रही थी। ● पेज 10

## दिल्ली में विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी ने बड़ा निर्णय लेते हुए एलान किया है कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव पार्टी अपने दम पर अकेले ही लड़ेगी। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आइएनडीआइए लोकसभा चुनाव के लिए था। अरविंद केजरीवाल अभी जेल में हैं, इस तानाशाही के खिलाफ हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। मालूम हो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को ही स्पष्ट कर दिया था कि लोकसभा चुनाव के लिए आप से हुआ गठबंधन खत्म हो गया है। अब जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस आप पर भी हमलावर रहेगी।

दिल्ली की सातों सीटों पर गठबंधन को मिली हार को लेकर आप ने बृहस्पतिवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कांग्रेस के साथ आप का गठबंधन खत्म करने की घोषणा की। पार्टी ने ये फैसला ऐसे समय में लिया है जब संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। उन्होंने कहा कि अब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म हो चुकी है। विकास कार्यों में भी अब तेजी लाई जाएगी। इसके लिए पार्टी ने 13 जून को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है।

गोपाल राय ने कहा कि बैठक में चुनाव और देशभर में मिले जनादेश को लेकर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाल दिया है। अब जनता के जनादेश के बाद केंद्र सरकार इस पर पुनर्विचार करेगी। बता दें कि दिल्ली में आइएनडीआइए में शामिल होकर आप ने कांग्रेस के साथ मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ा। दिल्ली के अलावा गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी गठबंधन हुआ। दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में आम आदमी पार्टी को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। पंजाब में पार्टी अकेले चुनाव लड़ी। वहां आप को तीन सीटों पर जीत हासिल हुई। गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी के अंदर निराशा फैली थी। इसके बाद भी हमारे कार्यकर्ताओं, विधायकों, पार्षदों ने एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ा है। हमने तय किया है कि जब तक अरविंद केजरीवाल जेल में हैं, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। गठबंधन के बाद भी हार पर गोपाल राय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि गठबंधन से फायदा नहीं हुआ है। गठबंधन का फायदा यह हुआ कि हार का अंतर कम हुआ है।

हार से बढ़ा आप सरकार का संकट >> पेज 4



गोपाल राय ● फाइल फोटो

- आप के वरिष्ठ नेताओं व विधायकों की बैठक में लिया गया निर्णय
- आइएनडीआइए सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए : गोपाल राय
- कांग्रेस ने भी पिछले दिनों किया था गठबंधन खत्म करने का एलान

## मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में दिखेगी 'नेबरहुड फर्स्ट' की झलक

जयप्रकाश रंजन ● जागरण

**नई दिल्ली:** नौ जून, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में एक बार फिर 'नेबरहुड फर्स्ट' की झलक दिखेगी। इस समारोह में सात पड़ोसी देशों की सरकारों के प्रमुखों के उपस्थित होने की संभावना है। देर शाम तक मिली जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना, नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को भी आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। भूटान, सेशेल्स और मारीशस के प्रधानमंत्रियों को भी आमंत्रण भेजा जा रहा है। इसके अलावा भी विदेश मंत्रालय की तरफ से कुछ और विदेशी मेहमानों को आमंत्रित किए जाने को लेकर देर शाम तक कोशिश हो रही थी।

पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह (मई, 2014) में दक्षेस संगठन के सभी सदस्य देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। उस समय पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ भी भारत आए थे। पीएम मोदी के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में भी कुछ पड़ोसी देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था। चूंकि, इस बार चुनाव के नतीजे निकलने और सरकार बनाने की स्पष्टता आने के तीन दिनों बाद ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हो रहा है, इसलिए ज्यादा विदेशी मेहमानों को आमंत्रित करने का समय नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान व चीन के अलावा दूसरे अन्य पड़ोसी देशों व हिंद महासागर में स्थित दो करीबी पड़ोसी देशों मारीशस व सेशेल्स की सरकारों के प्रमुखों को ही आमंत्रित किया गया है। यह पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह भी ध्यान रहे कि मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को चीन परस्त माना जाता है। इसके बावजूद भारत ने उन्हें आमंत्रित किया है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना पीएम मोदी के पहले के दोनों शपथ ग्रहण समारोह में भी उपस्थित थीं।

संबंधित >> पेज 14

- बांग्लादेश- नेपाल के पीएम, श्रीलंका के राष्ट्रपति पहुंच रहे भारत
- शपथ ग्रहण समारोह में सात पड़ोसी देशों के प्रमुखों को बुलाने का फैसला



बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के आने की हो चुकी है पुष्टि ●



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भी समारोह में आएंगे ●



श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी शिरकत करेंगे ●

### जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन यात्रा के लिए आमंत्रित किया



पीएम मोदी को गुरुवार को भी बधाई संदेश मिलने का सिलसिला जारी रहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक दिन पहले पीएम मोदी को बधाई दी थी। गुरुवार को उन्होंने कहा कि उनकी बात पीएम मोदी से टेलीफोन पर हुई है। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा-मैंने मोदी को भारत में नई सरकार के गठन को लेकर शुभकामना दी। हमारे बीच आगामी शांति बैठक को लेकर भी बात हुई है। हम चाहते हैं कि भारत इस बैठक में उच्च स्तर पर हिस्सा ले। मैंने पीएम मोदी को जल्द से जल्द यूक्रेन की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी मोदी को फोन कर चुनाव में जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-मेरे मित्र राष्ट्रपति जो बाइडन का फोन आने पर खुशी हुई। बधाई के उनके गर्मजोशी भरे शब्दों और भारतीय लोकतंत्र के प्रति उनकी सराहना का मैं बहुत सम्मान करता हूं। देर रात इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी पीएम मोदी से टेलीफोन पर बात की है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और उन्हें नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद आर्मीनिया के राष्ट्रपति निकोल पाशिनयान ने भी मोदी को फोन कर बधाई दी। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अलबनिजी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी मोदी को बधाई दी है। पीएम मोदी को थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने भी बधाई दी।

---

दैनिक जागरण **झंकार** जिंदगी की

गुनगुना रहे हैं भौंरे — किसका रास्ता देख रही है फूलों की घाटी

जादू की शीशी — मुंहमांगा दाम वसूलने का मजेदार किस्सा, जान कोलियर की कलम से

सोने के कन्हैया — मुगल एआजम में जिद पर क्यों अड़ गए थे के. आसिफ

पढ़ें इस रविवार

### अंदर पढ़ें

**चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर**

**नई दिल्ली :** भाजपा की अगुआई वाले राजग ने सरकार गठन की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। इस बीच रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर सात प्रतिशत पर बनी रहेगी। ● पेज 10

**कंगना रनौत को सीआइएसएफ की महिला जवान ने जड़ा थप्पड़**

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ में शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात सीआइएसएफ की महिला जवान ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। सीआइएसएफ ने आरोपित जवान को हिरासत में लेकर निलंबित कर दिया है। ● पेज 14

**इजरायल ने गाजा में किया स्कूल पर हमला, 40 की मौत**

**यरुशलम :** संघर्ष विराम की कोशिशों के बीच इजरायल ने सेंट्रल गाजा के एक स्कूल पर हवाई हमला किया है, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 73 लोग घायल हुए हैं। इजरायल का दावा है कि उसने हमास के लड़ाकों को निशाना बनाया है। वहीं, गाजा ने कहा कि हमले में संयुक्त राष्ट्र के शिविर में शरण लिए लोगों की जान गई है। ● पेज 14

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

**चंद्रबाबू की कहानी**

युवा कांग्रेस से सियासी सफर, ससुर से बगावत, हैदराबाद को आइटी हब बनाने वाले नायडू की दिलचस्प कहानी

फिल्म रिव्यू — देखें जागरण सिटी

**विश्वास.News**

भ्रामक दावे के साथ राहुल गांधी का पुराना वीडियो प्रसारित ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल ● पेज-13

आइसीसी टी20 विश्व कप 2024

आज का मैच: कनाडा vs आयरलैंड

रात 8 बजे | स्थान : न्यूयार्क

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स पर

दैनिक जागरण **सप्तरंग** मनोरंजन की दुनिया का

दम दिखाने को तैयार सितारे

मुंजया से डर लगता था : शरवरी वाघ

● जागरण सिटी

# सीएम से लेकर मंत्री–महापौर तक हारे अपना बूथ

निहाल सिंह ● जागरण

- भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों में सिर्फ बांसुरी स्वराज नहीं जीत सकीं अपना बूथ
- बूथ बचाने में सहीराम सफल, कुलदीप, महाबल, जेपी, उदितराज और सोमनाथ भी हारे अपना बूथ

**नई दिल्ली:** राजनीतिक दल चुनाव से पहले अपना बूथ सबसे मजबूत करने की बात कहते हैं। कार्यकर्ताओं से लेकर नेताओं को अपने-अपने बूथ को जीतने के लिए भी कहा जाता है, लेकिन आप के राष्ट्रीय संयोजक, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव और आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत दिल्ली के मंत्री और स्वयं प्रत्याशी अपना बूथ तक नहीं बचा पाए।

भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो नई दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव जीतीं प्रत्याशी बांसुरी स्वराज दिल्ली की सातों सीट जीतकर आए सांसदों में से एक हैं, जो अपना बूथ तक जीत नहीं पाईं। आप के सहीराम को छोड़कर आप-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी अपना बूथ तक हार गए हैं। बूथ हारने वालों में दिल्ली की महापौर शैली ओबेराय से लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और अतिशी तक का नाम शामिल है।

### तीनों प्रदेश अध्यक्ष में से भाजपा अध्यक्ष ही जीते अपना बूथ

लोकसभा चुनाव में सिर्फ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष ही अपना बूथ जीत पाए हैं। जबकि कांग्रेस और आप के प्रदेश अध्यक्ष अपना बूथ तक हार गए हैं। आप के प्रदेश संयोजक और दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से विधायक है। वह 180 नंबर बूथ के मतदाता हैं। यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी को मात्र 108 वोट मिले, जबकि भाजपा के प्रत्याशी को 346 वोट मिले। यानी गोपाल राय अपने बूथ से ही गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में विफल रहे। इसी प्रकार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव बादली विधानसभा के 51 नंबर बूथ के मतदाता हैं। यहां पर कांग्रेस के प्रत्याशी को 142 तो भाजपा के प्रत्याशी को 154 वोट मिले। वहीं, अपना बूथ जीतने में सफल रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा त्रिलोकपुरी विधानसभा में 109 बूथ के मतदाता हैं। यहां पर आप के प्रत्याशी को 166 तो भाजपा के प्रत्याशी को 365 वोट मिले। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अपना बूथ अच्छे अंतर से जीते।

बल्लीमारान से विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन को अपना बूथ जीतने में सफल प्राप्त हुई, जबकि परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी, क्योंकि चुनाव आयोग की ओर से जो डाटा जारी किया गया है, उसमें उनके बूथ का डाटा ही उपलब्ध नहीं कराया गया है।

बूथ अनुसार आंकड़ों की बात करें तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वैसे तो नई दिल्ली से विधायक हैं, लेकिन उनका आवास सिविल लाइंस के फ्लैग स्टाफ रोड पर स्थित हैं। यह क्षेत्र चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 112 के अंतर्गत आता है। यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल को मात्र 112 वोट ही मिल सके, जबकि भाजपा के प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल को 283 वोट अपने बूथ पर मिले हैं। इसी प्रकार दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज की बात करें तो वह ग्रेटर कैलाश से तीसरी बार से विधायक चुने जा रहे हैं, उनकीबूथ संख्या 83 है। इस बूथ पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती को को 231 वोट मिले, जबकि भाजपा की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को 496 वोट मिले हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की बात की जाए, तो वह कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उनकी बूथ संख्या 78 है। इस बूथ पर आप प्रत्याशी सोमनाथ को महज 211 तो भाजपा प्रत्याशी को 419 वोट प्राप्त हुए हैं।


## लोकसभा चुनाव में अपना ही बूथ हार जाने वाले आप, कांग्रेस और भाजपा के प्रमुख नेता

**अरविंद केजरीवाल** (आप राष्ट्रीय संयोजक व सीएम दिल्ली)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 804 |
| गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी को वोट मिले | 283 |
| भाजपा प्रत्याशी को वोट मिले | 497 |

**गोपाल राय** (मंत्री व प्रदेश संयोजक आप)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 467 |
| कांग्रेस प्रत्याशी को मिले वोट | 108 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 346 |

**देवेंद्र यादव** (प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 307 |
| कांग्रेस प्रत्याशी को मिले वोट | 142 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 154 |

**आतिशी** (मंत्री)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 640 |
| आप प्रत्याशी को वोट मिले | 211 |
| भाजपा प्रत्याशी को वोट मिले | 419 |

**सौरभ भारद्वाज** (मंत्री)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 740 |
| आप प्रत्याशी को वोट मिले | 231 |
| भाजपा प्रत्याशी को वोट मिले | 496 |

**शैली ओबेराय** (आप, पार्षद व महापौर, दिल्ली)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 664 |
| आप प्रत्याशी को मिले वोट | 169 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 487 |

**महाबल मिश्रा** (आप प्रत्याशी, पश्चिमी दिल्ली सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 818 |
| स्वयं को मिले वोट | 362 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 433 |

**जय प्रकाश** (कांग्रेस प्रत्याशी, चांदनी चौक सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 322 |
| स्वयं को मिले वोट | 110 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 209 |

**बांसुरी स्वराज** (भाजपा प्रत्याशी, नई दिल्ली सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 357 |
| स्वयं को मिले वोट | 161 |
| आप प्रत्याशी को मिले वोट | 188 |

**सोमनाथ भारती** (आप प्रत्याशी, नई दिल्ली सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 830 |
| स्वयं को मिले वोट | 305 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 515 |

**कुलदीप** (आप प्रत्याशी, पूर्वी दिल्ली सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 691 |
| स्वयं को मिले वोट | 268 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 404 |

**उदित राज** (कांग्रेस प्रत्याशी उत्तर-पश्चिमी सीट)



| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 752 |
| स्वयं को मिले वोट | 263 |
| भाजपा प्रत्याशी को मिले वोट | 452 |

## आगामी चुनावों से पहले संगठन और मजबूत करना होगा : देवेंद्र यादव

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव होने के बाद पहली बार दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने वरिष्ठ नेताओं के बृहस्पतिवार को बैठक की। पार्टी कार्यालय में दिल्ली के मौजूदा हालात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा और पिछले चुनावों के मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। आगामी चुनावों से पहले हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देना होगा, जिसके लिए प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को सक्रियता बढ़ानी होगी। पार्टी की विचारधारा को आगे रखते हुए लोगों में पहचान बनानी होगी। लोगों को बताना होगा कि कांग्रेस ही भविष्य में उनके काम आएगी, क्योंकि कांग्रेस सरकार ने 15 वर्षों के शासनकाल में दिल्ली में जो विकास किया, वह 2014 के बाद लगभग रुक गया है। उन्होंने कहा कि जिला और ब्लाक अध्यक्षों को अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर हर बूथ पर काम करना होगा। कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में महंगाई, बेरोजगारी, भाजपा सरकार की 10 साल की नाकामियों, गलत नीतियों को उजागर करेंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व सांसद रमेश कुमार, पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ, डा नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक चौ मतीन अहमद एवं हरी शंकर गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# हार से बढ़ा आप सरकार का संकट

## कोर्ट से भी सीएम को राहत नहीं, एलजी कह चुके हैं, जेल से नहीं चलेगी सरकार

संतोष कुमार सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली:** केंद्र में न आइएनडीआइ गठबंधन की सरकार बनी और न अदालत से अरविंद केजरीवाल को राहत मिली। दोनों तरफ से निराशा मिलने के बाद अब केजरीवाल के सामने दिल्ली में अपनी सरकार बचाने की चुनौती है। अभी तक वह जेल से सरकार चलाने पर अड़े हुए हैं। वहीं, उपराज्यपाल वीके सक्सेना स्पष्ट कर चुके हैं कि वह जेल से दिल्ली सरकार नहीं चलने देंगे। दिल्ली में संवैधानिक संकट जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर वह सख्त कदम उठाने के भी संकेत दे चुके हैं। इससे आप सरकार के भविष्य को लेकर कयास लगने लगे हैं।

ईडी ने 21 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद भी उन्होंने पद नहीं छोड़ा। आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे। वहीं, भाजपा उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री के जेल में होने से दिल्ली का विकास बाधित हो रहा है। महापौर का चुनाव नहीं हो सका है। दिल्लीवासियों के हित में उन्हें अविलंब त्यागपत्र देकर किसी और विधायक को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव



सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल जाने पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान संभाली थी, अब सवाल ये है यदि सरकार पर संवैधानिक संकट आया तो क्या सुनीता केजरीवाल सरकार का चेहरा होंगी ● जागरण आर्काइव

ओमेश सहगल का मानना है कि मुख्यमंत्री के जेल में होने से सामान्य प्रशासनिक कार्य पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, परंतु बड़े निर्णय नहीं हो सकते। यदि लंबे समय तक वह जेल में रहेंगे तो निश्चित रूप से दिल्ली का विकास व अन्य कार्य बाधित होंगे। महत्वपूर्ण फाइलें मुख्यमंत्री की अनुशंसा से उपराज्यपाल के द्वारा पास की जाती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि केजरीवाल को यह उम्मीद रही होगी कि केंद्र में आइएनडीआइ गठबंधन की सरकार बनेगी तो उन्हें राहत मिल जाएगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से भी इन्कार कर दिया है। इस कारण आने वाले दिनों में उनकी सरकार की परेशानी बढ़ेगी। आप सरकार को बचाने के लिए उन्हें त्यागपत्र देकर किसी और को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपनी होगी। उनके सामने दो विकल्प हैं, या तो वह अपनी पत्नी को अपना उत्तराधिकारी बनाएंगे या फिर अपने किसी विधायक को। भाजपा यह आरोप लगाती रही है कि केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते हैं। इसके लिए वह पार्टी में सहमति बनाने का प्रयास कर रहे हैं और इसे लेकर पार्टी में असंतोष भी है। पति के जेल जाने के बाद से सुनीता केजरीवाल राजनीति में सक्रिय हुई हैं। 31 मार्च को आइएनडीआइए की रामलीला मैदान में हुई रैली में उनकी राजनीतिक पारी की शुरुआत हुई थी। पति की अनुपस्थिति में वह लोकसभा चुनाव प्रचार की कमान भी संभाल रही थीं। बृहस्पतिवार को सीएम की अनुपस्थिति में उनके आवास पर विधायकों की बैठक हुई। ऐसे में, भाजपा के आरोप को बल मिलता है।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार का विरोध कर सत्ता तक पहुंचने वाले केजरीवाल की सच्चाई जनता के सामने आ गई है। भ्रष्टाचार के आरोप में वह जेल में हैं। अपने बचाव के लिए वह उन लोगों की शरण में चले गए हैं जिन्हें कभी भ्रष्टाचारी और परिवारवाद बढ़ाने का आरोप लगाकर उनका विरोध करते थे। अब न उन्हें भ्रष्टाचार से परहेज है और न परिवारवाद से। यही कारण है कि भ्रष्टाचार में जेल जाने के बाद अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। दिल्ली के हित में उन्हें अपने किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

# सोरेन की तरह केजरीवाल को नहीं मिली सहानुभूति

संतोष कुमार सिंह ● जागरण



हेमंत सोरेन ● जागरण आर्काइव

- जेल से सरकार चलाने की बात और प्रचार के लिए जेल से बाहर आना केजरीवाल को पड़ा भारी
- चुनाव से पहले दोनों को ईडी ने किया था गिरफ्तार, सोरेन ने सीएम पद से दे दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा था। आम आदमी पार्टी (आप) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) दोनों ने ही अपने नेताओं की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए सहानुभूति लेने की कोशिश की। जहां सोरेन की पार्टी इसमें सफल रही, वहीं आप को निराशा ही हाथ लगी। राजनीतिक जानकार इसके लिए केजरीवाल का गिरफ्तारी के बावजूद पद न छोड़ने और अंतरिम जमानत पर चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आने को वजह मानते हैं।

सोरेन के पक्ष में सहानुभूति लहर का नतीजा यह रहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच सीटों पर आइएनडीआइए प्रत्याशियों को जीत मिली। सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी विधानसभा उपचुनाव जीत गईं। वहीं, आप को न ही दिल्ली में कोई सीट मिली और न ही प्रदर्शन में कोई सुधार हुआ। चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी में ही सोरेन को भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन करते हुए गिरफ्तारी से पहले अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। अगले माह ही चुनाव की घोषणा के बाद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उन्होंने मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। पार्टी ने भी घोषणा की कि जेल से सरकार चलाएंगे।


केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने के लिए आप ने अपना चुनाव प्रचार जेल का जवाब वोट से...नारे पर केंद्रित रखा। जनता की सहानुभूति मिले, इसके लिए उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को भी चुनाव प्रचार में उतारा गया। इससे दिल्लीवासियों में उनके प्रति सहानुभूति दिखने भी लगी थी। इस बीच, अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। बाहर आने पर केजरीवाल ने दिल्ली में आप और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए कई रोड शो व चुनावी कार्यक्रम किए। वह यह कहकर वोट मांग रहे थे कि यदि दिल्लीवासियों ने उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान किया तो उन्हें वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। पंजाब में भी उन्होंने आप प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया, लेकिन नतीजे आए तो उनके पक्ष में सहानुभूति दिखाई नहीं दी। दिल्ली में न तो उनकी पार्टी को कोई सीट मिली और न ही गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को कोई लाभ हुआ। पंजाब में भी आप का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। वहां सरकार रहने के बावजूद आप 13 में से मात्र तीन सीटें ही जीत सकी।

एक जैसी परिस्थिति होने के बाद भी सोरेन की तरह केजरीवाल जनता की सहानुभूति हासिल नहीं कर सके, इसका कारण जेल से सरकार चलाने की उनकी जिद को माना जा रहा है। इसी वजह से दिल्ली में महापौर का चुनाव सहित कई जरूरी काम नहीं हो सके। भाजपा इस मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाकर जनता को यह बताने में सफल रही कि मुख्यमंत्री को दिल्लीवासियों की चिंता नहीं है। अंतरिम जमानत मिलने के बाद जनता के बीच उनके पहुंचने से सहानुभूति और कम होती चली गई। वहीं, सोरेन को अंतरिम जमानत नहीं मिलने से झारखंड के लोगों, विशेषकर आदिवासियों में उनके प्रति सहानुभूति और बढ़ गई।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्लीवासियों ने बता दिया है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल भ्रष्ट हैं। जेल का जवाब वोट से देने की बात करते थे, लेकिन जनता ने उन्हें जेल का जवाब वोट की जगह चोट से दिया।

# नवनिर्वाचित सांसदों को एलजी ने दिया विकास का 'मंत्र'

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली के सातों नवनिर्वाचित भाजपा सांसदों ने बृहस्पतिवार को राजनिवास में एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में चल रहे जल संकट सहित और भी कई मुद्दों पर चर्चा की। एलजी ने सांसदों को दिल्ली के विकास के लिए 'मंत्र' भी दिया। राजनिवास अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने शहर के सभी नए लोकसभा सांसदों को बधाई दी और उनके लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी भी की। राज निवास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली से लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने एलजी से मुलाकात की और भाजपा सांसदों के साथ सक्सेना की तस्वीर साझा की। दक्षिणी दिल्ली से निर्वाचित रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि बैठक में दिल्ली में जल संकट और कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा सांसदों को दिल्ली के विकास के लिए सक्सेना द्वारा मार्गदर्शन भी दिया गया। दक्षिणी दिल्ली से निर्वाचित सांसद बिधूड़ी विधानसभा पहुंचे तो विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल और भाजपा विधायकों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।



राजनिवास पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात करते नवनिर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज, हर्ष मल्होत्रा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, प्रवीन खंडेलवाल, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया ● सौ: राजनिवास

# 'भाजपा को अनुसूचित जाति और सिखों का समर्थन मिला'

**राज्य ब्यूरो, जागरण. नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में भाजपा को अनुसूचित जाति एवं सिख मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला है। दिल्ली में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 में से नौ विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त मिली। शेष तीन विधानसभा क्षेत्र में छोटे अंतर से भाजपा पिछड़ी है। यह दावा दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एवं सिख बहुल विधानसभा क्षेत्रों में जीत का लक्ष्य रखकर विधानसभा चुनाव की तैयारी की जाएगी।



वीरेंद्र सचदेवा ● जागरण

उन्होंने कहा कि आइएनडीआइ गठबंधन ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली आरक्षित सीट पर पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता उदित राज को उतारा था और वह 2.90 लाख से अधिक मतों से हार गए। पूर्वी दिल्ली सीट पर कोंडली से आप विधायक कुलदीप कुमार मैदान में थे और वह अपने विधानसभा क्षेत्र में ही हार गए। भाजपा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्र बवाना, मंगोलपुरी, मादीपुर करोल बाग, पटेल नगर, देवली, गोकलपुर, त्रिलोकपुरी एवं कोंडली में बढ़त मिली, अंबेडकर नगर में मात्र 903 वोट से भाजपा पिछड़ गई। सीमापुरी एवं सुल्तानपुरी में पहले की तुलना में कम मतों से भाजपा पिछड़ी है। सिख बहुल कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 12,149 और हरि नगर में 9,846 मतों की बढ़त मिली।

प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि अनुसूचित समाज नरेन्द्र मोदी के साथ है। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा एवं अन्य नेता मौजूद रहे।

### जाति, धर्म आधारित राजनीति की निंदा करते हैं: आप

आम आदमी पार्टी ने कहा कि हम जाति या धर्म पर आधारित किसी भी राजनीति की कड़ी निंदा करते हैं। हम समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे सभी को लाभ हो। मोदी सरकार पूरी तरह से गरीब विरोधी है और लोकसभा में बहुमत हासिल करने में उनकी विफलता इस बात को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। भाजपा सरकार ने गरीबों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया, खासकर हाशिये पर रहने वाले समुदायों को निशाना बनाया। हम भाजपा को करारा जवाब देने के लिए इस देश के लोगों के आभारी हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे आरक्षण को खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन नहीं कर सकते है।

# अगले छह दिन तक गर्मी से राहत नहीं

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** बुधवार रात चली तेज आंधी और वर्षा का असर बृहस्पतिवार को भी देखने को मिला। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। हालांकि अब अगले छह दिन तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। तापमान भी सामान्य से ज्यादा रहेगा।

बुधवार रात को बदले मौसम से बृहस्पतिवार को वायुमंडल में नमी की मात्रा में इजाफा हुआ और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लिहाजा, औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन चढ़ने के साथ तेज धूप निकली। अधिकतम तापमान में तेजी से इजाफा हुआ और औसत अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 74 से 22 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली में अगले छह दिनों के बीच हल्के बादलों की आवाजाही होगी और धूल भरी हवाओं के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है, लेकिन अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।



नरेला में भीषण गर्मी में सिर पर गमछा ओढ़कर जाता युवक ● हरीश कुमार

उधर, धूल भरी आंधी के चलते बृहस्पतिवार सुबह के समय दिल्ली का एक्यूआइ 200 से ऊपर यानी 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया था। दिन के समय वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 181 अंक दर्ज किया गया। इस स्तर की हवा को 'मध्यम' श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है।

# फर्जी मुठभेड़ पर स्पेशल सेल से मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस के लिए कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 16 मई की रात को फर्जी मुठभेड़ में मारे गए अजय की मौत के मामले में स्पेशल सेल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और दस्तावेज के साथ विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली पुलिस को छह सप्ताह के अंदर आयोग को दस्तावेज सौंपने होंगे।

आयोग ने पुलिस उपायुक्त (बाहरी-उत्तरी) और जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर-पश्चिम) को भी नोटिस जारी किया है, जो मामले में अपनी-अपनी जांच कर रहे हैं। यह मामला तब विवादास्पद हो गया, जब आरोप लगाया गया कि अजय को राजस्थान के माउंट आबू से स्पेशल सेल की ''काउंटर इन्वेस्टिगेशन यूनिट'' (सीआईयू) के पुलिसकर्मियों ने मुठभेड़ में मार गिराने से तीन दिन पहले अगवा किया था। इसके बाद उसे उत्तर-पश्चिम दिल्ली में एक सुनसान जगह पर लाया गया। यहां उसे पहले शराब पिलाई गई और फिर उसे गोली मार दी गई। हालांकि, स्पेशल सेल के अधिकारी ने इस तरह के आरोपों से इन्कार किया है और दावा किया है कि मुठभेड़ ''वास्तविक'' थी और उन्होंने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी।



अजय

**ये देने होंगे दस्तावेज:** सूत्रों ने बताया कि आयोग ने मुठभेड़ से पहले और बाद में पुलिसकर्मियों के आने-जाने के समय की सामान्य डायरी प्रविष्टि जैसे विवरण मांगे हैं। उन्होंने मुठभेड़ में कथित रूप से घायल हुए कर्मियों का चिकित्सा-कानूनी प्रमाण पत्र भी मांगा है। वाहनों का जीपीएस डाटा भी मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि एनएचआरसी ने घटनास्थल का साइट प्लान, मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों और मृतक की स्थिति और पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट भी मांगी है। पुलिस को पोस्टमार्टम की रिकार्डिंग जमा करनी होगी। एनएचआरसी मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट भी चाहता है। अजय के परिवार के बयानों के अलावा, पुलिस को अजय के रिश्तेदार द्वारा फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाने वाली शिकायत पर आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट भी देनी होगी। एनएचआरसी ने स्वतंत्र गवाहों के विवरण और बयान और जांच की स्थिति मांगी है।

### जानिए क्या है पूरा मामला

अजय हरियाणा के रोहतक जिले के रिटोली गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ रिटोलिया के पड़ोस में रहता था। पुलिस ने दावा किया है कि वह हरियाणा में एक हत्या के अलावा पश्चिमी दिल्ली में सेकेंड हैंड कार डीलर की दुकान पर गोलीबारी की वारदात करने में भी शामिल था। भाऊ और उसके साथियों ने इंटरनेट मीडिया हैंडल के जरिये एक बयान जारी कर आरोप लगाया था कि अजय की हत्या की गई है। पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ दिखाई है। गौरतलब है कि यह मुठभेड़ रोहिणी के सेक्टर-29 में एक सुनसान जगह पर काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट की ओर से गई थी, जिसमें अतिरिक्त डीसीपी मनीषी चंद्रा, एसीपी राहुल विक्रम, इंस्पेक्टर निशांत दहिया और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। मुठभेड़ के बाद विशेष आयुक्त आरपी उपाध्याय भी मौके पर गए थे। इस वक्त पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा इस मामले में की जा रही जांच की निगरानी कर रहे हैं। मौके पर एक होंडा सिटी कार मिली थी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर T012UP2024 है, जो अजय की मानी जा रही है। पुलिस की स्कार्पियो एसयूवी क्षतिग्रस्त पाई गई, जिसके सामने की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान और साइड विंडो का कांच टूटा हुआ था। पुलिस को घटनास्थल पर 15 खाली कारतूस के खोखे और एक नौ एमएम की पिस्टल मिली थी। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

********

## आज का मौसम

शुक्रवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने, आंधी और हल्की वर्षा होने की भी संभावना है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | | |
| 7 जून | 43.0 | 29.0 |
| 8 जून | 43.0 | 29.0 |
| नोएडा | | |
| 7 जून | 42.0 | 29.0 |
| 8 जून | 42.0 | 28.0 |
| गुरुग्राम | | |
| 7 जून | 43.0 | 27.0 |
| 8 जून | 43.0 | 27.0 |

डिग्री सेल्सियस में




## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 125 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 136 | मध्यम |
| **डीटीयू** | | |
| आज का अनुमान | 220 | खराब |
| बृहस्पतिवार | 210 | खराब |
| **आइटीओ** | | |
| आज का अनुमान | 121 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 112 | मध्यम |
| **वजीरपुर** | | |
| आज का अनुमान | 161 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 151 | मध्यम |
| **बवाना** | | |
| आज का अनुमान | 181 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 172 | मध्यम |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 182 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 172 | मध्यम |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 157 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 148 | मध्यम |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 261 | खराब |
| बृहस्पतिवार | 252 | खराब |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 183 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 174 | मध्यम |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 190 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 180 | मध्यम |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

दैनिक जागरण संगिनी — जिंदगी के हर पहलू की

दे रहीं रोजगार — ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं भी बन रही हैं उद्यमी

वो आ रही है — अभिनेत्री निया शर्मा का नया अंदाज भा रहा है दर्शकों को

प्यार में भेजे थे — अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को क्या मिला था पहले उपहार में

पढ़ें इस शनिवार

# डब्ल्यूटीपी से मिल रहा क्षमता से अधिक पेयजल

## हिमाचल से मिलने वाले जल के उपयोग पर उठा प्रश्न, पानी की बर्बादी पर दिल्ली सरकार गंभीर नहीं

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के लिए अतिरिक्त जल देने का निर्देश दिया है। इसे दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की जीत बता रही है। पर यह प्रश्न भी उठ रहा है कि दिल्ली के सभी जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) अपनी क्षमता से अधिक जल शोधन कर रहे हैं तो अतिरिक्त जल का सदुपयोग किस तरह किया जाएगा? दिल्ली में जल संकट का प्रमुख कारण जल की बर्बादी है। इसे रोकने के लिए न तो सरकार गंभीर है और न लोग।

दिल्ली के नौ डब्ल्यूटीपी की कुल जल शोधन क्षमता 821 एमजीडी है। बुधवार को इन सभी डब्ल्यूटीपी से क्षमता से अधिक 868.05 एमजीडी उपचारित जल मिला है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार इन दिनों सभी डब्ल्यूटीपी और रेनीवेल व ट्यूबवेल से एक हजार एमजीडी से अधिक पानी मिल रहा है। इसके बावजूद दिल्ली में पानी की समस्या बनी हुई है। माडल टाउन रेजिडेंट सोसाइटी अध्यक्ष संजय गुप्ता का कहना है कि डेढ़ वर्ष से उनके क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या है। एक समय पानी आता है और वह भी दूषित। अब शिकायत करने पर जल बोर्ड के अधिकारी यह कहकर जिम्मेदारी से भाग रहे हैं कि जल संकट को देखते हुए एक समय पानी आपूर्ति का निर्देश दिया गया है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन व सीवर लाइन से परेशानी और बढ़ रही है। नार्थ दिल्ली रेजिडेंट्स वेलफेयर फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक भसीन ने कहा कि जगह-जगह पानी की बर्बादी हो रही है। आजाद मार्केट के पास पिछले कई दिनों से पाइप लाइन से पानी बर्बाद हो रहा है। जल मंत्री आतिशी ने 29 मई को पानी की बर्बादी करने वालों पर दो हजार रुपये का जुर्माना करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि पाइप के जरिये गाड़ी धोना, पानी के टैंक का ओवरफ्लो होना, घरेलू पानी के कनेक्शन के जरिये व्यवसायिक प्रयोग करना या फिर निर्माण स्थलों पर इस्तेमाल करना पानी की बर्बादी माना जाएगा। पानी बर्बादी रोकने के लिए दो सौ टीम पूरी दिल्ली में तैनात करने की बात कही गई थी, लेकिन जमीन पर यह नहीं दिख रही है। जल बोर्ड कोई जानकारी भी नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसी घोषणा सिर्फ गुमराह करने के लिए होती है।

स्वागतयोग्य आदेश » संपादकीय



बारापुला फ्लाईओवर के नीचे लोधी रोड श्मशान घाट के सामने जल बोर्ड की लीकेज पाइपलाइन से निकलते पानी से नहाता युवक • जागरण आर्काइव

**दिल्ली के जल उपचार संयंत्रों की क्षमता और बुधवार को उपलब्ध पेयजल**

| डब्ल्यूटीपी | क्षमता (एमजीडी) | उपलब्ध पेयजल (एमजीडी) |
|---|---|---|
| हैदरपुर | 216 | 241.67 |
| सोनिया विहार | 140 | 141.44 |
| वजीराबाद | 131 | 134.16 |
| भागीरथी | 110 | 112.91 |
| चंद्रावल | 94 | 99.65 |
| द्वारका | 50 | 52.01 |
| नांगलोई | 40 | 44.24 |
| ओखला | 20 | 21.93 |
| बवाना | 20 | 20.04 |
| कुल | 821 | 868.05 |

इसके साथ ही रेनीवेल एवं ट्यूबवेल से 135 एमजीडी पानी मिल रहा है। इस तरह से दिल्ली में बुधवार को 1003.05 एमजीडी पेयजल उपलब्ध है।

**कई माध्यमों से दिल्ली को उपलब्ध जल**

| माध्यम | आवंटन (एमजीडी) | उपलब्धता (एमजीडी) |
|---|---|---|
| दिल्ली सब ब्रांच | 178 | 205 |
| कैरियर लाइन नहर | 369 | 253 |
| यमुना | शून्य | 155 |
| ऊपरी गंगा नहर | 254 | 257 |

वजीराबाद जलाशय का सामान्य स्तर 674.5 फीट रहना चाहिए, लेकिन पिछले कई दिनों से यह लगभग 671 फीट है।

### जल संकट दूर करने को राजनीति से ऊपर उठकर काम करें : यादव

**राब्यू, जागरण • नई दिल्ली:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पेयजल किल्लत पर चिंता जताई है। पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर पेयजल संकट से निपटने के लिए काम करना चाहिए।

आगे पढ़ें

दो दिन में 2,900 अंक से ज्यादा बढ़ा सेंसेक्स »10

मई में शाकाहारी थाली की लागत नौ प्रतिशत बढ़ी »10

चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर »10

मई के दौरान पांच प्रतिशत बढ़ी घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या »10







# कोर्ट का आदेश दिल्लीवासियों की जीत : आतिशी

- सचदेवा ने कहा, टैंकर माफिया के साथ भ्रष्टाचार कर रहे हैं आप नेता



आतिशी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से हिमाचल प्रदेश सरकार को दिए गए निर्देश का जल मंत्री आतिशी ने स्वागत किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कहा कि इस गंभीर जल संकट के दौर में दिल्ली के लोगों के साथ खड़ा होने के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद। समस्या के समाधान के लिए सभी के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिल्ली के लोगों और उनके पानी के अधिकार की जीत है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को अधिक जल देने का निर्देश दिया है। पिछले लगभग एक माह से दिल्ली में जल संकट है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी भाजपा शासित हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर अतिरिक्त पानी की मांग कर रही थीं। उन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन के साथी कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी की मांग नहीं की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को अतिरिक्त पानी देने के लिए कहा है।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा दिल्ली में जल संकट आप सरकार की गंदी राजनीति के कारण है। यह सरकार टैंकर माफिया को बढ़ावा दे रही है। टैंकर माफिया के साथ मिलकर आप नेता पानी बेच रहे हैं। दिल्ली में पानी की चोरी और बर्बादी हो रही है। यदि समय रहते समर एक्शन प्लान बना उसे सही तरह से लागू किया जाता तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती।

# संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों पर चलाया जाएगा केस

- एलजी ने छह के खिलाफ अभियोजन को दी मंजूरी
- संसद में प्रवेश कर स्मोक कैनिस्टर फेंकने का है आरोप

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** एलजी वीके सक्सेना ने 13 दिसंबर 2023 को संसद में हुए हमले के छह आरोपितों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोजन को मंजूरी दे दी है। इन आरोपितों के नाम मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम रानोलिया, ललित झा और महेश कुमावत हैं। इन सभी पर संसद में अवैध रूप से प्रवेश करने और कार्यवाही के दौरान स्मोक कैनिस्टर फेंकने का आरोप है।

मामले में दिल्ली पुलिस ने एलजी से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। एलजी जोकि इसके लिए सक्षम प्राधिकारी हैं, ने रिकार्ड पर पर्याप्त सबूत होने के बाद, इस मामले में अभियोजन की मंजूरी दी थी।

समीक्षा समिति (डीओपी, तीस हजारी) ने 30 मई 2024 को जांच एजेंसी द्वारा जुटाए गए सबूतों की जांच के आधार पर इस मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई थी। इसके बाद समीक्षा समिति ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला बनता है।

मालूम हो कि दिल्ली पुलिस ने 14 दिसंबर 2023 को लोकसभा में सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर संख्या 142/23 दर्ज की थी। इसमें आइपीसी की धारा 186/353/452/153/34/120बी और यूएपीए की धारा 13/16/18 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच बाद में संसद मार्ग पुलिस स्टेशन से पीएस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को स्थानांतरित कर दी गई थी। जांच के दौरान उपरोक्त छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। वर्तमान में ये सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

- आचार संहिता हटने के साथ मिलेगी थमी विकास परियोजनाओं को रफ्तार
- एक जुलाई से चेक से संपत्तिकर नहीं लेगा निगम
- कार के अंदर मिला युवक का शव, खुदकुशी की आशंका
- बदहाल है सफाई व्यवस्था, शिकायतों का हो प्राथमिकता पर निदान: डा. शैली ओबेराय

जागरण सिटी » पर पढ़ें







# दिल्ली की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी 500 इलेक्ट्रिक बसें

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब विकास कार्य फिर से रफ्तार पकड़ेंगे। डीटीसी के बेड़े में नई इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही शामिल होंगी। आगामी दो महीने में डीटीसी को 500 इलेक्ट्रिक बसें मिलने की संभावना है। इन बसों के दिल्ली की सड़कों पर आने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। अब तक डीटीसी को 1300 इलेक्ट्रिक बसें मिल चुकी हैं। बसों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों की ओर से 500 बसें 12 मीटर लंबाई वाली और 1,040 छोटी बसें मिलनी हैं।

> **500** इलेक्ट्रिक बसें आगामी दो महीनों में राजधानी को मिलने की संभावना है

लोकसभा चुनाव के दौरान बसों की आपूर्ति की रफ्तार धीमी हो गई थी। अब डीटीसी अधिकारियों का कहना है कि जून और जुलाई में तकरीबन 500 बसें मिलने की उम्मीद है। इसके लिए आपूर्तिकर्ता कंपनी के अधिकारियों से बात की गई है। कंपनी के अधिकारियों ने डीटीसी के अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि जैसे-जैसे बसों की उपलब्धता बनती रहेगी, उनकी आपूर्ति राजधानी में कर दी जाएगी। बसों के मिलने से पहले डिपो में चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं।

# सुपरटेक के चेयरमैन को मिली नियमित जमानत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** पटियाला हाउस कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में सुपरटेक के चेयरमैन और प्रमोटर आरके अरोड़ा को नियमित जमानत दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जंगाला ने अरोड़ा को राहत देते हुए कहा कि उनके मुकदमे से बचने या जांच को प्रभावित करने की कोई संभावना नहीं है। कोर्ट ने उन्हें एक लाख के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानती पर जमानत दे दी है। आरके अरोड़ा को पिछले साल जून में 700 करोड़ के मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड और उसकी समूह कंपनियों और अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी की थीं।

## ट्रेडमार्क और कॉपीराइट सूचना




आम जनता और सभी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री पंकज जैन, 1/7200, शिवाजी पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 Adhesives के लिए ट्रेडमार्क ELFY और इसके उपर दिखाये गये लेबल/पैकेजिंग के ट्रेडमार्क एक्ट और कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत रजिस्टर्ड मालिक हैं एवं उन्होंने ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन के संबंध का एक मुकदमा CS (Comm) 429/2024 M/s. Instachip Enterprises, Delhi और M/s. R.S. Traders, Faridabad के विरुद्ध, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दायर किया है।

माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए अपने आदेश दिनांक 28.05.2024 के तहत M/s. Instachip Enterprises की मालिक सुश्री सुलेहा के बयान को न्यायालय के रिकॉर्ड पर लिया और आदेश दिया की वह ट्रेडमार्क ELFY या किसी अन्य भ्रामक ट्रेडमार्क/लेबल/पैकेजिंग जो उपर दिखाये गये लेबल/पैकेजिंग से मिलती हो, का उपयोग नहीं करेंगी क्योंकि यह हमारे मुवक्किल का रजिस्टर्ड कॉपीराइट है।

इस प्रकार सभी व्यापारियों को विनम्रतापूर्वक आगाह किया जाता है कि वे हमारे मुवक्किल के ELFY Adhesives उत्पादों जो की ELFY PRIME PRODUCTS PRIVATE LIMITED के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं, को छोड़कर किसी अन्य के उत्पादों को न बेचें। यदि हमारे मुवक्किल को किसी व्यापारी द्वारा उल्लंघनकारी उत्पादों को बेचने की जानकारी मिलती है तो ऐसे व्यापारी के खिलाफ कानून के तहत उचित कदम उठाये जायेंगे।

Praver Sharma, Advocate
O. P. SHARMA BROTHERS, Advocates
236, Chandni Chowk, Fatehpuri, Delhi 110006
Phone: 9868262721 Email: info@indiantm.com






# जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 10 को

तृतीय पृष्ठ से आगे

हिमाचल को अपने पास उपलब्ध अतिरिक्त पेयजल को छोड़ने पर कोई आपत्ति नहीं है और वह इसके लिए तैयार है। इसके बाद पीठ ने हिमाचल प्रदेश को अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया। पीठ अब अगली सुनवाई 10 जून को करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1994 में दिल्ली समेत पांच राज्यों का पानी बंटवारे को लेकर समझौता हुआ था, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश करीब 260 क्यूसेक पानी दिल्ली को भाखड़ा चैनल के माध्यम से हरियाणा के जरिये लगातार दे रहा है। इसके बाद वर्ष 2019 में हिमाचल से दिल्ली का पानी को लेकर एक और समझौता हुआ, जिसके तहत हिमाचल को दिल्ली को हरियाणा के जरिये ही 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देना था। लेकिन इस समझौते के पांच साल बाद भी दिल्ली को ये पानी अब तक नहीं मिला, क्योंकि हरियाणा का कहना है कि हिमाचल इस पानी का खुद इस्तेमाल कर रहा है और वो दिल्ली के लिए इसे हरियाणा को नहीं दे रहा है। इसकी शिकायत हरियाणा ने अपर यमुना बोर्ड में की थी, जिसके बाद विवाद हो गया और उसका अब तक निपटारा नहीं हो पाया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट का आदेश किसी समझौते का पालन कराने को नहीं, बल्कि तात्कालिक तौर पर दिल्ली को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर है।

# कोलकाता से गाजियाबाद के लिए रोज संचालित होगी उड़ान

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता :** एअर इंडिया की सहायक कंपनी और टाटा समूह का हिस्सा एअर इंडिया एक्सप्रेस अगस्त से कोलकाता और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हिंडन हवाई अड्डे के बीच रोजाना सीधी उड़ानें संचालित करेगी।

गुरुवार को एयरलाइन द्वारा जारी बयान के अनुसार, गाजियाबाद के मध्य में स्थित हिंडन हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण हवाई अड्डे के रूप में कार्य करता है। कोलकाता से हिंडन के लिए रोजाना उड़ानें 15 अगस्त से शुरू होंगी।

बयान में कहा गया है कि कोलकाता से उड़ान सुबह 7.10 बजे रवाना होगी और सुबह 9.30 बजे हिंडन पहुंचेगी और वहां से वापसी की उड़ान शाम 4.25 बजे उड़ान भरेगी और शाम 6.45 बजे उतरेगी। कोलकाता-हिंडन उड़ानें चालू होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता से प्रति सप्ताह 90 से अधिक उड़ानें होंगी। कोलकाता के लिए उड़ान भरने के अलावा, एयरलाइन बेंगलुरु और गोवा को हिंडन से दैनिक सीधी उड़ान से जोड़ेगी। ये उड़ानें एक अगस्त से संचालित की जाएंगी।


## राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी)

(सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तहत स्वायत्त संस्था)
तीसरी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग, 3 सीरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली – 110016.

**वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए केंद्रीकृत समवर्ती लेखा परीक्षक की नियुक्ति के लिए चार्टर्ड एकाउन्टटेंट फर्मों से निविदाएं आमंत्रित करता है।**

प्रस्ताव प्रस्तुत करने में रुचि रखने वाले चार्टर्ड एकाउन्टटेंट फर्मों को आईसीएआई और सीएंडएजी के साथ पंजीकृत होना चाहिए। संगठन का विवरण, किए जाने वाले कार्य और पात्रता की अन्य शर्तों का विवरण एनसीसीटी की वेबसाइट www.ncct.ac.in पर देखा जा सकता है।

एनसीसीटी को प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 15 दिन होगी ।

निदेशक (वित्त)


## विवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या का केस

**जासं, मोदीनगर :** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुर में दो दिन पहले हुई विवाहिता की मौत के मामले में स्वजन ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति व ससुर को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 32 के डालचंद ने बेटी सरिता की शादी जनवरी 2018 को भोजपुर के गांव मुकीमपुर में पुष्पेंद्र से की थी। आरोप है कि ससुराल के लोग बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।


## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,

कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद-201002 (UP)

### सेवा एवं सामान आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद में सेवा एवं सामान आपूर्ति ( 1. Catering Services 2. Work/job for Printing & stationery items 3. Hiring/providing of Vehicle Services 4. Maintenance & Repair work of Vidyalaya Building & 5. Tent items and Complete sound & Electrical set-up of special occasion ) हेतु खुली निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है। बोलीदाता संबंधित सेवा/सामग्री हेतु निविदा फॉर्म दिनांक 08.06.2024 (प्रातः 10 बजे से) से विद्यालय की वेबसाइट (www.ghaziabad.kvs.ac.in) / विद्यालय से प्राप्त कर सकते है। उक्त टेंडर फॉर्म विद्यालय में दिनांक 25.06.2024 (दोपहर 2:00 बजे तक) पंजीकृत डाक / हाथों–हाथ से भेजे जा सकते हैं। दिनांक 25.06.2024 को दोपहर 2:00 बजे के पश्चात कोई भी टेंडर फॉर्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।

प्राचार्य पी एम श्री के.वि. कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) लाखों में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एचएआईसीएल निर्दिष्ट डिलीवरी प्वाइंटों से MILLET BASED CHIKKI की आपूर्ति हेतु 14 जून 2024 को स्टार एग्री बाजार एवं एनईएमएल पोर्टल पर ई-बोली प्रक्रिया में भागीदारी हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति। | CLOSING DATE 14.06.2024 | 10000/- AS PER CONTRACT NOTE | http://www.haic.co.in | 0172-2561305 haicpkl@gmail.com |
| 2. | हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एचएआईसीएल निर्दिष्ट डिलीवरी प्वाइंटों से अनिवार्य वस्तुओं की आपूर्ति हेतु 14 जून 2024 को स्टार एग्री बाजार एवं एनईएमएल पोर्टल पर ई-बोली प्रक्रिया में भागीदारी हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति। | CLOSING DATE 14.06.2024 | 10000/- AS PER CONTRACT NOTE | http://www.haic.co.in | 0172-2561305 haicpkl@gmail.com |

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2025/60/26485/I/67/7



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त पीयूष पुत्रः नील कमल, पताः बेगाबॉन्ड, आनंद पर्वत, दिल्ली ने FIR No. 412/2022, U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त पीयूष मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त पीयूष फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 412/2022, U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त पीयूष से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायशा चड्ढा
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6678/CD/2024
(Court Matter)



## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 45 साल, कदः 5'4", लिंगः महिला, रंगः गेहुँआ, चेहराः लम्बोतरा, शरीरः पतला, पहचान चिन्हः दाएँ हाथ पर टैटू "पत्नी सत्ता देवी पति सत्यप्रकाश" का निशान, पहनावाः हरे रंग का सूट और भूरे रंग की सलवार, बरामदी स्थलः जो मयूर विहार एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन के पास मृत अवस्था में पाई गयी थी। मृतक के शव को पहचान के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के शवगृह में संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में DD No. 42A, दिनांक 25.05.2024, पुलिस स्टेशनः मयूर विहार, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः मयूर विहार, दिल्ली
फोनः 8750870627

DP/6975/SE/2024



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना

**निविदा क्रमांकः** एसएनटी-आर-2024-10
दिनांकः 21.05.2024
**कार्य का नामः** रायपुर मंडल मे 03 वर्ष की अवधि के लिए 'संचार' निर्मित 5 वॉट वॉकी टॉकी सेट, मॉडल नंबर एसटीसी 700 के चार्जर एडाप्टर के साथ पॉकेट और हेलिकल एंटीना का वार्षिक मरम्मत अनुबंध।
**निविदा मूल्यः** ₹ 11,62,704.90, **ईएमडीः** ₹ 23,300.00, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 36 (छत्तीस) महीने। बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल दिनांक **28.06.2024** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

संकेत एवं दूरसंचार अभियंता,
द.पू.म. रेलवे, रायपुर

PR/R/S&T/FL/37
South East Central Railway @secrail



रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
केन्द्रीय सैनिक बोर्ड

परिशिष्ट- व

## रक्षा मंत्रालय के आरक्षित कोटे के अंतर्गत भारत सरकार के नॉमिनी के रूप में मेडिकल/डेंटल कालेजों में डिफेंस सीटें (2024-25)

1. निम्नलिखित श्रेणियों के सैन्य कर्मियों के पुत्रों / पुत्रियों / विधवाओं से उनके सम्मुख दर्शाई गई प्राथमिकता के अनुसार मेडिकल कालेजों और डेंटल कालेज ( बशर्ते कि स्वास्थ्य मंत्रालय से उतनी सीटें आवंटित हो) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | श्रेणी | प्राथमिकता |
|---|---|---|
| (क) | युद्ध कार्रवाई के दौरान शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवा आश्रित/ | I |
| (ख) | युद्ध कार्रवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के आश्रित | II |
| (ग) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान दिवंगत हुए रक्षा कर्मियों की विधवा आश्रित / | III |
| (घ) | सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मियों के आश्रित | IV |
| (ङ) | वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक के आश्रित | V |
| (च) | भूतपूर्व सैनिक के बच्चे | VI |
| (छ) | पत्नीयाँ<br>(i) युद्ध कार्रवाई के दौरान अपंग हुए तथा सेना से बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी<br>(ii) सैन्य सेवा के कारण सेवा के दौरान अपंग हुए हों तथा बोर्ड आउट किए गए रक्षा कर्मी<br>(iii) वीरता पदक प्राप्त सेवारत सैनिक और भूतपूर्व सैनिक | VII |
| (ज) | सेवारत सैनिक के बच्चे | VIII |
| (झ) | सेवारत सैनिक की पत्नीयाँ | IX |

2. उम्मीदवारों के लिए अर्हता
   (क) भारत सरकार के नामिती हेतु आरक्षित केन्द्रीय सीटों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन NTA द्वारा आयोजित NEET-2024 में उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जायेगा। NEET मे अनुतीर्ण अभ्यर्थी आवेदन न करें।
   (ख) सिविलियनों के बच्चे इस योजना के पात्र नहीं हैं, इसलिए वे आवेदन न करें।
3. सभी अभ्यर्थियों से निवेदन है कि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट www.ksb.gov.in पर आनलाइन आवेदन करें। आनलाइन करने की अंतिम तिथि नीट का परिणाम घोषित होने पर 30 दिन तक है। इलिजीबिलिटी सर्टिफिकेट को अपने RSB/ZSB से साइन करा कर अपने रिकार्ड आफिस से काउंटर साइन करा कर और सेवारत P-V, P-VII, P-VIII, P-IX, ओ सी /सीओ से साइन करा कर अन्य सभी संबंधित दस्तावेज एवं फोटो के साथ अपलोड करें।

सीबीसी 10405/11/0001/2425



## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नामः जसमेर सिंह, पुत्रः श्री चरणजीत सिंह, पताः रैनबसेरा, सेंटर नंबर 104, टीटी पार्क, गुरुद्वारा बंगला साहिब, नई दिल्ली, उम्रः 63 साल, लिंगः पुरुष, कदः 5 फुट 9 इंच, रंगः गेहुआँ, चेहराः अण्डाकार, शरीरः सामान्य, पहनावाः नीले रंग की टी–शर्ट, काले रंग का लोअर व नीले रंग की पगड़ी एवं पैरों में कुछ नहीं पहने है दिनांक 02.06.2024 को फुटपाथ पर , बाबा खड़क सिंह मार्ग, टी.टी पार्क के सामने, गुरुद्वारा बंगला साहिब के पास, नई दिल्ली थाना अन्तर्गत पर्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में DD No. 29 A, dated 02.06.2024 थाना पर्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए आर एम एल हॉस्पिटल के शवगृह, नई दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– पर्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली
फोनः 011-23361100, 8750870621

DP/8855/NDD/2024 (UIDB)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त सोनू लाकड़ा पुत्र श्री गोपाल लाकड़ा पता मकान नंबर 285, बाबू का घर, पुस्ता गोपालपुर, दिल्ली ने एफआईआर नं 214/2012 दिनांकः 29.09.2012 धारा 307/34 भा.द.स. के तहत थानाः तिमारपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त सोनू लाकड़ा मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त सोनू लाकड़ा फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर 214/2012 दिनांक 29.09.2012 धारा 307/34 भा.द.स. के तहत थानाः तिमारपुर, दिल्ली के उक्त सोनू लाकड़ा से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपूर्व गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी – 02
केन्द्रीय जिला, कमरा नं.26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6760/N/2024



## पश्चिम मध्य रेल

### ई– निविदा सूचना

नि. सूचना क्रं : डबल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी/2024/05 दि. 28.05.2024 भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ओ.ई.एम. या आर.डी.एस.ओ द्वारा आर.एम.पी.यू. निर्माता के अनुमोदित स्त्रोत या न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लायसेंस धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। नि. सूचना क्रं: डबल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी/2024/05 दि. 28.05.2024 कार्य का नामः– एक वर्ष 2024–25 हेतु सी.आर.डबल्यू.एस./भोपाल के आई सी एफ प्रकार के (गरीबरथ एवं पावर कार सम्मिलित) 147 वातानुकूलित कोचों (294 आर.एम.पी.यू. यूनिट) के आर.एम.पी.यू. एवं उनके कंट्रोल पैनल की ओवरहालिंग/रिपेयरिंग का कार्य। कार्य की लागतः Rs. 19970887.24, निविदा फार्म का मूल्यः 0.00, धरोहर राशिः 2,49,900.00 कार्य पूर्ण करने की अवधिः 13 माह, निविदा जमा करने की तिथिः 03.07.2024, 15:00 बजे तक, निविदा खुलने की तिथिः 03.07.2024, 15:00 बजे के उपरांत, निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## GOVERNMENT OF JAMMU & KASHMIR

Kashmir PHE Department

*INVITATION FOR BIDS (IFB)*

**Bid Identification No.E-NIT No:12/PHE/BU of 2024-25, Dated:04.06.2024**

The Executive Engineer PHE Division on behalf of Lt. Governor of UT of Jammu & Kashmir invites bids in **Two Cover System** from Firms/Class AAY Civil / bidders registered with the State Governments and bidders of equivalent Grade/Class registered with Central Government/MES/Railways for the construction of works detailed in the table below:

**Estimated contract price : Rs.410.00 Lacs**

| Sl. No. | Name of the work | Estt. Cost | Bid Security (Rs.) | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RSFP with PST for Nunwan Base Camp and adjoining areas (Construction & Successful testing & Commissioning of 1.20 MGD Rapid sand filtration plant comprising of clarifloculator, flash mixer, filter house, PST for 1.20 MGD RSFP along with allied structures with all electrical/mechanical components incld. Creation, Supply, installation, testing and commissioning of 63 KVA Sub Station as per approved design and drawings incld. trial run & maintenance for a period of 1 year after completion of work for WSS Nunwan Base Camp and adjoining areas under Shri Amarnath Ji Yatra 2024 | Rs. 410.00 Lacs | Rs. 8,20,000 Lacs | Rs 4000.00 | (150 DAYS) |

1. The Bid documents consisting of Information to Bidders (ITB), Bid Data Sheet (BDS), Information and Documents to be furnished along with the Bid, General & Special Conditions of Contract, Contract Data, Drawings, Specifications, Scope of work and setof terms and conditions of contract and other necessary documents will be uploaded on the website www.jktenders.gov.in from............ The Bidders can download the bid documents after the due date and time for sale.
2. The bid security should be pledged to SE Hydraulic circle Anantnag.
3. Bids shall be received "online" on or before [insert date &time]. The bidder must possess compatible Digital Signature Certificate (DSC) and proper Used ID.
4. A Bidder requiring any clarification of the bidding documents may ask questions on line in the e-procurement portal using his/her DSC, provided the questions are raised within [07] days prior to the dead line for on-line submission of bids.
5. Bids received online shall be opened at.............. In the office of Superintending Engineer Hydraulic Circle Anantnag's office in the presence of the bidders who wish toattend. If the office happens to be closed on the last date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.
6. Bids must be accompanied by bid securing declaration form duly completed, and cost of bid documents including GST of the amount in favour of Superintending Engineer Hydraulic Circle Anantnag as specified for the work in the table above.
7. The cost of bid documents shall be remitted in the shape of treasury challan / e-challan / under MH-0215or bank draft in favour of Superintending Engineer Hydl Circle Anantnag.
8. The bidding documents contain all other details.
9 The Department reserves the right to cancel any or all bids without assigning any reason therefor.
10. The work shall also be governed by the terms and conditions as laid down in manual of procurement of works 2019 and GFR 2017.

sd/-
Executive Engineer
PHE Division Bijbehara

DIPK-844/24 Dt. 05.06.24



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुना नगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मोहरबन्द खुली ई–निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जगाधरी वर्कशॉप, उत्तर रेलवे की टूल शॉप में तीन साल यानी 12 तिमाही की अवधि के लिए एलएचबी डैम्पर और आईसीएफ शॉक एब्जॉर्बर मात्रा–02 के लिए सर्वो हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉर्बर परीक्षण मशीन के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) का कार्य ।। |
| 2 | कार्य स्थल | सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुना नगर हरियाणा 135002 |
| 3 | कार्य की कुल अनुमानित लागत | रू 2124283.20 |
| 4 | मात्रा | कार्य के दायरे के अनुसार |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | ₹ 0.00/- |
| 6 | जमा की जानेवाली धरोहर राशि | ₹ 42500/- |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ऑफर की स्वीकृति की जारी तिथि से 36 महिने तक |
| 8 | निविदा फार्म जमा करने की तिथि एवं समय | 27.06.2024 को 15:30 बजे तक |
| 9 | निविदा को खोलने की तारीख एवं समय | 27.06.2024 को 15:35 बजे तक निविदा खोलने को निविदा समापन समय के बाद किसी भी समय किया जाएगा। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे सुरक्षित रखता है। |
| 10 | वेबसाईट विवरण | www.ireps.gov.in |

टेंडर सं.: 6-6/AMC/M-52,55/2022-23 Pt.II दिनांकः 27.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1669/24



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशाप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है।

| |
|---|
| निविदा संख्या : डब्लू-सीबी-एफ-चोकटैंक-2024 |
| कार्य का विवरण : कार्य के दायरे के अनुसार मेमू मोटर कोचों के चोक टैंक की ओवरहालिंग/रिपेयर करना। |
| कार्य की अनुमानित लागत : रु. 33,34,281.6/- मात्र |
| अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा : रु. 66,700/- मात्र |
| निविदा फार्म का मूल्य : रु. 0/- मात्र |
| कार्य पूरा होने की अवधि : 12 माह |
| निविदा बन्द करने का समय : दिनाँक-14.06.2024 से 28.06.2024 समय 15:00 बजे तक। |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समय : दिनाँक-28.06.2024 को 15:15 बजे के बाद। |

- निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in द्वारा दिनाँक-14.06.2024 से 28.06.2024 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है।
- मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा।
- ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है।
- निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारणवश उक्त दिनाँक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा।
- तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: ए.ये/सीपी/कार्यवाहा/पूज/चोक टैंक/2024 दिनांकः 06.06.2024 1703/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## District Child Protection Unit

Room No. 407, Fourth Floor Mini Secretariat, Panipat
Phone No. 0180-2641574, E-mail: lcpspnp.wcd@gmail.com

1. बालक का नाम- रियाज़
वर्तमान तस्वीर



**विवरण-** दिनांक 13.09.2023 को आरएफपी पानीपत पुलिस द्वारा एक बच्चे 10 वर्ष को बाल कल्याण समिति, पानीपत में लाया गया था। आदेशानुसार बाल श्रमिक पुनर्वास केन्द्र में रखा गया है। बालक अपना नाम रियाज अपने पिता का नाम समसुदीन तथा पताः- 24 फुट, बुध बाजार दिल्ली बताता है। जिसकी जीडी न.30 दिनांक 13.09.2023 को थाना आरएफपी पानीपत में दर्ज है। बालक वर्तमान में बाल श्रमिक पुनर्वास केन्द्र पानीपत में रह रहा हे।

**विशेष नोटः-** यदि उपरोक्त बालक का कोई संरक्षक/माता-पिता/परिजन/रिश्तेदार हो जो यह सूचना पढ़ रहा है तो वह 15 दिन के अंतर्गत निम्न पते पर संपर्क करे। यदि 15 दिन तक कोई संपर्क नहीं करता है तो बालक को दतक ग्रहण प्रक्रिया बारे बाल कल्याण समिति, पानीपत द्वारा आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

पता- जिला बाल संरक्षण यूनिट, बाल कल्याण समिति, पानीपत
कमरा नं. 407, चौथी मंजिल, लघु सचिवालय, पानीपत ( हरियाणा )
फोन नं.- 0180-2641574, 2642574

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण समिति, पानीपत

PRDH-1128/11/378/2025/26476/67/7



## कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भू.अ.), सिंचाई, गाजियाबाद

पत्रांकः 4058/आठ-अ.जि.अ./भू.अ./सिं./गाजियाबाद दिनांक 06.06.2024

### Minutes of the meeting of the Experts Committee for Evaluation of the SIA Report

Dated: 18.04.2024

The meeting of the Expert Committee Member held on Dated Thursday 18.04.2024 to evaluate the following the Social Impact Assessment Report Submitted by **Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006 on dated 18 April, 2024**

The following members were present in the meeting.

1. **Prof. Kaushal Kumar Sharma, Chairperson**
2. **Sh. Bhupendra Zutsi (Member)**
3. **Dr. Rakesh Khare (Member)**
4. **Dr. Bijendra Pradhan (Member)**
5. **Dr. Sanjeev Sharma (Member)**
6. **Shri Naresh Jatav (Member)**
7. **Shri Bhagat Swaroop (Member)**

**Name of the Report:** Social impact assessment report for Land acquisition for High Tech Township in areas of 6.4836 hectares situated at Village Bayana Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh. (**Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006**).

1. As per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** the agency "C.E.R.D" has prepared the detailed Social Impact Assessment Report as per the format and guidelines given in the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION REHABILITATION AND RESETTLEMENT (Social Impact Assessment and Consent, Rules 2014) FORM-II.**
2. Looking at the importance of the increasing demand of housing the land acquisition is important and necessary for the society in the proposed project.
3. While planning the **High Tech Township**, the report found that all environmental issues, livelihood, social security will be considered for the well-being of the people as per the **THE SECOND SCHEDULE Section 31(1), 38 (1) and 105 (3) of Land Acquisition Act 2013**.
4. The SIA report suggested that Land Compensation to the affected Land Owners may be provided as per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** and Skill development training, may be implemented towards gainful employment and other sustainable livelihood opportunities.
5. The results and finding of the Socio-economic Assessment Report were presented in the public hearing meeting for their approval and concerned authority may addressed the issue and resolve the grievance as per Act. The grievances and issue of the affected community related to their livelihood and income sources may be resolved as per the Management Plan suggested by the SIA.

Therefore, looking at the above recommendation the process of land acquisition can be begin as per Act- 2013. The Report of the Members of the Experts Committee may be submitted for further necessary action.

**Chairman of the Expert Committee**



## कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भू.अ.), सिंचाई, गाजियाबाद

पत्रांकः 4060/आठ-अ.जि.अ./भू.अ./सिं./गाजियाबाद दिनांक 06.06.2024

### Minutes of the meeting of the Experts Committee for Evaluation of the SIA Report

Dated: 18.04.2024

The meeting of the Expert Committee Member held on Dated Thursday 18.04.2024 to evaluate the following the Social Impact Assessment Report Submitted by **Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006 on dated 18 April, 2024**

The following members were present in the meeting.

1. **Prof. Kaushal Kumar Sharma, Chairperson**
2. **Sh. Bhupendra Zutsi (Member)**
3. **Dr. Rakesh Khare (Member)**
4. **Dr. Bijendra Pradhan (Member)**
5. **Dr. Sanjeev Sharma (Member)**
6. **Shri Naresh Jatav (Member)**
7. **Shri Bhagat Swaroop (Member)**

**Name of the Report:** Social impact assessment report for Land acquisition for High Tech Township in areas of 2.2726 hectares situated at Village Sadikpur urf Kazipura Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh. (**Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006**).

1. As per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** the agency "C.E.R.D" has prepared the detailed Social Impact Assessment Report as per the format and guidelines given in the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION REHABILITATION AND RESETTLEMENT (Social Impact Assessment and Consent, Rules 2014) FORM-II.**
2. Looking at the importance of the increasing demand of housing the land acquisition is important and necessary for the society in the proposed project.
3. While planning the **High Tech Township**, the report found that all environmental issues, livelihood, social security will be considered for the well-being of the people as per the **THE SECOND SCHEDULE Section 31(1), 38 (1) and 105 (3) of Land Acquisition Act 2013**.
4. The SIA report suggested that Land Compensation to the affected Land Owners may be provided as per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** and Skill development training, may be implemented towards gainful employment and other sustainable livelihood opportunities.
5. The results and finding of the Socio-economic Assessment Report were presented in the public hearing meeting for their approval and concerned authority may addressed the issue and resolve the grievance as per Act. The grievances and issue of the affected community related to their livelihood and income sources may be resolved as per the Management Plan suggested by the SIA.

Therefore, looking at the above recommendation the process of land acquisition can be begin as per Act- 2013. The Report of the Members of the Experts Committee may be submitted for further necessary action.

**Chairman of the Expert Committee**



## कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भू.अ.), सिंचाई, गाजियाबाद

पत्रांकः 4059/आठ-अ.जि.अ./भू.अ./सिं./गाजियाबाद दिनांक 06.06.2024

### Minutes of the meeting of the Experts Committee for Evaluation of the SIA Report

Dated: 18.04.2024

The meeting of the Expert Committee Member held on Dated Thursday 18.04.2024 to evaluate the following the Social Impact Assessment Report Submitted by **Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006 on dated 18 April, 2024**

The following members were present in the meeting.

1. **Prof. Kaushal Kumar Sharma, Chairperson**
2. **Sh. Bhupendra Zutsi (Member)**
3. **Dr. Rakesh Khare (Member)**
4. **Dr. Bijendra Pradhan (Member)**
5. **Dr. Sanjeev Sharma (Member)**
6. **Shri Naresh Jatav (Member)**
7. **Shri Bhagat Swaroop (Member)**

**Name of the Report:** Social impact assessment report for Land acquisition for High Tech Township in areas of 7.2448 hectares situated at Village Naiphal Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh. (**Centre for Environment Research and Development XIII/4550, Deputy Ganj, Sadar Bazar Delhi-110006**).

1. As per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** the agency "C.E.R.D" has prepared the detailed Social Impact Assessment Report as per the format and guidelines given in the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION REHABILITATION AND RESETTLEMENT (Social Impact Assessment and Consent, Rules 2014) FORM-II.**
2. Looking at the importance of the increasing demand of housing the land acquisition is important and necessary for the society in the proposed project.
3. While planning the **High Tech Township**, the report found that all environmental issues, livelihood, social security will be considered for the well-being of the people as per the **THE SECOND SCHEDULE Section 31(1), 38 (1) and 105 (3) of Land Acquisition Act 2013**.
4. The SIA report suggested that Land Compensation to the affected Land Owners may be provided as per the **"THE RIGHT TO FAIR COMPENSATION AND TRANSPARENCY IN LAND ACQUISITION, REHABILITATION AND RESETTLEMENT ACT, 2013'** and Skill development training, may be implemented towards gainful employment and other sustainable livelihood opportunities.
5. The results and finding of the Socio-economic Assessment Report were presented in the public hearing meeting for their approval and concerned authority may addressed the issue and resolve the grievance as per Act. The grievances and issue of the affected community related to their livelihood and income sources may be resolved as per the Management Plan suggested by the SIA.

Therefore, looking at the above recommendation the process of land acquisition can be begin as per Act- 2013. The Report of the Members of the Experts Committee may be submitted for further necessary action.

**Chairman of the Expert Committee**


********

## अधिवक्ता हत्याकांड में दो पिता-पुत्र समेत पांच को फांसी की सजा

**जागरण संवाददाता, सहारनपुर :** नौ वर्ष पुराने अधिवक्ता हत्याकांड एवं अधिवक्ता के पिता पर जानलेवा हमला के मामले में सहारनपुर की अदालत ने पांच दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। सजा पाने वालों में दो पिता-पुत्र शामिल हैं। दोषियों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मंगलवार को सभी को दोषी करार दिया गया था।

कारोबारी सतपाल सिंह छाबड़ा ने 26 दिसंबर, 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि भूपेंद्र ने दो माह पहले सतपाल के स्वजन अनिल पर जानलेवा हमला किया था। इस मुकदमे में भूपेंद्र के खिलाफ सतपाल गवाह हैं। भूपेंद्र इसी वजह से सतपाल से रंजिश रखता था। 26 दिसंबर, 2015 सतपाल अपने अधिवक्ता बेटे कर्मवीर के साथ कार से प्रिंटिंग प्रेस जा रहे थे। रास्ते में भूपेंद्र सिंह व उसके बेटे गुरुप्रताप, भाई अमरजीत सिंह व उसके बेटे गुरनीत सिंह और गुरमीत सिंह ने उनकी कार रोककर दोनों को खींच लिया और चाकू, कृपाण व सरियों से हमला कर दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने कर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। मुकदमे में सभी को आरोपित बनाया गया। चार्जशीट कोर्ट में पेश हुई। अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई।

# 'बंगाल में अगले पांच साल के लिए केंद्रीय बल को करना पड़ेगा तैनात'


### राज्य में चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

- पुलिस महानिदेशक को ईमेल से शिकायतें लेने का दिया निर्देश
- हिंसा रोकने को केंद्र व राज्य को मिलकर काम करने को कहा

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता :** लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल में लगातार हो रही हिंसा पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि अगर बंगाल सरकार हिंसा पर काबू नहीं कर पाती है तो अगले पांच साल तक के लिए प्रदेश में केंद्रीय बल को तैनात करने का निर्देश देना पड़ सकता है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि बंगाल में ही क्यों चुनाव बाद भी आयोग को केंद्रीय बल को तैनात करने का निर्देश देना पड़ता है।

बता दें कि चुनाव के बाद हुई हिंसा में 11 लोगों की मौत का आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका में शिकायत की गई थी कि हिंसा से जनहानि हो रही है। पुलिस शिकायतें नहीं ले रही है। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश कौशिक चंद और न्यायाधीश अपूर्ब सिन्हा राय की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय मुखर्जी को चुनाव बाद हिंसा के संबंध में ईमेल के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके लिए डीजी नई ईमेल आइडी बनाएंगे। शिकायतों की गंभीरता को समझने के बाद डीजीपी इसे संबंधित थाने को भेजेंगे। पुलिस को उसके आधार पर एफआइआर दर्ज करनी होगी।

**डीजी खुद जांच की निगरानी करेंगे :** अदालत ने निर्देश दिया कि यदि चुनाव के बाद हिंसा के संबंध में किसी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की जाती है, तो इसे राज्य पुलिस की वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। डीजी खुद जांच की निगरानी करेंगे। मामले की अगली सुनवाई में डीजी को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा देकर कोर्ट को बताना होगा कि चुनाव बाद हिंसा की अब तक कितनी शिकायतें मिली हैं और कितने में एफआइआर दर्ज की गई। इसके साथ ही केंद्र और राज्य को हिंसा रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। अगर पुलिस किसी भी तरह से स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रहती है तो केंद्रीय बल भी हस्तक्षेप कर सकते हैं।



कलकत्ता हाई कोर्ट

#### चुनाव बाद बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला

बंगाल में चुनाव के बाद अनेक जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले की घटना प्रकाश में आई है। बुधवार रात बांकुड़ा में भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला किया गया। वहीं कोलकाता के नारकेलडांगा में भाजपा कार्यालय पर बमबाजी की गई है। कोलकाता के हरिदेवपुर में भाजपा कार्यकर्ता की बहन पर हमला किया गया है। दूसरी ओर दक्षिण 24 परगना के कैनिंग इलाके में भाजपा नेता के घर पर पथराव किया गया है।

## मानहानि मामले में बेंगलुरु कोर्ट में आज पेश होंगे राहुल गांधी

**बेंगलुरु, प्रेट्र :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मानहानि मामले में शुक्रवार को विशेष अदालत में पेश होंगे। उनके खिलाफ मुख्यधारा के समाचार पत्रों में अपमानजनक विज्ञापन जारी करने पर कर्नाटक भाजपा ने मामला दायर कराया था। गत वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले दिए गए विज्ञापन में राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 21019-2023 के शासन में बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया गया था।

राज्य कांग्रेस ने गुरुवार को बताया कि राहुल गांधी शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे सिटी सिविल कोर्ट में उपस्थित होंगे। इसके बाद वह क्वींस रोड पर भारत जोड़ो भवन में राज्य से कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों और हारे हुए उम्मीदवारों से बातचीत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सिदरमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी मौजूद रहेंगे। मानहानि मामले में एक जून को कोर्ट ने सिदरमैया और शिवकुमार को जमानत दे दी थी। वहीं जस्टिस केएन शिवकुमार ने राहुल गांधी को सात जून को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया था। गत सप्ताह मामले की सुनवाई के दौरान गांधी के अधिवक्ता ने अपने मुवक्किल के लिए उपस्थिति से छूट के आवेदन दिया था।

# प्रदेश के खाली पदों पर जल्द हों नियुक्तियां : योगी आदित्यनाथ

चुनाव के बाद एक्शन मोड में दिखे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठक कर दिए कड़े निर्देश

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** लोस चुनाव से निपटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व की तरह सरकारी कामकाज की गहन समीक्षा शुरू कर दी है। योगी ने गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में मिशन रोजगार के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। साफ कहा- भर्ती कब तक पूरी होगी, इसकी जानकारी भी उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग से साझा करें। चुनाव बाद हुई पहली महत्वपूर्ण बैठक करीब तीन घंटे तक चली। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने गढ़मुक्तेश्वर में ब्रजघाट के सुंदरीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभागीय मंत्रियों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाए रखने की नसीहत दी। बजट खर्च पर भी उनका विशेष जोर रहा। कहा- वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। समय से आवंटन और खर्च होना चाहिए। उन्होंने जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालू, मौरंग, गिट्टी जैसे उपखनिजों का आम आदमी से सीधा जुड़ाव है। ऐसे में सुनिश्चित कराएं कि इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो।

**गांव हो या शहर, बिजली तभी कटे जब बहुत जरूरी हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी व लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शहरों में पेयजल संकट के समाधान के साथ ही स्ट्रीट डाग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशने की बात कही है।



योगी आदित्यनाथ

## संसद में सिखों के मुद्दे उठाऊंगा : सरबजीत

**जासं, अमृतसर :** आपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी पर गुरुवार को भारी संख्या में सिख संगत श्री हरिमंदिर साहिब पहुंची। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार रघबीर सिंह के कौम के नाम संदेश देने के बाद जैसे ही फरीदकोट से नवनिर्वाचित सांसद सरबजीत सिंह खालसा पहुंचे युवा खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे।

बता दें कि सरबजीत सिंह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दोषी बेअंत सिंह के बेटे हैं। श्री अकाल तख्त साहिब से अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संसद में सिखों के मुद्दे उठाऊंगा। बेअदबी के दोषियों के खिलाफ 295 ए (धार्मिक भावनाएं आहत करने) के तहत केस दर्ज करने के बजाय उन पर धारा 302 (हत्या) के तहत केस दर्ज करने और दोषी को मौत की सजा देने की मांग भी की जाएगी। इससे पहले लोग शांतिपूर्वक बैठे थे, लेकिन सरबजीत के पहुंचते ही माहौल बदल गया। असम की डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद अमृतपाल की मां भी वहां मौजूद थी। अमृतपाल ने जेल से ही श्री खडूर साहिब से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इससे पहले श्री अकाल तख्त साहिब पर श्री अखंड पाठ के भोग के बाद अरदास की गई।

## मुंबई के घाटकोपर होर्डिंग की बुनियाद थी बहुत कमजोर : रिपोर्ट

**मुंबई, प्रेट्र :** विगत माह मुंबई के घाटकोपर में हुए होर्डिंग हादसे की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इसकी बुनियाद बहुत ही कमजोर थी। रिपोर्ट के अनुसार, किसी भी होर्डिंग संरचना को 158 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। घाटकोपर में गिरा होर्डिंग केवल 49 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति का सामना कर सकता था। एक अधिकारी ने बताया कि घटना वाले दिन हवा की गति 87 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

अवैध रूप से लगाई गई होर्डिंग तेज आंधी के कारण बगल के पेट्रोल पंप पर आकर गिर गई थी, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई। होर्डिंग लगाने वाली विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

# बिहार के 25 साल पुराने अलकतरा घोटाला मामले में फैसला जल्द

- सड़क निर्माण का अलकतरा बाजार में बेचकर हुआ था घोटाला
- बिहार के तत्कालीन मंत्री इलियास को भी एक मामले में हुई है सजा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • रांची :** संयुक्त बिहार के समय के 25 वर्ष पुराने अलकतरा (कोलतार) घोटाले से जुड़े एक मामले में रांची स्थित सीबीआइ कोर्ट जल्द ही फैसला सुनाएगी। अलकतरा घोटाले में तीन आरोपित जूनियर इंजीनियर ट्रायल फेस कर रहे हैं। तीनों का बयान सीबीआइ कोर्ट ने दर्ज कर लिया है। सीबीआइ की ओर से जारी गवाही समाप्त होने के बाद अदालत ने तीनों को तलब किया था। मामले में तीन जून से बहस जारी है। बहस पूरी होते ही मामले में अदालत फैसला की तिथि निर्धारित करेगी।

तीनों पर आरईओ वर्क्स डिवीजन रांची में पदस्थापित रहते हुए पद का दुरुपयोग करते हुए आपराधिक षडयंत्र के तहत लाखों रुपये सरकारी राशि का गबन करने का आरोप है। यह घोटाला साल 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा। घोटाला प्रकाश में आने के बाद इसकी जांच सीबीआइ से कराई गई। सीबीआइ ने छह दिसंबर 1999 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी। मामले में बिहार के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन को पूर्व में दो केस में चार से पांच साल तक की सजा सुनाई गई थी।

## पंजाब में नौ जगहों पर एनआइए की छापेमारी, एक हिरासत में

**जासं, फतेहगढ़ साहिब :** एनआइए ने गुरुवार सुबह फतेहगढ़ साहिब, मोहाली, पटियाला और होशियारपुर जिलों में नौ स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक युवक को हिरासत में लिया है।

जानकारी के मुताबिक, राजस्थान में करणी सेना के प्रमुख गोगामेड़ी की हत्या के मामले में लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी बराड़ समेत 12 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के एक दिन बाद एनआइए ने यह कार्रवाई की है। चंडीगढ़ में फायरिंग और जबरन वसूली से जोड़कर भी इस कार्रवाई को देखा जा है।


**हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय**
धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
'' नैक द्वारा 3.42 सीजीपीए के साथ 'A+' ग्रेड प्रत्यायित ''
www.cuhimachal.ac.in

फा.स. सीओई/2-1/हिप्रकेवि/2011/24/ दिनांक: 04.06.2024

**प्रवेश सूचना 2024-25**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न सर्टिफिकेट/यूजी/पीजी/पीजी डिप्लोमा अध्ययन कार्यक्रमों (गैर सीयूईटी) में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

- कृपया ऑनलाइन प्रवेश सूचना के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuhimachal.ac.in देखें। उपलब्ध रिक्त सीटों के अनुसार 07.06.2024 से श्रेणीवार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
- सभी प्रवेश केवल ऑनलाइन आवेदन के आधार पर होंगे। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून, 2024 है।

**एम एस टी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
सीआईएन:L27320WB1964GOI026211
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. सीएफ-18/2, स्ट्रीट नं. 175, एक्शन एरिया 1सी, न्यू टाउन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700156

एम एस टी सी लिमिटेड द्वारा महाप्रबंधक-सिस्टम्स (ई-8) या अपर महाप्रबंधक- सिस्टम्स (ई-7) के रु.1,20,000-3%-2,80,000/- के वेतनमान के 1 (एक) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक आवेदक पात्रता, चयन प्रक्रिया, आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी के लिए एम्प्लॉयमेंट न्यूज एवं रोजगार समाचार दिनांक 08.06.2024 का संदर्भ ले सकते हैं या www.mstcindia.co.in पर कैरियर देख सकते हैं। इस संबंध में आवेदक किसी भी संशोधन/अद्यतन के लिए केवल हमारी वेबसाइट देखें।

**चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द**
**Chaudhary Ranbir Singh University, Jind**
(हरियाणा राज्य सरकार का विश्वविद्यालय)
(हरियाणा राज्य विधानमंडल अधिनियम 28/2014 द्वारा स्थापित और यूजीसी अधिनियम 1956 यू/एस 2(एफ) और 12-बी द्वारा मान्यता प्राप्त)

**दाखिला सूचना (2024-25)**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से 26.06.2024 (शाम 05:00 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश के लिए कार्यक्रम, शुल्क संरचना और प्रत्येक विभाग में सीटों की संख्या सहित विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइटः www.crsu.ac.in पर उपलब्ध है।

हस्ता./-
रजिस्ट्रार
PRDH-2202/11/41/2025/26471/C/67/7

**दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
**DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
(Estd. by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 of 2009)
(Formerly Delhi College of Engineering)
University School of Management & Entrepreneurship
East Delhi Campus,
Vivek Vihar, Phase-II, Delhi-110095

**ADMISSION NOTICE 2024**
**Executive MBA in Data Science & Analytics (2024-26)**

Delhi Technological University invites online applications for admission to the Executive MBA-DS Aprogramme (30 Seats) offered at the University School of Management & Entrepreneurship, East Delhi Campus.
Seats: 30 seats and reservation will be as per DTU Norms

**Eligibility:**
a) At least One Paper with 60% marks in Mathematics (in Standard 12th or Graduation)
b) Graduation with minimum 50% marks or equivalent (CGPA) from any recognized university/institution
c) Relevant/Managerial/Professional/technical work experience in industry/organization of at least three years by last date of application

How to Apply: Apply online at : www.dtu.ac.in
Date of Online Registration: 20.05.2024
Last Date to Apply: 19.06.2024
For queries, E-mail to mbaexec.dsa@dtu.ac.in

**Noida International Airport Limited**
(A Govt. of U.P. Undertaking)
Office No. : 1-15, Block P2, Sector OMEGA - 1,
Greater Noida - 201308, Gautam Buddha Nagar, U.P., India | Tel :0120 2395151
Email: noidaairport2019@gmail.com | Website: www.nialjewar.com

Ref: NIAL/RFP/2024/693 Date: 07.06.2024

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**RFP for the Appointment of Consultant (Planning, Performance Monitoring, Project Management & Reporting) for Noida International Airport Limited**

- Please refer **https://etender.up.nic.in** for document download, any further addendum/corrigendum and bidder enrollment.
- RFP Document shall be available for download **07.06.2024 (Friday) from 2:00 PM** onwards.
- Queries are to be submitted by **14.06.2024 (Friday) by 6:00 PM** in writing to the email id mentioned in the RFP document.
- Bid Due date for online submission is **25.06.2024 (Tuesday) by 5:00 PM.**

**Nodal Officer (NIAL)**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2024-80 से NER-LJN-2024-88 तक**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-80; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/पूर्व/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत (₹):** ₹76,29,566/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,52,600/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-81; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत (₹):** ₹1,43,99,784/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹2,22,000/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-82; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/बहराइच के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹56,00,000/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,12,000/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-83; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/मैलानी के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹67,69,840/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,35,400/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-84; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/सीतापुर के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,25,82,856/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹2,12,900/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-85; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/लाइन/लज के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹86,13,277/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,72,300/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-86; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/विशेष/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹35,15,000/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹70,300/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-87; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹73,19,835/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,46,400/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2024-88; कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-ऐशबाग, सीतापुर, बलरामपुर, बढ़नी एवं बहराइच स्टेशनों पर ट्रेन पासिंग कार्यालय का निर्माण कार्य; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,49,16,833.47; **अग्रिम धन(₹):** ₹2,24,600/-; **समापन अवधिः** 12 माह; 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2024-80** से **NER-LJN-2024-88** तक के लिए ई-निविदा दिनांक 27.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू-104 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा**
(राज्य विधायिका अधिनियम 9 ऑफ 2003 द्वारा स्थापित)

**शैक्षणक सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज, डिपार्टमेंट ऑफ लॉ एवं संबद्ध कॉलेजों द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज**
**चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
B.Sc. (Physics), B.Sc. (Mathematics), B.Sc. (Data Science), B.C.A., B.Sc. (Food Science & Technology), B.Sc. (Fashion Design & Lifestyle Technology), B.Sc. (Physical, Health and Sports Education), B.Com., B.B.A., B.A. (Journalism & Mass Communication), B.A. (Economics & Finance), Bachelor of Social Work and Bachelor of Performing Arts (BPA)-Theatre, Television and Cinema.
**डिपार्टमेंट ऑफ लॉ**
B.A. LLB 5 years
**संबद्ध कॉलेज :**
B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed.
**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुततीकरण हेतु अंतिम तिथि 05.07.2024 है।**
विश्वविद्यालय की वेबसाइट अर्थात www.cdlu.ac.in पर उपलब्ध HBI 2024-25 (यूजी) को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
परिवर्तन/अद्यतन, यदि कोई हुआ, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।
**प्रवेश सूचना- प्रथम** PRDH-1236/11/30/2025/26466/C/67/7 रजिस्ट्रार

**शक्ति और स्फूर्ति बढ़ाने में लाभकारी**
झांसी **बैद्यनाथ** असली आयुर्वेद
शिलाजीत, स्वर्ण भस्म, चांदी भस्म एवं अश्वगंधा युक्त






www.baidyanath.co.in 1800-102-8384
for Distributor enquires: contact@baidyanath.co.in





हरियाणा सरकार

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**
लेकर आए हैं
**आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी**
**दिनाक : 24 से 29 जून, 2024**

| ई-नीलामी की तिथि | साइटों का ब्योरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 24 जून, 2024 (सोमवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 25 जून, 2024 (मंगलवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 26 जून, 2024 (बुधवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 27 जून, 2024 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 28 जून, 2024 (शुक्रवार) | मेजर साइटें (व्यावसायिक साईट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साईट) और कंपोजिट साईट सेक्टर - 43, गुरुग्राम | सभी ज़ोन |
| 29 जून, 2024 (शनिवार) | बहु-मंजिला अपार्टमेंट्स | सभी ज़ोन |

नोट: ई-नीलामी 2023-24 की कलेक्टर दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2024-25 के लिए कलेक्टर दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी
हेल्पलाइन नंबर: 8300516607 (प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक), 1800-180-3030 (प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक)

**मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध**
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसाइटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ईमेल करें : eauctionquery.hsvp@gmail.com

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134109, हरियाणा।
hsvphry.org.in 1800-180-3030 hsvphry

साइटों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच.एस.वी.पी. की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://hsvphry.org.in पर जाएं।

संपादकीय जागरण

शुक्रवार, 7 जून, 2024 : ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा वि. 2081

चुनौतियां ही जीवन की वास्तविक परीक्षा हैं

# राज्य प्रायोजित हिंसा

**बंगाल को** लेकर यह आशंका सही साबित होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी कि वहां चुनाव बाद हिंसा हो सकती है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं। तृणमूल कांग्रेस समर्थक विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां हिंसा हो रही है। इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। इसके आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, वह बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने के कारण ही हुई थी और इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। तब हिंसा का दौर इतना भयानक था कि कुछ महिलाओं से दुष्कर्म तक किया गया था। उस समय आतंक का ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी।

2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

# स्वागतयोग्य आदेश

**दिल्ली को** हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी दिए जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागतयोग्य है। दिल्ली में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने का आदेश दिया है। साथ ही हरियाणा सरकार को भी निर्देशित किया है कि वह इस पानी को दिल्ली पहुंचाने की राह में गतिरोध पैदा न करे।

यही नहीं, अदालत ने दिल्ली सरकार को भी राजधानी में पानी की बर्बादी को लेकर चेतावनी दी है। दिल्ली में गंभीर जल संकट को देखते हुए विगत कुछ दिनों से आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी हुई थी, दिल्ली सरकार हरियाणा पर उसके कोटे का पानी न देने का आरोप लगा रही थी, जबकि हरियाणा के अधिकारियों का कहना था कि दिल्ली को सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय मात्रा के अनुसार पानी दिया जा रहा है और दिल्ली सरकार राजधानी में पानी की बर्बादी रोक नहीं पा रही है, जिसकी वजह से वह उसे मिलने वाले पानी का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही है। दिल्ली सरकार की ओर से जल मंत्री ने हरियाणा पर कम पानी देने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने की भी बात कही थी। हालांकि, दिल्ली सरकार जब शीर्ष अदालत पहुंची तो उसने वहां हरियाणा सरकार पर कोई आरोप लगाने के बजाय दिल्ली के जल संकट के मद्देनजर अदालत से हरियाणा व हिमाचल से अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की, जिसपर अदालत ने बृहस्पतिवार को यह आदेश जारी किया है। दिल्ली में पानी की बर्बादी को लेकर शीर्ष अदालत का सरकार को चेतावनी देना सर्वथा उचित है।

> पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने का आदेश दिया है

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या नई राजग सरकार में सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा?





आज का सवाल

क्या गठबंधन सरकार को सहयोगी दलों के दबाव का सामना करना पड़ेगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# देश-दुनिया के लिए जनादेश का संदेश




शिवकांत शर्मा

**मतदाताओं का रुझान दर्शाता है कि वे ऐसा सशक्त विपक्ष चाहते थे, जो सत्तापक्ष को निरंकुश न होने दे और सरकार की योजनाओं में लोकहित को सुनिश्चित करे**

पिछली संसद के अंतिम बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं आंकड़ों में नहीं पड़ता। मैं बस देश का मिजाज देख रहा हूं, जो इस बार राजग को 400 सीट पार तो कराकर रहेगा ही और अकेले भाजपा को 370 सीट मिलेंगी।' संसदीय बहस की गहमागहमी में ऐसी गर्वोक्तियां चलती हैं। चुनावी रणनीति बनाते समय भी पार्टियां इस तरह के ऊंचे लक्ष्य लेकर चलती हैं, परंतु उन्हें चुनावी नारा नहीं बनाया जाता, अन्यथा उनके हासिल न होने पर जीत भी हार जैसी दिखने लगती है और पार्टी उपहास का पात्र बन सकती है। इस आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और उनके नाम पर जनादेश लेने मैदान में उतरी भाजपा के साथ यही हुआ। इतिहास में केवल दूसरी बार मिले लगातार तीसरे जनादेश को उनकी जीत की जगह हार के रूप में देखा जा रहा है और उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वह पार्टी को पूर्ण बहुमत न दिला पाने की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दें।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया में 'मोदी की अजेयता की आभा टूटी', 'मोदी के नेतृत्व का अप्रत्याशित अस्वीकार' और 'मोदी को अप्रत्याशित धक्का' जैसे शीर्षक लगाए गए हैं। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग 21 सीटों के बहुमत से जीता है। भाजपा भी 240 सीटें जीतकर संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उसने दूसरे नंबर की पार्टी कांग्रेस से ढाई गुना सीटें जीती हैं, जो पूरे विपक्षी गठबंधन को मिली कुल सीटों से भी आठ अधिक हैं। राजग को 45 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन 42 प्रतिशत वोट ले पाया। भाजपा को कांग्रेस से 15 प्रतिशत अधिक वोट मिले हैं। यह काफी बड़ी बढ़त है।

इसलिए चुनाव नतीजों की तस्वीर साफ होते ही मोदी को लगातार तीसरा जनादेश हासिल करने पर विश्व भर के नेताओं ने बधाई संदेश भेजे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फोन कर ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी और भारत के साथ व्यापार एवं सामरिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के संकल्प को रेखांकित किया। साथ ही मानव इतिहास के वृहत्तम लोकतांत्रिक पर्व में भाग लेने के लिए भारत के लोगों की सराहना की। उनकी इस सराहना से भारत की चुनाव प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं और ईवीएम मशीनों पर भारत और बाहर से उठाए जाने वाले सवालों की आधारहीनता भी साबित हो जाती है। बाइडन के अलावा रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत विश्व के कई अन्य नेताओं ने बधाई के लिए फोन किए। मोदी को चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली और ब्राजील समेत सौ से अधिक देशों के बधाई संदेश मिल चुके हैं।



अवधेश राजपूत

जनादेश से लगता है कि लोग ऐसा सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष चाहते थे, जो सत्तापक्ष को निरंकुश न होने दे और सरकार की योजनाओं में लोकहित को सुनिश्चित करे। मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल से चली आ रही बहुमत की सरकार से कुछ लोगों को सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि वह अपने बहुमत का प्रयोग आक्रामक शैली में करती थी। अब जनता ने विपक्ष को और मजबूत बनाकर भेजा है। उम्मीद है कि मोदी और उनकी पार्टी बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए अपनी सरकार को गठबंधन धर्म से चलाएंगे। यदि मोदी ऐसा करते हैं तो विपक्ष को भी अपने रवैये को बदलते हुए रचनात्मक भूमिका अदा करनी चाहिए। देश में इससे पहले भी लंबे समय तक गठबंधन सरकारें रह चुकी हैं। इसलिए भारतीय चुनावों पर नजर रखने वाले ऐसे मित्र देशों को भी मोदी सरकार को कम बहुमत मिलने और विपक्ष के मजबूत होने पर चिंता नहीं होगी, जो मोदी सरकार की आक्रामक नीतियों के कारण प्रतिरोधी स्वरों को दबाए जाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर पड़ने की आशंका से असहज रहते थे, लेकिन वैश्विक समुदाय यह भी नहीं चाहेगा कि भारत की नई गठबंधन सरकार धरने-प्रदर्शनों से उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता में उलझकर अपनी उन नीतियों पर ढीली पड़ जाए, जो आर्थिक सुधारों और जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए आवश्यक हैं। चुनाव प्रचार के दौरान हुई बयानबाजी से ऐसे संकेत मिले थे कि विपक्षी गठबंधन मोदी सरकार की बजट संयम, आर्थिक सुधार और जलवायु परिवर्तन की रोकथाम संबंधी नीतियों को पलटने का इरादा रखता है। इसीलिए परिणामों के प्रारंभिक रुझानों को देखते ही भारत के शेयर और मुद्रा बाजारों में भूचाल जैसा आ गया था।

दुनिया इस समय दो बड़े सामरिक संकटों से जूझ रही है। गाजा में पिछले आठ महीनों से चल रही लड़ाई से हुए व्यापक विनाश के बाद भी युद्धविराम समझौता नहीं हो पा रहा है। उधर रूस यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जे की तरफ बढ़ रहा है। चीन और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक और सामरिक तनाव बढ़ रहा है, जिसके कारण दुनिया फिर से दो खेमों में बंटी नजर आती है। एक खेमे में अमेरिका, यूरोप और उनके मित्र देश हैं। दूसरे खेमे में रूस, चीन और उनके मित्र देश। इस विषम परिस्थिति में भारत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। वह दोनों खेमों के बीच शांति और सुलह के एक पुल की भूमिका अदा कर सकता है और विश्वमंच पर अपना उचित स्थान हासिल कर सकता है।

इस वर्ष अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 75 देशों में हो रहे चुनावों की वजह से राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल भी बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपतीय चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ना लगभग तय हो चुका है। कई संगीन मामलों के अभियुक्त होने और एक में दोषी ठहराए जाने के बावजूद वह लोकप्रियता में राष्ट्रपति बाइडन से आगे चल रहे हैं। उनकी जीत अमेरिका समेत पूरे विश्व के राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक समीकरणों पर असर डाल सकती है। उनके आने पर भारत को अपनी चीन संबंधी सामरिक नीति पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।

(लेखक बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक हैं)

response@jagran.com

# नई सरकार की आर्थिक चुनौतियां



डा. ब्रजेश कुमार तिवारी

**अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की भी एक बड़ी चुनौती है**

नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की कमान संभालने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में नई सरकार के कंधों पर वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि को आगे बढ़ाने के साथ ही भारत को पांच ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने की अहम जिम्मेदारी होगी। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। आर्थिक मोर्चे पर तात्कालिक चुनौती महंगाई और बेरोजगारी है। तीव्र आर्थिक विकास के बावजूद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। भारत में 94 प्रतिशत कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं और देश का 35 प्रतिशत उत्पादन इसी में होता है। कई वर्षों से असंगठित क्षेत्र का दायरा सिकुड़ रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ का आगमन सेवा क्षेत्र के रोजगारों के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत की जीडीपी में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान इसी क्षेत्र का है। बेरोजगारी एवं महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं हैं। अगर बेरोजगारी रहेगी और आय नहीं बढ़ेगी तो लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित होगी। उपभोग और निवेश का स्तर भी इससे जुड़ा हुआ है। इसलिए सबसे पहले बेरोजगारी की समस्या दूर करने पर ध्यान देना होगा। आज देश के 85 प्रतिशत स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। इसके लिए स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व देना होगा। अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार की जरूरत के साथ ही सरकारी भर्तियों में तेजी लानी होगी। असंगठित क्षेत्र को हाशिए पर धकेलने वाली नीतियों में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। आज भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,601 डालर है और 197 देशों में प्रति व्यक्ति आय के मामलों में भारत 142वें पायदान पर है। मुद्रास्फीति भी देश में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है। पिछले कुछ समय से रसोई का बजट अनियंत्रित और असंतुलित हुआ है।




आर्थिक सुधारों से ही गति पकड़ेगी आर्थिकी • प्रतीकात्मक

आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं। याद रहे कि महंगा भोजन आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। इसे देखते हुए आज हमें जीडीपी से ज्यादा मानव विकास पर फोकस करना चाहिए, जिसमें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सबसे ऊपर हैं। आज देश के सामने बड़ी चुनौतियों में अच्छी शिक्षा, कौशल विकास और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रमुख हैं। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। दूसरी ओर, उच्च शिक्षा के केवल कुछ संस्थान ही उन्नत अनुसंधान में शामिल हैं। भारत में शुरू से शिक्षा पर तुलनात्मक रूप से सार्वजनिक व्यय कम रहा है। वहीं प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का शोध एवं विकास (आरएंडडी) व्यय-जीडीपी अनुपात में मात्र 0.7 प्रतिशत है। यह 1.8 प्रतिशत के विश्व औसत से भी बहुत कम है। यदि सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद आज भी अगर देश के 80 करोड़ लोग को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है तो निश्चित ही यह जनसंख्या अकुशल है। स्किल इंडिया योजना कई कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं पा सकी, जिसका मुख्य कारण प्रशिक्षण से संबंधित बुनियादी ढांचे की कमी और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी है। याद रहे एक कुशल और शिक्षित श्रम बल ही देश को उच्च विकास दर की ओर ले जाता है।

कौशल एवं शिक्षा ऐसा क्षेत्र है, जहां निवेश के कई प्रभाव होते हैं। जब कार्यबल अधिक कुशल बनेगा, तब आर्थिक विकास की गति को बल मिलेगा, सामाजिक बुराइयां कम होंगी और महिलाएं भी सुरक्षित होंगी। परिणामस्वरूप देश का तेजी से विकास होगा। भारत चालू खाते के घाटे से भी लगातार जूझता रहा है, जिसका अर्थ है कि देश का आयात इसके निर्यात से अधिक है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत की वैश्विक निर्यात में बमुश्किल 1.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक प्राथमिक उद्देश्य 2022 तक भारतीय जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक बढ़ाना था। हालांकि पिछले नौ वर्षों में यह स्तर 14 से 16 प्रतिशत के बीच अटका है। अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की भी बड़ी चुनौती है। देश में केवल अरबपतियों की संख्या बढ़ने से काम नहीं बनेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भले भारत की स्थिति पांचवीं हो गई हो, मगर विकास का हिस्सा बहुतों तक अभी पहुंच नहीं रहा है।

खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने, आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कृषि आधारित उद्योगीकरण द्वारा संचालित होना चाहिए। सरकार के निवेश प्रोत्साहन पर निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है, फिर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर सरकारी खर्च जारी रहना चाहिए। नई सरकार को बांड बाजार, बीमा बाजार और पेंशन बाजार का विकास भी करना चाहिए, जो अवसंरचना के लिए दीर्घकालिक वित्त और वृद्ध जनों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। जीएसटी को भी सुसंगत बनाने की जरूरत है। सरकार अगर चाहे तो कर राजस्व बढ़ाने के लिए कारपोरेट कर, संपत्ति कर जैसे कर बढ़ा सकती है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण नीतियों का सख्ती से कार्यान्वयन भी जरूरी है। अर्थव्यवस्था पर बढ़ते कर्ज का कारगर समाधान भी निकालना होगा। निजी निवेश में सुधार अर्थव्यवस्था में तरक्की का सबसे अहम कारक होगा और अगली सरकार को इस पर खास जोर देना चाहिए। हाल में आरबीआइ ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश (डिविडेंट) भुगतान करने का एलान किया है। सरकार को इस धन को शिक्षा एवं रोजगार निर्माण में लगाना चाहिए और किसी भी रेवड़ी वाली योजना से दूर रहना चाहिए।

(लेखक जेएनयू के अटल स्कूल आफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### परख

परीक्षण शक्ति को परख कहते हैं। संसार में अच्छे-बुरे की पहचान इसी से होती है। अतः किसी के प्रति आकर्षण या विकर्षण का कारण यही है। यह मानव की आंतरिक शक्ति है, जो प्रायः सभी में नहीं होती। जिसमें यह क्षमता होती है, उसे विशिष्ट बना देती है। फिर सभी कार्य जांच-परखकर किए जाते हैं। कभी पश्चाताप नहीं होता। इसलिए यदि जीवन की दिशा की निर्धारणा संगति से होती है, तो संगति की परख से। इसके बिना बच्चे ही नहीं, बड़े भी कुसंग में सब कुछ बर्बाद कर लेते हैं। जिनमें यह शक्ति होती है उनमें सत्संग के कारण अवगुणों का आगमन नहीं होता। मन, वाणी एवं कर्म पवित्र रहते हैं। सामाजिक प्रवंचना का शिकार नहीं होना पड़ता। अतः जीवन की सफलता पारखी शक्ति पर निर्भर है। यद्यपि इसका प्रारंभ परिवार से होता है। वास्तव में इसकी प्राप्ति गुरु के सान्निध्य में होती है, क्योंकि शिष्य में पारखी शक्ति का विकास करना गुरु का प्रथम कर्तव्य है।

परख का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जहां इसकी आवश्यकता न हो। जीवन में पूर्ण सफलता के लिए परख केवल बाह्य जगत की नहीं, अपनी भी होनी चाहिए। जब यह क्षमता जागृत हो जाती है तब हम अपने भी गुरु बन जाते हैं। हमारे अंदर आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होने लगता है और हम परमात्मा के सामीप्य का अनुभव करते हैं। इस विलक्षण शक्ति के जन्मदाता गुरु सहज ही शिष्य की आंतरिक शक्तियों को पहचान लेते हैं।

स्वामी विवेकानंद जब गुरु के पास गए तो प्रथम दृष्टि में ही उन्होंने इन्हें पहचान लिया। फिर उनकी आत्मिक परख को जागृत कर तर्क बुद्धि को राष्ट्रभक्ति में परिवर्तित कर दिया। परिणामतः उन्होंने राष्ट्र के आध्यात्मिक ध्वज को विश्वक्षितिज पर फहराया और अपने राष्ट्र को जगद्गुरु के गुरुतर पद पर प्रतिष्ठापित किया। यह उनकी आत्मिक परख का परिणाम था। अतः आत्ममंगल के लिए इसे अपने अंदर जागृत करना प्रत्येक मानव का धर्म है।

डा. सत्य प्रकाश मिश्र

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### नई चुनौतियों के बीच भाजपा

'भाजपा को बदलनी होगी रीति-नीति' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में अवधेश कुमार ने बदलते राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा को अपनी रीति-नीति में बदलाव लाकर जमीनी स्तर पर काम करने और युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने पर जोर डाला है। 2014 के बाद से भाजपा ने अपनी नीतियों और चुनावी रणनीतियों में कई बदलाव किए, जिससे उसे अद्वितीय सफलता मिली, लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में केवल विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे काफी नहीं हैं। जनता अब ठोस परिणाम चाहती है और स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान चाहती है। भाजपा को जमीनी स्तर पर काम करना होगा, जिससे जनता का विश्वास फिर से जीत सके। पार्टी को क्षेत्रीय नेताओं को सशक्त करना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता आज भी बरकरार है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। भाजपा को अपने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बढ़ाना होगा और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान निकालना होगा। इसके अलावा गठबंधन सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल बनाना जरूरी है। गठबंधन राजनीति में समझौता और संतुलन बनाना महत्वपूर्ण होता है, ताकि केंद्रीय और राज्य स्तर पर पार्टी की स्थिति मजबूत बनी रहे। युवाओं के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत भी भाजपा के लिए आवश्यक है। आज का युवा रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रहा है। यदि भाजपा इन क्षेत्रों में सुधार करती है तो उसका जनाधार और मजबूत हो सकता है। पार्टी को चाहिए कि वह युवाओं की अपेक्षाओं को समझे और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए। अंततः भाजपा को अपनी रीति-नीति में लचीलापन लाना होगा और समय के साथ चलना होगा। परिवर्तन ही स्थिरता का मंत्र है। भाजपा अगर इन बातों को ध्यान में रखती है तो भविष्य में उसे अपेक्षित सफलता मिल सकती है।

अमरजीत सिंह, चिरैला, बिहार

### लोकसभा चुनाव परिणाम

चुनाव परिणाम एक तरफ भाजपा को आत्मनिरीक्षण करने, अति आत्मविश्वासी न होने की ओर इशारा करते हैं, वहीं दूसरी ओर दो दलीय व्यवस्था के सूत्रपात एवं एक मजबूत विपक्ष की ओर इशारा करते हैं, जो एक सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए नितांत आवश्यक है। विपक्ष एकजुट होकर सकारात्मक दृष्टिकोण से, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में काम करता है तो देश की समृद्धि, उन्नति निश्चित है। लेकिन विपक्ष पिछले प्रदर्शन के परिदृश्य में, नकारात्मक दृष्टिकोण, दलगत राजनीति, राष्ट्रहित के स्थान पर स्वयं को महत्व देने से ऊपर नहीं उठ पाता है तो एनडीए की इस तीसरी पारी में आपेक्षित न्यायिक सुधारों एवं अन्य सुधारों पर एक प्रश्नचिह्न लगता है, पलीता लगने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। देश की प्रगति के लिए मुफ्त की रेवड़ी संस्कृति एवं आरक्षण मानसिकता से ऊपर उठना नितांत आवश्यक है। ये दोनो ही देश की प्रतिभा, उनके आत्मसम्मान और संविधान की सामजिक न्याय की मूल अवधारणा के विपरीत हैं। इसको लेकर आम आदमी को भी सचेत होना होगा।

कृष्ण मोहन अग्रवाल 'यक्ष', गौतमबुधनगर

### संभलना होगा भाजपा को

भाजपा को बदलनी होगी रीति-नीति आलेख पढ़ा। लोकसभा चुनाव के परिणाम कतई भी भाजपा की अपेक्षा के अनुसार नहीं हैं और उसका खुद बहुमत की 272 सीट न पाना इसी का नतीजा है। हालांकि नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री तो बन जाएंगे। लेकिन भाजपा निस्संदेह कमजोर हुई है और मोदी स्वयं को असहाय भी महसूस कर सकते हैं। जब से वे चुनावी राजनीति का हिस्सा हैं, उन्होंने कभी भी गठबंधन की सरकार नहीं चलाई है और यह उनकी सबसे बड़ी अग्नि परीक्षा होगी। आंकलन करने के बाद कई चीजे निकलकर आती हैं, जो भाजपा की हार के पीछे के कारण हो सकते हैं। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि सोशल मीडिया के हैंडल पर चुनाव नहीं लड़े और जीते जाते हैं। गलत सीटों का बंटवारा, दूसरे दलों से नेता लेकर उनको भाजपा से चुनाव लड़वाना और अपनी आलोचना न सुनना, जमीनी कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुख से दूरी बना लेना ऐसे कई कारण हैं। सबसे अहम बात भाजपा के विधायकों और सांसदों को समझनी पड़ेगी कि ब्रांड मोदी भी एक सीमा तक ही चल सकता है और इसकी भी एक एक्सपायरी डेट हो सकती है। ऐसे में उनका खुद का काम और व्यवहार बोलना चाहिए। मोदी नाम की बैसाखी से आप लंबे समय तक चुनाव नहीं जीत सकते हैं। सांसद और विधायक को संसद और विधानसभा के सत्र के बाद सदैव अपने क्षेत्र में लोगों के बीच रहना चाहिए और 24 घंटे फोन पर उपलब्ध रहना चाहिए।

बाल गोविंद, सेक्टर-44 नोएडा

## पोस्ट

दुनिया के किस चुनाव में आखिरी बार ऐसा देखा गया, जहां चुनाव हारने वाला चुनाव जीतने वाले से ज्यादा खुश नजर आया हो?

सदानंद धूमे@dhume

जो लोग भाजपा को लेकर अतिआत्मविश्वास और अहंकार की शिकायत कर रहे थे, वे जरा एक बार 99 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस का रुख-रवैया देख लें।

अद्वैता काला@AdvaitaKala



भारत में लोकतंत्र की व्यापकता से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा जा सकता। करीब 44 दिन चली चुनाव प्रक्रिया, 90 करोड़ से ज्यादा मतदाता, 64 करोड़ लोगों द्वारा मतदान, जिनमें करीब आधी महिलाएं रहीं, 11 लाख पोलिंग बूथ और 55 लाख ईवीएम से इस प्रक्रिया को संपन्न किया गया।

हुसैन हक्कानी@husainhaqqani

आम चुनाव में एक ताकतवर सरकार को अपेक्षा के विपरीत बड़ा झटका लगा। इसके बावजूद सब कुछ शांतिपूर्ण निपटा। कोई गड़बड़ी नहीं। किसी प्रत्याशी को कोई क्षति नहीं पहुंची, जबकि मेक्सिको के चुनाव में करीब 37 लोगों की मौत हो गई, जिसकी जीडीपी भारत से लगभग चार गुना अधिक है। भारत की चुनाव प्रक्रिया पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

शेखर गुप्ता@ShekharGupta

## जनपथ

चुपके-चुपके हो गया देखो वोट जिहाद,
रहे चलाते आप-हम केवल समाजवाद।
केवल समाजवाद याद ना आया राशन,
गया जाति से हार मिला जो हमें सुशासन!
अपनों ने ही वार किया मोदी पे छुपके,
अपनी ही नस काट रहे हम चुपके-चुपके!!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 324

*********

हरियाणा सरकार

“हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY) से लाखों परिवारों को सीधे लाभ पहुँचाने का यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह योजना गरीब परिवारों को मुफ्त यात्रा उपलब्ध करने के साथ ही उन्हें आवागमन में सहूलियत प्रदान कर रही है।”

-नायब सिंह



# हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों के सभी सदस्यों को सरकारी बसों में


## प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक मुफ्त सफर की सुविधा

## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना HAPPY






## आज से प्रदेश के सभी 36 डिपो/सब डिपो पर नए कार्ड का वितरण शुरू




नए कार्ड के वितरण हेतु

**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि

# श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री, हरियाणा

दिनांक - 7 जून, 2024 । समय - सायं 3 बजे

स्थान - मंगल सेन ऑडिटोरियम, नजदीक बस अड्डा, करनाल

हेल्पलाइन नं.
0172-5200600

नया कार्ड प्राप्त करने या आवेदन हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**वंचित को वरीयता**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

| सेंसेक्स | सराफा | सोना | चांदी | डालर ($) |
|---|---|---|---|---|
| 75,074.51 ↗ 692.27 | दिल्ली के भाव | ₹ 73,500 10 ग्राम ↗ ₹ 680 | ₹ 93,300 1 किलो ↗ ₹ 1,400 | ₹ 83.53 ↗ 0.09 |

## एक नजर में

### मई में 6.7 अरब डालर रहा प्राइवेट इक्विटी निवेश

**नई दिल्ली :** पिछले महीने भारतीय कंपनियों में प्राइवेट इक्विटी (पीई) के जरिये 6.7 अरब डालर का निवेश हुआ है। ग्रांट थार्नटन भारत डेटाट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने रियल एस्टेट, ई-कामर्स, हेल्थकेयर और वित्तीय सेवा जैसे क्षेत्रों में पीई निवेश बढ़ा है। ग्रांट थार्नटन भारत में पार्टनर शांति विजेता का कहना है कि पीई सौदों में वृद्धि बाजार में लचीलेपन का संकेत देती है। (आइएएनएस)

### एनवीडिया ने पूंजीकरण के मामले में एपल को पछाड़ा

**न्यूयार्क :** शेयरों में बुधवार को रही तेजी की बदौलत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का बाजार पूंजीकरण 3.012 ट्रिलियन डालर हो गया है। अब एनवीडिया एपल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एपल का पूंजीकरण 3.003 ट्रिलियन डालर है। 3.15 ट्रिलियन डालर के साथ माइक्रोसाफ्ट दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। (रायटर)

### आइटीसी के होटल कारोबार को अलग करने की मंजूरी

**नई दिल्ली :** आइटीसी ने गुरुवार को बताया कि शेयरधारकों ने होटल कारोबार को अलग करने के लिए मंजूरी दे दी है। आइटीसी ने पिछले वर्ष जुलाई में होटल कारोबार को अलग करने की घोषणा की थी। नई इकाई बनने के बाद आइटीसी होटल्स 60 प्रतिशत हिस्सेदारी आइटीसी के शेयरधारकों को जारी करेगा। शेष 40 प्रतिशत हिस्सेदारी आइटीसी के पास रहेगी। (प्रेट्र)

### सात शहरों में बिना बिके घरों की संख्या 24 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली :** देश के सात प्रमुख शहरों में 2019 से अब तक बिना बिके घरों की संख्या में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जेएलएल इंडिया की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सात प्रमुख शहरों में मार्च 2024 के अंत तक बिना बिके घरों की संख्या 4.68 लाख इकाई रही है। सात प्रमुख शहरों में एनसीआर, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता शामिल हैं। (प्रेट्र)

# दो दिन में 2,900 अंक से ज्यादा बढ़ा सेंसेक्स

## फिर 75 हजार के पार पहुंचा बीएसई का मानक सूचकांक



- 21 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ा बीएसई का बाजार पूंजीकरण
- विशेषज्ञ बोले, राज्य सरकार बनने से सकारात्मक वृद्धि जारी रहेगी

| सेंसेक्स के टाप गेनर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 4.07% |
| एचसीएल टेक | 4.04% |
| एसबीआइ | 3.46% |
| इन्फोसिस | 2.95% |
| एनटीपीसी | 2.65% |

| सेंसेक्स के टाप लूजर | |
|---|---|
| एचयूएल | 2.04% |
| एशियन पेंट्स | 1.88% |
| महिंद्रा | 1.57% |
| नेस्ले इंडिया | 1.40% |
| इंडसइंड बैंक | 1.35 |

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार चुनावी नतीजों के बाद आई बड़ी गिरावट से उबर रहे हैं और लगातार दूसरे दिन बड़ी वृद्धि के साथ बंद हुए। गुरुवार को बीएसई का मानक सूचकांक 692.27 अंक की तेजी के साथ 75 हजार के स्तर के पार जाकर 75,074.51 पर जाकर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 201.05 अंक की बढ़त के साथ 22,800 के पार जाकर 22,821.40 पर बंद हुए। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स में 2,303 अंक की वृद्धि हुई थी। बीते दो दिनों की तेजी से सेंसेक्स 2,900 अंक से ज्यादा बढ़ चुका है।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य सरकार के गठन में अगर कोई अड़चन नहीं आती है तो बाजार में सकारात्मक बढ़ोतरी जारी रहेगी। लेकिन सरकारी कंपनियों के शेयर भाव में बाजार की बढ़ोतरी के हिसाब से तेजी दर्ज नहीं की गई। हालांकि विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि भाजपा को छोड़ प्रमुख मंत्रालय अगर गठबंधन के दलों को दिए जाते हैं तो फिर से बाजार प्रभावित हो सकता है। बीते दो दिनों की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। अब बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का पूंजीकरण 415.89 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मंगलवार को एग्जिट पोल के अनुरूप चुनावी नतीजे नहीं आने से सेंसेक्स में करीब 4,300 अंक की गिरावट रही है और बीएसई के पूंजीकरण में करीब 31 लाख करोड़ रुपये की कमी आई थी।

## अदाणी समूह के शेयरों में तेजी जारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और समूह की सूचीबद्ध शीर्ष-10 में से नौ कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई में अदाणी एनर्जी साल्यूशंस के शेयरों में सबसे ज्यादा 5.10 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। अदाणी टोटल गैस के शेयर 3.97 प्रतिशत, एनडीटीवी के 3.70 प्रतिशत, अदाणी पावर के शेयर 3.17 प्रतिशत और अदाणी विल्मर के शेयर 3.05 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसके अलावा एसीसी में 2.56 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 2.13 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 1.99 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट में 1.77 प्रतिशत की तेजी रही। इस वृद्धि के बाद इन नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण बढ़कर 14.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान केवल अदाणी पोर्ट्स के शेयर 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। इससे पहले बुधवार को भी अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए थे। मंगलवार को समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट हुई थी।

### 1,400 रुपये महंगी हुई चांदी, सोना भी चढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के चलते गुरुवार को दिल्ली में चांदी के मूल्य में 1,400 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके साथ चांदी का मूल्य 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। वहीं सोने का मूल्य 680 रुपये बढ़कर 73,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वैश्विक बाजार में सोने के मूल्य में 28 डालर प्रति औंस की वृद्धि हुई और यह 2,360 डालर प्रति औंस हो गया है।

# मई में शाकाहारी थाली की लागत नौ प्रतिशत बढ़ी

- टमाटर, आलू और प्याज की कीमतों में तेजी का दिखा असर
- इस दौरान मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली, एजेंसियां :** मई के दौरान देश में घरों में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घर पर तैयार की जाने वाली सामान्य मांसाहारी थाली की लागत में पिछले महीने सात प्रतिशत की कमी आई है।

रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की लागत में बढ़ोतरी के लिए मुख्य रूप से टमाटर, आलू और प्याज के मूल्यों में बढ़ोतरी को कारण बताया गया है। जबकि अन्य वस्तुओं के मूल्य लगभग स्थिर रहे हैं। पिछले महीने टमाटर, आलू और प्याज के मूल्य में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले क्रमशः 39, 41 और 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। पिछले वित्त वर्ष में कम आधार के चलते इनके मूल्य में यह तेज बढ़ोतरी रही है। रबी फसलों की उपज में कमी और बंगाल से कम आवक के चलते भी टमाटर, आलू और प्याज के मूल्य में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ब्रायलर (फार्म में तैयार होने वाला चिकन) की कीमतों में 16 प्रतिशत की कमी से मांसाहारी थाली की लागत घटी है। मांसाहारी थाली में ब्रायलर की करीब 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने इस साल प्याज उत्पादन में गिरावट की आशंका जताई है। इससे खाद्य वस्तुओं की कीमतों में और वृद्धि की आशंका बढ़ गई है। मंत्रालय ने इस वर्ष सब्जियों का उत्पादन करीब 20.49 करोड़ टन रहने का अनुमान जताया है। इस दौरान प्याज उत्पादन में बड़ी गिरावट रही है।

# ब्याज में कटौती होगी या नहीं, फैसला आज

- आरबीआइ गवर्नर आज देंगे एमपीसी के फैसलों की जानकारी
- अधिकांश विशेषज्ञों ने रेपो रेट के स्थिर रहने की उम्मीद जताई

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** आम चुनाव-2024 के परिणाम आने के बाद अब शुक्रवार को ब्याज दरों को लेकर भी स्थिति साफ हो जाएगी। ब्याज दर तय करने वाली आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक दो दिन से चल रही है। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास आज बताएंगे कि देश में रेपो रेट (बैंकों की उधारी दर को तय करने वाली व्यवस्था) को मौजूदा स्तर पर स्थिर रखना है या इसमें कोई बदलाव करना है। कई विशेषज्ञों ने कहा है कि महंगाई में नरमी के बावजूद आरबीआइ एक बार फिर रेपो रेट को स्थिर ही रखेगा।

यूनियन म्यूचुअल फंड के प्रमुख (रुआई आय) परिजात अग्रवाल ने उम्मीद जताई है कि इस बार भी रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा जाएगा। हालांकि, बाजार में तरलता की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। चूंकि केंद्र में नई सरकार के आने के बाद खर्चे की रफ्तार बढ़ाए जाने की संभावना है। इसलिए, बैंकिंग व्यवस्था के पास ज्यादा फंड उपलब्ध कराने की कोशिश होगी। जहां तक महंगाई की बात है तो खाद्य उत्पादों की कीमतों की वजह से स्थिति बहुत नियंत्रण में नहीं है। आइटीआइ म्यूचुअल फंड के प्रमुख (स्थाई आय) विक्रांत मेहता का कहना है, 'यह देखना जरूरी है कि ब्याज दरों को लेकर एमपीसी क्या संकेत देता है। पिछली बैठक के बाद वैश्विक हालात ज्यादा अनिश्चित हो गए हैं। यह भी देखा जा रहा है कि दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंक भी ब्याज दरों को उम्मीद से ज्यादा समय तक स्थिर रखे हुए हैं। जहां तक भारत की बात है तो ब्याज में बदलाव की संभावना कम है।'

### यूरोपियन सेंट्रल बैंक ने ब्याज घटाकर 4.25 प्रतिशत किया

शुक्रवार को आरबीआइ गवर्नर की तरफ से कोई घोषणा होने से पहले गुरुवार को यूरोपियन सेंट्रल बैंक ने ब्याज दरों को 4.50 प्रतिशत से घटाकर 4.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। जमा दरों को भी चार प्रतिशत से घटाकर 3.75 प्रतिशत कर दिया गया है। वर्ष 2019 के बाद यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने पहली बार ब्याज दरों को घटाया है। इस संदर्भ में कुछ बैंकरों का कहना है कि भारत में महंगाई की स्थिति यूरोपीय देशों के मुकाबले अलग है। यहां गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है जिन पर महंगाई में थोड़ी बहुत वृद्धि होने का बड़ा असर होता है। आरबीआइ के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में खाद्य महंगाई की स्थिति और बिगड़ सकती है। कुछ दिन पहले ही एसबीआइ की एक शोध रिपोर्ट आई थी जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में रेपो रेट में कमी की उम्मीद जताई गई थी।

## मई के दौरान पांच प्रतिशत बढ़ी घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने गुरुवार को कहा कि मई के दौरान घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में मासिक आधार पर 5.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। इस दौरान 1.38 करोड़ यात्रियों ने घरेलू हवाई यात्रा की है। इसी वर्ष अप्रैल में 1.32 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई यात्रा की थी।

रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले महीने घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में वार्षिक आधार पर 5.1 प्रतिशत और कोरोना से पहले के स्तर के मुकाबले 14 प्रतिशत की वृद्धि रही है। एजेंसी का कहना है कि मई 2023 के मुकाबले पिछले महीने विमानन कंपनियों की यात्री क्षमता में छह प्रतिशत और अप्रैल 2024 के मुकाबले दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में कुल 15.4 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया और इसमें वार्षिक आधार पर 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है।

# चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर

फिच रेटिंग्स ने कहा, गठबंधन की राजनीति और कमजोर जनादेश से महत्वाकांक्षी सुधारों पर कानून पारित करना चुनौतीपूर्ण




**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने सरकार गठन की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। इस बीच रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि गठबंधन की राजनीति और कमजोर जनादेश से महत्वाकांक्षी सुधारों पर कानून पारित करना चुनौतीपूर्ण बना सकता है। रेटिंग एजेंसी ने उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर सात प्रतिशत पर बनी रहेगी।

एजेंसी का कहना है कि सरकार के पास कम बहुमत होने के बावजूद वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत की मध्यम-अवधि वृद्धि हमारे अनुमान 6.2 प्रतिशत के आसपास रहेगी। बुनियादी ढांचे पर जारी सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, डिजिटलीकरण की पहल और महामारी से पहले की तुलना में बैंक एवं कंपनियों के बहीखाते में सुधार से निजी निवेश के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। हमारा मानना है कि भूमि और श्रम कानूनों में बड़े सुधार नई सरकार के एजेंडे में बने रहेंगे। लेकिन ये लंबे समय से विवादास्पद रहे हैं और राजग का कमजोर जनादेश इन कानूनों को पारित करना और जटिल कर देगा। यह भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाओं के संभावित लाभ को कम कर सकता है।

फिच ने कहा कि इस नतीजे से व्यापक नीतिगत निरंतरता को बढ़ावा मिलना चाहिए, क्योंकि सरकार इन्फ्रा पर पूंजीगत व्यय, कारोबारी माहौल में सुधार और धीरे-धीरे राजकोषीय मजबूती को प्राथमिकता देना जारी रखेगी। हमें नहीं लगता कि चुनाव में हुए नुकसान से नीतिगत समायोजन में कोई बड़ा बदलाव आएगा, लेकिन जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट से आने वाले पांच वर्षों में आर्थिक सुधार की प्राथमिकताओं और राजकोषीय योजनाओं के बारे में अधिक स्पष्टता मिलनी चाहिए।

### पीएलआइ योजना के बरकरार रहने की उम्मीद

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना बरकरार रहेगी, जो इलेक्ट्रानिक्स जैसे लक्षित क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी। हालांकि, निजी निवेश में अभी तक सार्थक रूप से तेजी नहीं आई है, जो दृष्टिकोण के लिए जोखिम का प्रतिनिधित्व करता है। फिच रेटिंग्स ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 5.1 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा और अगले वित्त वर्ष में घाटे को 4.5 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य भी पहुंच में आ रहा है।

---



### प्रज्वल रेवन्ना की एसआइटी हिरासत 10 जून तक बढ़ी

**बेंगलुरु :** सेक्स स्कैंडल मामले के आरोपित प्रज्वल रेवन्ना की एसआइटी हिरासत बेंगलुरु की एक कोर्ट ने 10 जून तक बढ़ा दी है। वह यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान एसआइटी के वकील ने कहा कि आरोपित प्रज्वल ने मोबाइल फोन के बारे में जानकारी नहीं दी है। विदेश में रहने के दौरान पैसे के भुगतान के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी है। (यह सवालों का सही जवाब नहीं दे रहे हैं।) (प्रेट्र)

### चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम को मिली जमानत

**नई दिल्ली :** चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को अदालत ने नियमित जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपित को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानती पर जमानत दे दी। अदालत ने मामले में ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ पेशी का समन जारी किया था, जिसके अनुपालन में वो अदालत के समक्ष पेश हुए थे। (जासं)

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा स्टारलाइनर कैप्सूल

**केप केनवेरल :** बोइंग का नया स्टारलाइनर कैप्सूल नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया। कई गाइडेंस-कंट्रोल जेट थ्रस्टर्स नष्ट हो जाने के बाद यह कैप्सूल आइएसएस पर पहुंचा है। नासा और बोइंग का कहना है कि इससे मिशन पर असर नहीं पड़ेगा। स्टारलाइनर से बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स गए हैं और आइएसएस पर 27 घंटे उड़ान के बाद पहुंचे। (रायटर)

### अंतरिम जमानत को अदालत पहुंचे इंजीनियर रशीद

**नई दिल्ली :** आतंकी फंडिंग मामले में आरोपित इंजीनियर रशीद ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद संसद सदस्य (सांसद) के रूप में शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने गुरुवार को मामले में एनआइए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। रशीद ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को दो लाख से अधिक मतों से हराकर जीत दर्ज की है। (जासं)

# भूतपूर्व सैनिक की तलाकशुदा बेटी दोहरी पारिवारिक पेंशन की हकदार : हाई कोर्ट

दयानंद शर्मा • जागरण

हरियाणा सरकार के आदेश को रद करते हुए हाई कोर्ट ने दिया फैसला, अंबाला की नीलम कुमारी ने हाई कोर्ट में दाखिल की थी याचिका

**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि पूर्व सैनिक की तलाकशुदा बेटी उस दोहरी पेंशन की हकदार है, जो उसके पिता-माता को राज्य में सैन्य व सिविल नौकरी में दी गई सेवाओं के मद्देनजर मिल रही थी। हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को बकाया राशि के साथ दोहरी पारिवारिक पेंशन का लाभ जारी करे। राज्य सरकार ने एक तलाकशुदा महिला को उसके माता-पिता की मृत्यु के बाद पेंशन देने से इनकार कर दिया था। उसे सेना से पारिवारिक पेंशन मिल रही थी।

अंबाला की नीलम कुमारी की ओर से दायर याचिका के मुताबिक उनके पिता मंगत राम को सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन मिल रही थी। इसके बाद वह राज्य परिवहन विभाग में शामिल हो गए, जहां से 27 साल की सेवा के बाद 1985 में सेवानिवृत्त हुए। अगस्त 1992 में उनकी मृत्यु होने के बाद नीलम की मां शांति देवी को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिला। प्रारंभ में हरियाणा में दोहरी पेंशन का लाभ उपलब्ध नहीं था, लेकिन सात फरवरी 2014 की अधिसूचना के अनुसार पंजाब सिविल सेवा नियम खंड-II में संशोधन किया गया, जिसके बाद सरकारी कर्मचारियों की विधवाओं को दोहरी पारिवारिक पेंशन की अनुमति दी गई। उसकी मां की मृत्यु दिसंबर 2017 में हो गई। इसके बाद तलाकशुदा बेटी होने के नाते नीलम कुमारी को छह नवंबर 2019 को सेना की ओर से पेंशन दी गई। लेकिन, हरियाणा सरकार ने दूसरी पेंशन को अस्वीकार कर दिया।

जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी ने कहा, 1964 की योजना के अनुसार पारिवारिक पेंशन कानूनी उत्तराधिकारियों को स्वीकार्य है, जिसमें प्रावधान है कि विधवाओं या विधुरों को पारिवारिक पेंशन की पात्रता है, लेकिन यदि कोई आश्रित बच्चा या तलाकशुदा बेटी है, तो वह भी पारिवारिक पेंशन के लाभ के लिए पात्र है।

## वीआइटी के चांसलर डा. जी विश्वनाथन को मानद डाक्टरेट की उपाधि

**नई दिल्ली (वि.) :** वेल्लोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी (वीआइटी) के संस्थापक और चांसलर डा. जी विश्वनाथन ने हाल ही में अमेरिका में बिंघमटन यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह के दौरान स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क (एसयूएनवाई) से मानद डाक्टर आफ ला की डिग्री प्राप्त की है।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर ने डा. विश्वनाथन को यह उपाधि प्रदान की। हार्वे स्टेंगर ने कहा कि चांसलर विश्वनाथन भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और दुनिया भर के संस्थानों के साथ साझेदारी करने में अग्रणी रहे हैं। बिंघमटन विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डोनाल्ड हाल, डीन प्रो. श्रीहरि कृष्णस्वामी, विधानसभा सदस्य डोना ए लुपार्डो, सीनेट सदस्य लीया वेब, वीआइटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डा. शेखर विश्वनाथन और डा. जी वी सेल्वम, सहायक उपाध्यक्ष कादम्बरी एस विश्वनाथन और वीआइटी के अंतरराष्ट्रीय संबंध निदेशक डा. आर सीनिवासन भी दीक्षा समारोह के दौरान उपस्थित थे। गौरतलब है कि डा. जी विश्वनाथन को 2009 में वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

# मध्य प्रदेश में तेज होगी समान नागरिक संहिता विधेयक बनाने की तैयारी

सौरभ सोनी • नईदुनिया



मप्र के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव

मध्य प्रदेश की परिस्थितियों को देखकर यूसीसी कानून लागू करने का निर्णय लिया जाएगा।
-कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास, मध्य प्रदेश

**भोपाल :** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब मध्य प्रदेश में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक लाने की तैयारी तेज होगी। इससे पहले उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून अधिसूचित करने वाला देश का पहला राज्य बना है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिसंबर, 2022 में यूसीसी मध्य प्रदेश में लागू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद मध्य प्रदेश में विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव के कारण विधेयक बनाने की तैयारी मंद पड़ गई थी, जिसे अब गति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही समिति का गठन होगा, जो उत्तराखंड के कानून का अध्ययन करके रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी। इसके आधार पर विधेयक का प्रारूप तैयार करके विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। डा. मोहन यादव भी मुख्यमंत्री बनने के बाद समान नागरिक संहिता को लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि जैसा केंद्र सरकार कहेगी मध्य प्रदेश में वैसा ही करेंगे। वहीं, अमित शाह ने भी 26 अप्रैल को गुना संसदीय क्षेत्र में रैली के दौरान कहा था कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार देश में यूसीसी लागू करेगी, क्योंकि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।

**यह है समान नागरिक संहिता :** यूसीसी को भारत के संविधान में अनुच्छेद-44 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि इसका अर्थ है एक देश-एक नियम। यूसीसी धर्म की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का एक सेट रखती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि उनके मौलिक और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। यूसीसी कानून के एक सामान्य समूह को संदर्भित करता है, जो भारत के सभी नागरिकों पर विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने और उत्तराधिकार के संबंध में लागू होती है। ये कानून भारत के नागरिकों पर धर्म और लिंग रुझान के बावजूद लागू होते हैं।

**उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता अधिनियम के रूप में अधिसूचित :** उत्तराखंड विधानसभा ने पारित यूसीसी ने अब कानून का रूप ले लिया है। राष्ट्रपति मुर्मु के विधेयक को मंजूरी देने के बाद सरकार ने इसे अधिनियम के रूप में अधिसूचित कर दिया। यह कानून उस दिन से लागू होगा जब सरकार इसकी अधिसूचना जारी करेगी। सरकार ने इसकी नियमावली बनाने को समिति का गठन किया है जो इस पर कार्य कर रही है। संहिता में मुख्य रूप से महिला अधिकारों के संरक्षण को केंद्र में रखा है। इसे चार खंडों, यानी विवाह और विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध (लिव-इन रिलेशनशिप) और विविध में विभाजित किया गया है।

## सीआरपीएफ के इतिहास में पहली बार खानसामों व जलवाहकों की पदोन्नति

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। ऐसा 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार हुआ है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी। इसके पास दो क्लिष्ट वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं, जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के एक बहुत बड़े नेटवर्क को संभालते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एक आदेश के जरिये 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है। सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब उन्हें कुक और वाटर करियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था। इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद ये उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

## जागरण विशेष

# हाई और सुप्रीम कोर्ट पहुंचने की राह हुई सुगम, आनलाइन होगी सुनवाई


## ई-फाइलिंग केंद्र बनाकर याचिका दायर करने की प्रक्रिया को आसान बनाने पर है जोर, समय के साथ आर्थिक रूप से भी होगा लोगों को लाभ

लवनीत शर्मा • जागरण

**मेरठ :** न्याय की अवधारणा है कि न्याय सुलभ हो, समय से मिले और न्याय पाने में अर्थ भी कम खर्च हो। यह अवधारणा अब उत्तर प्रदेश में ई-फाइलिंग केंद्र के रूप में साकार होने लगी है। प्रदेश का पहला ई-फाइलिंग केंद्र मेरठ कचहरी परिसर स्थित हेरिटेज भवन में शुरू हो चुका है। पड़ोसी जनपदों में भी इस माह में ही यह केंद्र शुरू करने की तैयारी है। ई-फाइलिंग केंद्र की मदद से उच्च न्यायालय में पहली याचिका भी दायर की जा चुकी है। इस ई-फाइलिंग केंद्र की बड़ी खासियत होगी कि यहां सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की सुविधा भी मिलेगी।

उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 29 मई को विधिवत कचहरी परिसर में ई-फाइलिंग केंद्र का शुभारंभ जिला जज रजत सिंह जैन ने किया। केंद्र शुरू होने से अब न्याय के लिए मेरठ से 678 किमी की दूर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जाने की जरूरत नहीं होगी। पहले ही दिन वरिष्ठ अधिवक्ता परवेज आलम ने केंद्र के माध्यम से पहली जमानत याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर की। याचिका से संबंधित कागजात की जांच के बाद सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित की जाएगी। इसकी जानकारी संबंधित अधिवक्ता को उनके मोबाइल पर संदेश के माध्यम से मिलेगी।

**पांच हजार का काम हुआ मात्र 45 रुपये में :** ई-फाइलिंग केंद्र पर अपने बेटे सोहेल की जमानत के लिए याचिका दायर कराने वाली शबनम ने बताया कि उनके बेटे के विरुद्ध थाना खरखौदा में धारा 395 आइपीसी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में मार्च 2023 में वह इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए प्रयागराज गई थीं। इसमें उनके करीब पांच हजार रुपये खर्च हुए थे और तीन दिन का समय लगा था। हाई कोर्ट से उसके बेटे को जमानत मिल गई थी। 28 दिसंबर, 2023 को पुलिस ने सोहेल पर उत्तर प्रदेश राज्य अंतर्गत धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। इस मामले में सोहेल 28 फरवरी से जेल में है। जिला जज कोर्ट ने 13 मार्च को सोहेल की जमानत खारिज कर दी। अब जमानत के लिए अपील याचिका हाई कोर्ट में योजित होनी थी। इस बार अधिवक्ता परवेज आलम ने ई-फाइलिंग के माध्यम से याचिका दायर की है। नियमानुसार यहां मात्र 45 रुपये की रसीद कटी है।



मेरठ कचहरी परिसर में 29 मई को हुआ था ई-फाइलिंग केंद्र का शुभारंभ • जागरण आर्काइव

### वादों की संख्या बढ़ने पर बढ़ेगी सुविधा

ई-फाइलिंग केंद्र पर फिलहाल एक कंप्यूटर, स्कैनर की व्यवस्था की गई है। साथ ही चार लोगों का स्टाफ तैनात है। वादों की कम संख्या के चलते अभी उपलब्ध सुविधा पर्याप्त है। हालांकि ई-फाइलिंग के माध्यम से वादों की संख्या बढ़ने पर उपकरण और कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि के निर्देश प्राप्त हैं।

**ई-फाइलिंग के लिए ये जरूरी :** वादकारी को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी, डिजिटल हस्ताक्षर के साथ शपथ पत्र सत्यापित कर ई-फाइलिंग केंद्र में अपने वाद को प्रस्तुत करना होगा।



ई-फाइलिंग केंद्र शुरू कराने के लिए कई बार प्रकरण को उचित मंच पर रखा, जिसके सुखद परिणाम सामने आए। मैं खुद केंद्र पर सुविधाओं के विस्तार के लिए अपनी निधि से बजट प्रदान करूंगा। व्यवस्था शुरू होने से वादकारियों के साथ अधिवक्ताओं को भी प्रयागराज के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।
- डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राज्यसभा सदस्य

गई और उन्हें इसके लिए प्रयागराज भी नहीं जाना पड़ा। ऐसे में समय के साथ पैसा भी बचा।

**वर्चुअल होगी सुनवाई :** अधिवक्ता परवेज आलम ने बताया कि जमानत याचिका की सुनवाई कचहरी परिसर स्थित कंप्यूटर कक्ष में वर्चुअल होगी। प्रकरण में बहस के बाद आदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। वर्चुअल बहस करने के लिए मेरठ न्यायालय परिसर में पहले से अच्छी व्यवस्था है। ऐसे में उन्हें केस में बहस के लिए प्रयागराज नहीं जाना होगा।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

## एक नजर में

### 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' लिखना उचित नहीं

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि सैन्य प्रतिष्ठानों के बाहर साइन बोर्ड पर 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' या 'घुसपैठ करने वाले को गोली मार दी जाएगी' जैसे संदेश लिखना उचित नहीं है। सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के परिसर में बिना बताए प्रवेश करने की अनुमति नहीं है, लेकिन ऐसे शब्दों को लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ नेपाली नागरिक इटवीर लिम्बु की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने यह आदेश देते हुए केंद्र सरकार के अधिवक्ता से नियमों की जानकारी मांगी। (जासं)

### बिना वीजा के प्रवेश करने वाला चीनी नागरिक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर: बिहार के मुजफ्फरपुर में ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसकी पहचान चीन के ली जियाकी के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से चीन का एक पासपोर्ट, मोबाइल, चार्जर, आइडी कार्ड, बस टिकट, विजिटिंग कार्ड, चाइनीज नोट, नेपाली व भारतीय रुपये, चीन का मैप, पत्थर की तीन छोटी मूर्तियां, तीन छोटे-छोटे पत्थर व दो फोटो जब्त किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि संवेदनशील मामला है। कई जांच एजेंसियों ने पूछताछ की है। ब्रह्मपुरा थानाध्यक्ष के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि उसे जेल भेजा गया है। (जासं)

# नीट की परीक्षा में अनियमितता के आरोपों को एनटीए ने नकारा

## कांग्रेस ने कहा- लाखों युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद

**एनटीए ने कहा, मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की परीक्षा की प्रामाणिकता से नहीं किया गया है कोई समझौता**

नई दिल्ली, प्रेट्र: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की परीक्षा नीट-यूजी में कटआफ और टापर्स की संख्या में वृद्धि परीक्षा की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाती है। एनटीए ने कहा कि परीक्षा की प्रामाणिकता से कोई समझौता नहीं किया गया है। यह स्पष्टीकरण नीट (राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा), 2024 में अनियमितताओं और अंकों में वृद्धि के आरोपों के बीच आया है।

कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, "नीट की परीक्षा के बाद अब नीट के परिणाम में विवादों है। नीट के परिणाम घोषित होने के बाद एक ही केंद्र के छह छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा नीट से जुड़ी कई अन्य अनियमितताएं भी सामने आई हैं।" पार्टी ने लिखा, "पहले पेपर लीक और अब परिणाम में गड़बड़ी के कारण देश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। साफ है कि यह सरकार बिना पेपर लीक हुए कोई भी पेपर नहीं करवा सकती। साहब विदेशों में युद्ध रोकने का दावा करते हैं, लेकिन देश में पेपर लीक तक नहीं रोक पा रहे हैं।"

स्पष्टीकरण देते हुए एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "कटआफ में वृद्धि परीक्षा की प्रतिस्पर्धी प्रकृति और इस वर्ष अभ्यर्थियों द्वारा हासिल किए गए उच्च प्रदर्शन मानकों को दर्शाती है। 2023 में परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या 20,38,596 थी, जबकि 2024 में 23,33,297 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि स्वाभाविक रूप से उच्च स्कोर करने वालों में वृद्धि का कारण बनी।" उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने से यह पता चला है कि परीक्षा की प्रामाणिकता से कोई समझौता नहीं किया गया। गौरतलब है कि कई अभ्यर्थियों ने अंकों में वृद्धि का आरोप लगाया है क्योंकि रिकार्ड 67 उम्मीदवारों ने पहली रैंक हासिल की है, जिनमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यर्थी शामिल हैं।

एनटीए ने कहा कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव और परीक्षा केंद्रों पर समय की बर्बादी की वजह से ग्रेस मार्क्स दिए जाने के कारण छात्रों को अधिक अंक मिले हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रश्नपत्र एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तक से तैयार किया गया था, लेकिन कुछ छात्रों के पास एनसीईआरटी की पुरानी पाठ्यपुस्तकें थीं। एनटीए को इस मुद्दे पर भी याचिका मिली थी, जिसके कारण एनटीए को उन सभी छात्रों को पांच अंक देने पड़े जिन्होंने दो विकल्पों में से एक को चुना था।

इस कारण कुल 44 छात्रों के अंक 715 से बढ़कर 720 हो गए, जिससे टापर्स की संख्या में वृद्धि हुई। एनटीए ने बताया कि नीट-यूजी अभ्यर्थियों द्वारा पंजाब एवं हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ हाई कोर्टों में कुछ याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनमें कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालन के दौरान समय बर्बाद होने पर चिंता जताई गई थी। अधिकारी ने कहा, "रिट याचिकाओं और आवेदनों के जरिये परीक्षा के समय की बर्बादी के बारे में अभ्यर्थियों द्वारा उठाई गई चिंताओं का पता लगाया गया और 1,563 अभ्यर्थियों को समय की बर्बादी के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए। इनमें से दो अभ्यर्थियों के अंक ग्रेस मार्क्स के कारण क्रमशः 718 और 719 हो गए हैं।"

## गुजरात में भ्रष्ट अधिकारियों ने दी किस्तों में रिश्वत देने की सुविधा

राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद: भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को गुजरात के सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार होने की शिकायतें मिली हैं। इसमें कई मामलों में तो भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने किस्तों में रिश्वत की राशि चुकाने की व्यवस्था की। राज्य जीएसटी विभाग ने फर्जी बिलिंग घोटाले के आरोपित को 21 लाख रुपये नौ किस्तों में चुकाने को कहा।

गुजरात एसीबी के महानिदेशक शमशेर सिंह ने बताया कि सरकारी व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ रिश्वत लेने के कई मामले सामने आए हैं। ऐसा लगता है अधिकारियों ने भ्रष्टाचार करने व रिश्वत लेने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने दिया। जिन मामलों में शिकायतकर्ताओं ने एसीबी को सबूत पेश किये हैं, उसकी जांच शुरू हो गई है।

मार्च 2024 में फर्जी बिलिंग मामले में जीएसटी के एक अधिकारी पर 21 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगा। अधिकारी ने यह रकम एक साथ देने में अक्षम होने पर आरोपित को तीन लाख रुपये पहले तथा शेष रिश्वत की राशि को नौ किस्तों में चुकाने को कहा। अप्रैल 2024 में एक उप सरपंच ने एक ग्रामीण से 85 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। ग्रामीण की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उप सरपंच ने उसे 35 हजार रुपये पहले तथा बाकी की रकम तीन किस्तों में चुकाने को कहा।

# कांग्रेस-सपा के नवनिर्वाचित सांसदों के समर्थकों का हुड़दंग, 41 पर प्राथमिकी

- सहारनपुर में चार जून को स्टंट करते हुए थाने के सामने से गुजरे थे सांसद समर्थक
- कैराना में जीत के बाद सपा समर्थकों ने अर्धनग्न होकर निकाली बाइक रैली



सहारनपुर में इमरान मसूद की जीत पर कुतुबशेर थाना रोड पर हुड़दंग • इंटरनेट मीडिया

जागरण संवाददाता, सहारनपुर: लोस चुनाव का परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस-सपा के नवनिर्वाचित सांसदों के समर्थकों ने जमकर हुड़दंग किया। सहारनपुर में कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद के समर्थकों ने थाने के सामने से 40 से अधिक बाइकों का काफिला हुड़दंग और स्टंट करते हुए निकाला, लेकिन पुलिस ने उस दिन कोई कार्रवाई नहीं की। पांच जून को वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ तो पुलिस हरकत में आई। सहारनपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को हुड़दंगी 20 युवकों को नामजद करते हुए 41 लोगों के खिलाफ जाम लगाने, धारा 144 का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, पुलिस ने 15 बाइकों को भी सीज किया है। थाना प्रभारी सुनील नागर ने बताया कि जांच में आया है कि जुलूस निकालने वाले सभी लोग इमरान मसूद के समर्थक थे। किसी भी बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

उधर, लोस चुनाव में जीत के बाद लखीमपुर खीरी में भी सपा कार्यकर्ताओं ने उधम मचाया।

**शामली में भी हुई स्टंटबाजी:** कैराना लोस सीट पर सपा की इकरा हसन की जीत के बाद उनके समर्थकों ने स्टंटबाजी की थी।। एएसपी संतोष सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही हैं। हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी के मंत्री असीम अरुण ने अखिलेश को लिखी रोचक बधाई

जागरण संवाददाता, कन्नौज: सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज का सांसद चुने जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने रोचक अंदाज में बधाई दी है। जनता से लेकर नेता तक अपने-अपने तरह से इसके निहितार्थ निकाल रहे हैं। तरह-तरह की अटकलों का बाजार चल निकला है। हालांकि, मंत्री का कहना है कि ये केवल शिष्टाचार है। एक जनप्रतिनिधि के नाते उन्होंने बधाई दी है। अखिलेश यादव को भेजे पत्र में असीम अरुण ने लिखा, 'मैं कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हूं। कन्नौज नगर की रोचक स्थिति है कि सदर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बसपा से हैं। मैं भाजपा से विधायक हूं और अब आप सपा से सांसद चुने गए हैं। यह भी मेरी राय में भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती है। आपको शुभेच्छा प्रेषित करते हुए मैं कामना करता हूं कि हम सब मिलकर कन्नौज के विकास को और गति देने में सफल होंगे।' गुरुवार को यह पत्र इंटरनेट मीडिया में खूब प्रसारित हुआ।

# मणिपुर में हिंसा बढ़ाने की अंतरराष्ट्रीय साजिश का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रेट्र: एनआइए ने गुरुवार को मणिपुर में हिंसा बढ़ाने और पूर्वोत्तर राज्य में आतंक फैलाने के लिए रची गई उग्रवादियों और आतंकवादी संगठनों की अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित एक मामले में इंफाल हवाई अड्डे से एक प्रमुख आरोपित को गिरफ्तार किया है। एनआइए ने बताया कि कुकी नेशनल फ्रंट-मिलिट्री काउंसिल के सदस्य थोंगमिनथांग हाओकिप उर्फ थांगबोई हाओकिप उर्फ रोजर को पिछले साल 19 जुलाई को एनआइए द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया गया है।

एनआईए की जांच के अनुसार, 'यह साजिश कुकी और जोमी विद्रोहियों ने रची थी और उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों एवं पड़ोसी म्यांमार में स्थित आतंकवादी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। इस साजिश का उद्देश्य क्षेत्र में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाना और हिंसक हमलों के जरिए भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना था। बयान में कहा गया है कि आरोपित उग्रवाद और हिंसा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों पर हुए हमलों में शामिल पाया गया। रोजर मणिपुर में अस्थिरता बढ़ाने और लोगों के मन में आतंक पैदा करने के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के लिए म्यांमार के उग्रवादी समूह कुकी नेशनल फ्रंट-बर्मा के संपर्क में था।

# सबसे पहले बकरी के सीने में धड़केगा 'हृदयंत्र'

- आइआइटी कानपुर ने तैयार किया है कृत्रिम दिल, टेबल टाप वर्जन का हो चुका परीक्षण
- पशुओं पर इसके प्रयोग की मिली मंजूरी, अगले तीन माह में शुरू हो सकता प्रयोग

जासं, कानपुर: आइआइटी कानपुर में कृत्रिम हृदय 'हृदयंत्र' बनकर तैयार हो चुका है। पशुओं पर इसके प्रयोग की अनुमति भी मिल चुकी है। अगले दो से तीन महीने में आइआइटी की टीम बकरी के सीने में हृदयंत्र लगाकर पहला प्रयोग करेगी।

आइआइटी निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में बताया कि हृदयंत्र पर काम कर रही आइआइटी की टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त कर ली है। इस उपकरण को जानवरों के शरीर में लगाकर प्रयोग करने की अनुमति मिल चुकी है।

सबसे पहले बकरी के सीने में इसे लगाकर प्रयोग किया जाएगा। डिवाइस को तैयार करने का काम पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन ऐसे प्रयोगों के लिए वैश्विक संस्थाओं से अनुमति की जरूरत होती है। इस अनुमति को पाने में समय लगा है। अब जल्द ही परीक्षण को पूरा किया जाएगा।

**एनीमल ट्रायल से पहले डिवाइस में किए गए बदलाव :** आइआइटी के इंजीनियरों की टीम और देश के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सकों ने कृत्रिम हृदय तैयार किया है। इसका उद्देश्य शरीर में खून को सही रूप से सभी अंगों तक पहुंचाना है, जिस तरह से शरीर में दिल काम करता है। इस डिवाइस को इस तरह से तैयार किया गया है कि शरीर के अंदर मौजूद कोशिकाओं के साथ सहज संबंध स्थापित कर सके।

इसे एक वर्ष पहले जानवरों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया था, लेकिन प्रयोग करने वाली संस्था ने अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार डिवाइस में कई सारे बदलाव कराए हैं। सभी बदलाव से गुजरने के बाद अब पशुओं पर प्रयोग की हरी झंडी मिली है। पहले सूअर पर प्रयोग का इरादा था, लेकिन अब बकरी का चयन किया गया है।

## मप्र में अवैध खननकर्ताओं पर 137 करोड़ जुर्माना

नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूल: मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के शाहपुर तहसील क्षेत्र में रेत का अवैध खनन करने वालों पर अपर कलेक्टर न्यायालय ने 137 करोड़ रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। अवैध खनन के दौरान आरोपितों के पास से जब्त की गई एक करोड़, 37 लाख रुपये कीमत की पोकलेन और बुलडोजर भी जब्त करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि 14 एवं 15 मई को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया के निर्देशन में खनिज, राजस्व विभाग की टीम ने रेत के अवैध खननकर्ताओं पर कार्रवाई की थी।


**एम एस टी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
सीआइएन:L27320WB1964GOI026211
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. सीएफ-18/2, स्ट्रीट नं. 175, एक्शन एरिया 1सी, न्यू टाउन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700156

एम एस टी सी लिमिटेड द्वारा मुख्य महाप्रबंधक-कार्मिक और प्रशासन (ई-8) के रु.1,20,000-3%-2,80,000/- के वेतनमान के 1 (एक) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक आवेदक पात्रता, चयन प्रक्रिया, आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी के लिए एम्प्लॉयमेंट न्यूज एवं रोजगार समाचार दिनांक 08.06.2024 का संदर्भ ले सकते हैं या www.mstcindia.co.in पर कैरियर देख सकते हैं। इस संबंध में आवेदक किसी भी संशोधन/अद्यतन के लिए केवल हमारी वेबसाइट देखें।


# पोर्श कार दुर्घटना के आरोपित के पिता और दादा के खिलाफ एक और मुकदमा

पुणे, प्रेट्र: पुलिस ने पुणे में 19 मई को हुई पोर्श कार दुर्घटना के आरोपित नाबालिग के पिता व दादा के खिलाफ एक व्यवसायी के बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित एक अलग मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में तीन अन्य को भी आरोपित बनाया गया है।

पुलिस के अनुसार, इस संबंध में पुणे के वडगांव शेरी इलाके में डीएस कतुरे ने विनय काले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिनसे उनके बेटे शशिकांत कतुरे ने निर्माण कार्य के लिए ऋण लिया था। समय पर ऋण न चुका पाने के बाद काले ने मूल राशि में चक्रवृद्धि ब्याज जोड़ना शुरू कर दिया। साथ ही उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि लगातार उत्पीड़न से तंग आकर शशिकांत कतुरे ने जनवरी में आत्महत्या कर ली। काले के खिलाफ पुलिस स्टेशन में आइपीसी की धारा- 306 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## ईडी ने पार्थ चटर्जी से जुड़ी करोड़ों की संपत्तियों का पता लगाया

राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता: बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रही ईडी ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़ी छह अतिरिक्त संपत्तियों का पता लगाया है। सूत्रों ने बताया, करोड़ों की ये छह संपत्तियां बीरभूम जिले के बोलपुर में स्थित हैं। इन छह संपत्तियों में से पांच जमीन के टुकड़े हैं और एक घर है।

सूत्रों के अनुसार, ये संपत्तियां चटर्जी के अलग-अलग सहयोगियों के नाम पर हैं, लेकिन रुपये के लेनदेन से पता चलता है कि इन संपत्तियों की खरीद के लिए मुहैया कराए गए फंड चटर्जी से सीधे जुड़े विभिन्न स्रोतों से आए थे। बोलपुर स्थित यह घर चटर्जी की पूर्व करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के नाम पर पंजीकृत है। ईडी ने इस भ्रष्टाचार के मामले में जांच के दौरान अब तक 365.50 करोड़ की नकदी और संपत्ति जब्त की है।

## नागांव और धुबरी के परिणाम खतरनाक : हिमंत

गोलपाड़ा, प्रेट्र: असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि नागांव और धुबरी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि राज्य के सामाजिक तानेबाने की बुनियाद बहुत कमजोर है।

धुबरी से कांग्रेस विधायक रकीबुल हुसैन ने 10 लाख वोट के रिकार्ड अंतर से जीत दर्ज की है, वहीं नागांव से पार्टी सांसद प्रद्युत बोरदोलोई 2,12,231 मतों के अंतर से विजयी हुए हैं।

सरमा ने दावा किया कि आप सोचिए कि 10 लाख से ज्यादा वोट से जीत हुई और एक भी हिंदू ने वहां मतदान नहीं किया।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा आमंत्रित सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:- | 30-ELECT-27-T-2024-25-E3 विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य संबद्ध कार्यों के साथ सिग्नल वर्कशॉप डिपो गाजियाबाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत :- | रु. 145.17 लाख |
| कार्यालय का पता :- | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि :- | रु. 222600.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :- | 09.07.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय:- | 09.07.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1687/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2023-24-39 के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण: | 'Hiring of experienced monkey handler for deployment in Electric Loco Shed Ghaziabad to tackle monkey menace' in two shifts for a period of 24 Months. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत: | Rs. 8,74,623.52 |
| 3. | धरोहर राशि: | Rs. 17,500.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय: | 27.06.2024 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय: | 27.06.2024 (After 11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है: | www.ireps.gov.in |

नोट: (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।
संख्या 230-TRS-GZB-2023-24-39 दिनांक: 03.06.2024 1691/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना**
**श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति**
**-ः आम सूचना ः-**
**अतिअल्पकालीन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाँधी मैदान, पटना के गेट नं० 7 के निकट निर्धारित 1,00,000 वर्गफीट भू-भाग में "डिजनीलैण्ड मेला" आयोजन के निमित्त आरक्षण योग्य देय संभावित तिथि दिनांक 20.06.2024 से अंतिम तिथि दिनांक 31.07.2024 (कुल 42 दिन) तक उक्त भू-भाग के आरक्षण हेतु दिनांक 15.06.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे डाक बोली प्रक्रिया के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता का चयन किया जाना है। अतएव इच्छुक आयोजकों को उक्त डाक प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपनी संस्था के Letter Pad पर आवेदन के साथ उक्त मेला से संबंधित वांछित दस्तावेज (डिमांड ड्रॉफ्ट सहित) को श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में दिनांक 08.06.2024 से अंतिम तिथि दिनांक 14.06.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

2. डिजनीलैण्ड मेला संबंधित वांछित दस्तावेजों की जानकारी श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना के वेबसाईट पोर्टल www.patnadivision.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी, पटना
-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना
PR. No. 001186 (District) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -02/औरंगाबाद/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :- दिनांक 08.06.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय :- दिनांक 19.06.2024 से 10.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :- दिनांक 19.06.2024 से 10.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) : दिनांक-11.07.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) :- तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- (i) दिनांक 25.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक-24.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :- (i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग पटना कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :- 120 दिन
11. कार्य विवरणी:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत 720 आसन्न वाले स0 मीमराय अम्बेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्नीचर कार्य एवं 5 वर्षीय अनुरक्षण एवं मरम्मति सहित) | 5211.153 | 62,11,500/- | 10,000.00 | As per website | 18 माह |
| 2 | औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत 720 आसन्न वाले स0 मीमराय अम्बेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्नीचर कार्य एवं 5 वर्षीय अनुरक्षण एवं मरम्मति सहित) | 5168.154 | 61,68,500/- | 10,000.00 | As per website | 18 माह |
| | कुल | 10379.307 | | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
PR- 001115 (BCD) 2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल coemunimpur@gmail.com

**सब्जियों की पौध उत्पादन बारे सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटेक ग्रीनहाउस के अंदर उद्यान विभाग हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार हरियाणा के किसानों हेतु सब्जियों की पौध तैयार की जा रही है। अतः इच्छुक किसान अपना सब्जियों का बीज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार सुबह 09.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) में पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र, मुनीमपुर, झज्जर पर देकर उच्च गुणवता की पौध तैयार करवा सकते हैं।

सब्जियों की पौध तैयार करवाने के आवेदन हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :-

1. प्रार्थी को अपनी सब्जी का बीज स्वयं खरीदकर ओरिजनल बिल सहित कार्यालय में जमा करवाना होगा।
2. प्रार्थी को पौध तैयार करवाने के लिए प्रार्थना पत्र, ठेके पर ली गई जमीन का सहमति पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आई.डी., पैन कार्ड, बैंक अकाउंट डिटेल की सैल्फ अटैस्ट फोटो कॉपी एवं मेरी फसल मेरी ब्योरा इत्यादि दस्तावेज जमा करवाना अनिवार्य है।
3. प्रार्थी हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए अथवा हरियाणा में प्रार्थी के नाम जमीन हो।
4. सम्पूर्ण बुकिंग फीस ऑनलाईन पेमेंट के माध्यम से बुकिंग के समय जमा करवाई जाएगी। बुकिंग फीस बेल वाली सब्जियों हेतु 1.20 रुपए प्रति पौध तथा बिना बेल वाली सब्जियों हेतु 1.40 रुपए प्रति पौध है।
5. प्रार्थी एक साल में अधिकतम 30,000 सब्जियों की पौध की बुकिंग करवा सकता है।
6. प्रार्थी को उद्यान विभाग हरियाणा की गाईडलाईन अनुसार तैयार करवाई गई पौध की बुकिंग पर सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी।

अधिक जानकारी हेतु इच्छुक किसान डॉ. हेमंत सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (फोन नं. 8683801977) से संपर्क कर सकता है।

विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र,
मुनीमपुर, झज्जर
PRDH-1149/11/607/2025/26468/67/7



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना सं. NER-LJN-2024-90 और NER-LJN-2024-91**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2024-90, कार्य का नाम: गोंडा में आरपीएफ के कुत्तों के लिए अभ्यास मैदान का कार्य। अनुमानित लागत(रु0): ₹24,48,351.14, अग्रिम धन(रु0): ₹49,000.00, समापन अवधि: 06 माह।

ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2024-91, कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/तृतीय/लंज के अधिकार क्षेत्र में 4 नग गैंग हट के निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत(रु0): ₹92,44,959.59, अग्रिम धन(रु0): ₹1,84,900.00, समापन अवधि: 09 माह।

1.उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-90 और NER-LJN-2024-91 के लिये ई-निविदा दिनांक 27.06.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुआवि/सम्प-196 लखनऊ



**हरियाणा सरकार**
**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लाख में) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ एवं म नारनौल | क्षेत्र सर्वेक्षण करने के लिए परामर्श हेतु लेआउट डिजाइन और वास्तुशिल्प डिजाइन के लिए वास्तुकार की नियुक्ति, डिजाइन संक्षिप्त के साथ अवधारणा योजना तैयार करना, एक उपयुक्त पैमाने पर साइट योजना प्रदान करने के लिए साइट मूल्यांकन पर रिपोर्ट तैयार करना, सीमाओं को दिखाना। प्रासंगिक वैचारिक डिजाइन के लिए चित्र और दस्तावेज तैयार करना। प्रतिष्ठित संरचना, संग्रहालय/ आर्ट गैलरी / इंटरप्रिटेशन सेंटर, जल निकाय के साथ एंफीथिएटर, लाइट एण्ड साउंड शो, भूमि स्कैपिंग, फ्री एक्सेस पर जोर, सार्वजनिक सुविधा, ई.आई. के प्रावधान के साथ सिविल कार्य के संदर्भ में वैचारिक डिजाइन तैयार करना। सेवाएं, एचवीएसी, पीएच, अग्निशमन, कलाकृति, वास्तुकला चित्र और विभिन्न विभागों से एनओसी "स्वतंत्रता का उद्घोष" युद्ध स्मारक हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल में स्थित है। (पुनः आमंत्रित) | 05.06.2024 26.06.2024 | EMD 2 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकुला | वाईडब्ल्यूएस परिमंडल फरीदाबाद के अंतर्गत कोटला एवं पोस्सर पम्प हाउस हेतु 50 एचपी मोटर स्टार डेल्टा स्टार्टर 03 अदद ट्रांसफार्मर आदि सहित 10 सीएस क्षमता के 06 अदद वीटी पम्पों की आपूर्ति, इरेक्शन एवं कमीशनिंग। | 06.06.2024 20.06.2024 | EMD 288000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फरीदाबाद | छैंसा पम्प हाउस में ईओटी क्रेन सहित एपीएफसी एवं अन्य विविध एसेसरीज के साथ 1600 एएमपी. के 01 अदद एलटीबीडी और 150 एचपी मोटर एवं उपयुक्त स्टार्टर पैनल (एटीएस) सहित 04 अदद 32 सीएस. वीटी एक्सल फ्लो पम्पों सहित पुराने पम्पों को बदलनाढ | 06.06.2024 17.06.2024 | EMD 4.71 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9991116944 xen-wsmfbd.irr@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव बांसा, पेओंट, कतलाहेड़ी और जुंडला हेतु इन्द्री ड्रेन के आरडी 39800/एल में स्थाई पम्प हाउस हेतु विविध एसेसरीज सहित 5सीएस डिस्चार्ज वाले 1 अदद वी.टी. पम्प और 10 सीएस डिस्चार्ज प्रत्येक के 02 अदद वी.टी. पम्पों की आपूर्ति, इरेक्शन एवं कमीशनिंग। | 05.06.2024 12.06.2024 | EMD 1.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 5 | लोनिवि भ एवं म नारनौल | जिला महेन्द्रगढ़ में एयरस्ट्रिप बछोद (नारनौल) में अतिरिक्त हैंगर का निर्माण। | 06.06.2024 26.06.2024 | 506.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | मानसून 2024-25 शुरू होने से पूर्व मेक. डब्ल्यू.एस. मंडल सोनीपत में इलेक्ट्रिक मोटर एवं 6×6 सेंट्रीफ्यूगल पम्पों की विशेष मरम्मत। | CLOSING DATE 14.06.2024 | 25.1 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenwsdivnspt@rediffmail.com |

PRDH-11/2025/180/26489/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


*********

भारत के साथ वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और इंग्लैंड सेमीफाइनल के प्रबल दावेदार, अफगानिस्तान की टीम छुपारुस्तम बनकर फिर उभरेगी

# भारत और पाकिस्तान का मैच महामुकाबले से कम नहीं : ब्रायन लारा



**वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहे टी-20 विश्व कप को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने भारत को वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अफगानिस्तान के साथ शीर्ष चार में पहुंचने के लिए प्रबल दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान का मैच किसी महामुकाबले से कम नहीं होता। आगामी टी20 विश्व कप को लेकर अभिषेक त्रिपाठी ने ब्रायन लारा से विशेष बातचीत की, पेश हैं मुख्य अंश...**

साक्षात्कार

**● इस वर्ष का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट कैरेबियाई धरती और अमेरिका में हो रहा है। आप इसके लिए कितने उत्साहित हैं और वहां की पिचों को लेकर आपकी क्या राय है?**

-कैरेबिया में अगर कुछ दिनों के भीतर अधिक मैच हुए जैसे चार-पांच दिनों के अंदर दो या तीन मैच तब हमें वहां अधिक स्पिन देखने को मिल सकती है। वहां पिच हमें थोड़ी सूखी मिलेंगी जिससे स्पिनरों को अधिक लाभ मिल सकता है। हालांकि, मुझे लगता है कि सभी का प्रयास यही होगा कि विश्व कप शानदार हो। वहीं, अमेरिका में जहां भी ड्राप इन पिचें हैं उन्हें आस्ट्रेलिया के अनुभवी क्यूरेटरों की देखरेख में तैयार किया है। मैं ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी स्टेडियम में होने वाले मैचों को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यहां वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड पहला मैच होगा। यहां अफगानिस्तान की टीम भी खेलेगी, जिन्हें मैं छुपारुस्तम मानता हूं। वहां एक सेमीफाइनल भी होने वाला है। मैं इस ऐतिहासिक मैच का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा हूं।

**● भारत और पाकिस्तान मैच को लेकर आपकी क्या राय है? किसकी टीम मजबूत लग रही है?**

-देखिए, पिछले कुछ सालों में ये मैच किसी महामुकाबले में बदल गया है। इन दोनों टीमों के बीच विश्व कप में होने वाली भिड़ंत को लेकर एक अलग तरह का रोमांच होता है। अगर रिकार्ड की बात करें तो 2021 में दुबई के अलावा विश्व कप में भारतीय टीम पाकिस्तान से कभी नहीं हारी है। भारत का पलड़ा भारी लग रहा है।

**● भारत ने अपनी टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को चुना है। क्या आप ये देखकर थोड़ा हैरान हो गए?**

-नहीं, क्योंकि जब आप चयनित स्पिनरों को देखोगे तो उनमें अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा भी शामिल हैं। इनके अलावा कुलदीप यादव और युजवेंद्र सिंह चहल हैं। मैं इन्हें चार स्पिनरों के रूप में नहीं देखता। इनमें दो स्पिनर हैं, जबकि दो आलराउंडर हैं। मैं इन्हें ऐसे ही देखता हूं। अक्षर और जडेजा ने भारत को अपनी बल्लेबाजी से भी मैच जिताए हैं। कैरेबियाई धरती में जहां पिचें अगर स्पिन के लिए मददगार हुईं वहां आप स्वयं को मजबूत करना चाहोगे। भारत ने अपनी टीम में हर अस्त्र रखने के लिए ये चयन किए हैं, ताकि परिस्थियां प्रतिकूल हों तो ये काम आ सकें।

**● भारतीय टीम को देखकर आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या है? क्या आपको नहीं लगता कि उन्होंने टी20 विश्व कप के लिए एक अच्छी वनडे टीम चुनी है?**

-हंसते हुए, नहीं सबसे पहले तो अगर आप टीम से देखो सभी खिलाड़ी चुने जाने के लायक थे। साथ ही 10 और ऐसे खिलाड़ी हैं, जो टीम में चुने जाने के लायक थे। यह कोई खराब समस्या नहीं है। भारत में खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुख्य चयनकर्ता ने कहा भी था कि उनके लिए यह निर्णय बहुत कठिन था। यह एक शानदार बात है। इसका अर्थ है कि आपकी टीम हर क्षेत्र में सुदृढ़ है। मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छी है। हालांकि, रणनीति बहुत महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए राहुल द्रविड़ को ध्यान देना होगा। यह वैसी टीम है जिसमें इतने अनुभवी खिलाड़ी हैं कि आप चाहोगे कि इन्हें छोड़ दो यह स्वयं खेल सकते हैं, लेकिन भारतीय टीम को ऐसा नहीं करना चाहिए। भारत को रणनीति और योजना तैयार कर मैदान में उतरना चाहिए। पावरप्ले में कैसी बल्लेबाजी करनी चाहिए, कौन से स्थान पर कैसी बल्लेबाजी करनी है यह पहले से तय करना बहुत महत्वपूर्ण होगा। यहां खिलाड़ी महत्वपूर्ण नहीं हैं, आवश्यक है कि आपको किस नंबर पर बल्लेबाजी करनी है और आपके लिए क्या रणनीति बनाई गई है।

**● क्या आप बुमराह को छोड़कर इस भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर थोड़ा चिंतित हैं?**

-हां, मैं यही कहूंगा कि मेरी चिंता यह है कि इस टीम में संदीप शर्मा को होना चाहिए था। उनका कौशल वेस्टइंडीज और अमेरिकी परिस्थितियों के लिए बिल्कुल अनुकूल है। उन्हें टीम में होना चाहिए था।

**● अब बात करते हैं घरेलू टीम वेस्टइंडीज की। दो बार के पूर्व चैंपियन अपनी घरेलू परिस्थितियों में खेलेंगे। आप उनकी संभावनाओं को लेकर कितने उत्साहित हैं?**

-मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में बहुत सारे मैच विनर हैं। हम पिछली बार टी-20 विश्व कप में सुपर-12 में भी नहीं पहुंच सके थे, इसलिए हम घर पर खेल रहे हैं केवल इससे हम प्रबल दावेदार होंगे यह, हमें सोचने का अधिकार नहीं है। कुछ वर्ष पहले हमारी टीम में यही खिलाड़ी थे और हम जीत नहीं सके थे, इसलिए मैं चाहता हूं कि हम इसमें छुपारुस्तम बनकर ही खेलें और चौथे सबसे मजबूत टीम के रूप में रहें। मैं नहीं चाहता कि हमारी टीम को उस नजरिये से देखा जाए कि वह सबसे प्रबल दावेदार हैं। मैं चाहता हूं कि वह जीत के लिए भूखे हों, मैच जीते और अपने आप को साबित करें। हम स्वयं पर विश्वास करें, लेकिन अति आत्मविश्वास का शिकार न हों।

**● क्या वेस्टइंडीज टीम को सुनील नारायण की कमी खलेगी?**

-मैं इसे कोई मुद्दा नहीं बनाना चाहता हूं क्योंकि सुनील नारायण को पता है कि सुनील नारायण के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। मुझे इसके पीछे की पूरी कहानी नहीं पता पर मैंने कहीं पढ़ा है कि उन्होंने बोला है कि वह देखना पसंद करेंगे। उन्हें किसी भी टीम में होना चाहिए था इसमें कोई दो राय नहीं है। कोई एक व्यक्ति टीम नहीं बनाता। कई अलग-अलग तरह के खिलाड़ियों को मिलाकर एक टीम बनती है। मुझे यही आशा है कि रोवमन पावेल, सपोर्ट स्टाफ समेत पूरा प्रबंधन मिलकर टीम के लिए एक अच्छा वातावरण तैयार करेंगे।

**● अगर अवसर मिले तो क्या आप नारायण को इस विश्व कप में खेलने के लिए मनाने की कोशिश करते?**

-नहीं, उन्होंने अपना मन बना लिया है। वह मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं, लेकिन मैं उनके मामले में अपनी नाक नहीं अड़ाना चाहता। क्योंकि, मुझे पता है इससे उनके निर्णय में कोई बदलाव नहीं आएगा।

**● आपके अनुसार इस विश्व कप के आपके चार सेमीफाइनलिस्ट कौन हैं?**

-अगर चार प्रबल दावेदारों की बात करूं तो वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, भारत और इंग्लैंड। यह चार टीमें टूर्नामेंट में सबसे प्रबल दावेदार होंगी। अफगानिस्तान इसलिए क्योंकि राशिद खान खेल रहे हैं। उनके पास अच्छे स्पिनर हैं, दो-तीन अच्छे बल्लेबाज हैं। टी20 में अगर दो-तीन बल्लेबाज अच्छी फार्म में हों तो आपको 11 बल्लेबाजों की आवश्यकता नहीं होती। राशिद खान भी अंत में आकर गेंदबाजी आक्रमण को खराब कर सकते हैं। मुझे लगता है कि उनकी ताकत यही है कि वह किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। अगर वह 200 या 180 रन स्कोरबोर्ड पर लगाने में सफल हो जाते हैं तो उनकी स्पिन गेंदबाजी में राशिद, नबी, मुजीब और नूर जैसे गेंदबाज हैं। वहीं तेज गेंदबाजी आक्रमण में नवीन उल हक हैं। यह सभी शानदार क्रिकेटर हैं।

# अमेरिका को क्रिकेट की ' सुपर पावर ' देंगे भारत-पाक

सुपर पावर देश में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए खेला जाएगा महामुकाबला

अभिषेक त्रिपाठी
न्यूयार्क से

अमेरिका भले ही विश्व में सुपरपावर का दर्जा रखता हो लेकिन उसको क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए दो एशियाई देशों भारत और पाकिस्तान की जरूरत है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने अमेरिकी मार्केट को ध्यान में रखते हुए और यहां पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए इस सुपर पावर देश में पहली बार टी-20 विश्व कप कराने की योजना रखी। अमेरिका में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश मूल के लोग बहुतायात में रहते हैं। यही कारण हैं इन टीमों के शुरुआती दौर के अधिकतर मैच अमेरिका में रखे गए हैं। आइसीसी और अमेरिकी लोगों को उम्मीद है कि रविवार को न्यूयार्क की नसाऊ काउंटी के आइजनहवर पार्क में बने अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महामुकाबले से इस देश में यह खेल नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। भले ही बहुत से मामलों में दुनिया के कई देश अमेरिका की तरफ निगाहें करते हों लेकिन क्रिकेट के मामले में यह सुपर पावर भारत पर आश्रित है। पाकिस्तान पर अमेरिका की जीत ने इसमें तड़का लगा दिया है।

लगभग 250 करोड़ रुपये से बने अस्थायी क्रिकेट स्टेडियम में इस महामुकाबले के साथ कुल आठ मैच होने हैं। सबसे ज्यादा महंगी टिकट भारत और पाकिस्तान मैच की है। इसकी सबसे महंगी टिकट ब्लैक मार्केट में 15000 डालर (लगभग 12.5 लाख रुपये) तक की बिक रही हैं। आइसीसी को उम्मीद है कि यह मैच फुल हाउस होगा। भारत ने इसी मैदान पर आयरलैंड को हराकर अभियान की शुरुआत की जबकि पाक टीम शुक्रवार को पहुंचेगी।



आयरलैंड के विरुद्ध मैच के दौरान रिषभ पंत और कप्तान रोहित शर्मा ● एएनआइ

## भारत को पाकिस्तान से संभलकर रहना होगा

24 अक्टूबर 2021 को दुबई में पाकिस्तान ने भारत को पहली बार आइसीसी विश्व कप में हराया था। वह पहला मौका था जब पाकिस्तान ने किसी भी विश्व कप मैच में भारत को हराया था। लगभग एक साल बाद आस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) में विराट कोहली की दमदार पारी की बदौलत भारत ने उस हार का बदला ले लिया था लेकिन एक समय उस मैच में भी रोहित शर्मा की टीम हार की कगार पर पहुंच गई थी। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने जीत हासिल की।

## विश्व कप में भारत बनाम पाक

| वर्ष | विश्व कप | स्थान | रिजल्ट |
|---|---|---|---|
| 1992 | वनडे | सिडनी | भारत 43 रनों से जीता |
| 1996 | वनडे | बेंगलुरु | भारत 39 रनों से जीता |
| 1999 | वनडे | मैनचेस्टर | भारत 47 रनों से जीता |
| 2003 | वनडे | सेंचुरियन | भारत छह विकेट से जीता |
| 2007 | टी-20 | डरबन | बालआउट में भारत जीता |
| 2007 | टी-20 | जोहानिसबर्ग | पांच रन से जीता |
| 2011 | वनडे | मोहाली | भारत 27 रन से जीता |
| 2012 | टी-20 | कोलंबो | भारत आठ विकेट से जीता |
| 2014 | टी-20 | ढाका | भारत सात विकेट से जीता |
| 2015 | वनडे | एडिलेड | भारत 76 रनों से जीता |
| 2016 | टी-20 | कोलकाता | भारत छह विकेट से जीता |
| 2019 | वनडे | मैनचेस्टर | भारत 89 रनों से जीता |
| 2021 | टी-20 | दुबई | पाकिस्तान 10 विकेट से जीता |
| 2022 | टी-20 | मेलबर्न | भारत चार विकेट से जीता |
| 2023 | वनडे | अहमदाबाद | भारत सात विकेट से जीता |

# पाकिस्तान मैच से पहले ठीक हो जाएंगे कप्तान रोहित शर्मा

विशेष संवाददाता ● जागरण

**पिच को लेकर बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इससे निपटने के लिए हमारी टीम के पास पर्याप्त अनुभव है**

**न्यूयार्क :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के विरुद्ध होने वाले मैच से पहले ठीक होने की आशा है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मैच से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के विरुद्ध मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोशुआ लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। रिषभ पंत को भी बाईं कोहनी में बाउंसर लगा था। बीसीसीआइ के एक सूत्र ने बताया, 'रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने स्वयं कहा है कि यह मामूली चोट है। वह पाकिस्तान के विरुद्ध मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी होने हैं।'

एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की बहुत आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता।' उन्होंने कहा , 'पिच अच्छी नहीं है। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय सीरीज की नहीं।' पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के विरुद्ध मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए। वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि भारत के पास इससे निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव और कौशल है। राठौड़ ने कहा, 'हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे वश में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था।'

उन्होंने कहा, 'हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी।'

आइसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी स्पष्ट है। सूत्र ने कहा , 'यह ताजा पिच है। इस तरह की पिच पर पहले कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही हैं।' उन्होंने कहा, 'शुक्र है कि रोहित या रिषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं।'

### पाकिस्तान के विरुद्ध अनुशासित होकर खेलेंगे हम : हार्दिक पांड्या

भारत के स्टार आलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाले गेंदबाजी आक्रमण में काफी अनुभव और ईमानदारी है तथा उन्हें विश्वास है कि टी20 विश्व कप में वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। नौ जून को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा कि हम भावनाओं को नियंत्रित कर अनुशासित होकर यह मैच खेलेंगे। हार्दिक ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच मैच बेहद रोमांचक होता है। इसमें बहुत सारा उत्साह और भावनाएं जुड़ी होती हैं। इसके साथ ही मुझे आशा है कि हम अनुशासित होकर यह मैच खेलेंगे। आशा है कि यह दिन हमारे लिए अच्छा होगा।'

# दिल्ली-मुंबई के लड़कों के दम पर अमेरिका ने पाक को हराया

**डलास, प्रेट्र:** सुपर ओवर में दिल्ली के मिलिंद कुमार के अद्भुत कैच और मुंबई के सौरभ नेत्रावलकर की शानदार गेंदबाजी के दम पर मेजबान अमेरिका ने दो बार की चैंपियन पाकिस्तान को आइसीसी टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में हराकर उसे चौंका दिया। यह मेजबान टीम की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने कनाडा को हराया था। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने 18 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तानी टीम 13 रन ही बना सकी।

कप्तान मोनांक पटेल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 20 ओवर में सात विकेट पर केवल 159 रन ही बनाने दिए। टीम की ओर से नेत्रावलकर ने केवल 18 रन देकर दो, नोस्थुश केंजिगे ने तीन विकेट झटके। पाकिस्तान की ओर से कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने 50 रन बनाकर जीत की नींव रखी। इसके बाद पिछले मैच के स्टार आरोन जोंस ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 रन बनाए और टीम को जीत के निकट पहुंचा दिया। अंतिम ओवर में उन्होंने नीतीश के साथ मिलकर हारिस रऊफ के विरुद्ध 14 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। अंतिम गेंद में अमेरिका को जीत के लिए पांच रन चाहिए थे और नीतीश कुमार ने चौका जड़कर मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया।

**अमेरिका ने दिखाया जज्बा:** अमेरिकी क्रिकेट टीम में भले ही अनुभव की कमी हो, परंतु उनमें लड़ने का जज्बा कूट-कूटकर भरा है। पहले मैच में कनाडा के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम ने पाकिस्तान के विरुद्ध हर क्षेत्र में उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। पहले शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के बाद टीम ने बल्लेबाजी में भी यह जज्बा दिखाया। साथ ही सुपर ओवर में भी उन्होंने पाकिस्तान से बेहतर दबाव झेला और नेत्रावलकर ने शानदार गेंदबाजी और मिलिंद ने शानदार कैच लपका।

**पाकिस्तान का औसत प्रदर्शन :** पाक टीम का विश्व कप अभियान एक भयानक सपने के तरह शुरू हुआ। बल्लेबाजी में औसत प्रदर्शन करने के बाद टीम ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी इसे जारी रखा।

**सुपर ओवर का रोमांच**

अमेरिका: 18 रन
4 2 1 wd+1 1 wd+1 2 wd+2 1

पाकिस्तान: 13 रन
0 4 wd W wd 4Lb 2 1



सौरभ नेत्रावलकर ● एएफपी

**सुपर ओवर में मिलिंद के अद्भुत कैच और सौरभ की शानदार गेंदबाजी से जीता अमेरिका, लगातार दूसरी जीत प्राप्त की**

**संक्षिप्त स्कोर**

पाकिस्तान: 159/7
बाबर: 44, नोस्तुश: 3/30

अमेरिका: 159/3
मोनांक: 50, आमिर: 1/25

छेत्री ने भारतीय फुटबाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

# बहुत याद आएगी 11 नंबर जर्सी !

विशाल श्रेष्ठ ● जागरण

**कोलकाता :** लगातार 19 साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबाल खेलना, 151 मैचों में 94 गोल दागना साधारण बात नहीं है। वह भी ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करते हुए, जहां क्रिकेट का जादू सिर चढ़कर बोलता है। सुनील छेत्री ने भारतीय फुटबाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इसे गंभीरता से लेना सिखाया है। फुटबाल प्रेमी अब मैदान पर सुनील छेत्री की 11 नंबर जर्सी को उतना ही मिस करेंगे, जितना क्रिकेट प्रेमी सचिन तेंदुलकर की 10 नंबर जर्सी को करते हैं।

सिकंदराबाद में जन्मे 39 साल के सुनील छेत्री की पारिवारिक पृष्ठभूमि फुटबाल वाली रही है। उनकी मां व जुड़वां बहनें नेपाल की राष्ट्रीय महिला टीम के लिए खेल चुकी हैं। छेत्री के बचपन का ज्यादातर समय दार्जिलिंग में बीता। उन्होंने छोटी उम्र में ही फुटबाल खेलना शुरू कर दिया था और विभिन्न टूर्नामेंटों में हिस्सा लेते थे। असाधारण प्रतिभा के बल पर वे आगे बढ़ते चले गए। उन्होंने 21 साल की उम्र में पाकिस्तान के विरुद्ध पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और फिर सफलता के पायदान चढ़ते चले गए। उनके शानदार खेल की बदौलत भारत ने 2007, 2009, 2012 में नेहरू कप और 2011, 2015 व 2021 में सैफ चैंपियनशिप जीती। सात बार 'एआइएफएफ प्लेयर आफ द ईयर' रहे छेत्री क्लब स्तर पर भी 250 से अधिक गोल कर चुके हैं। छेत्री के पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके साथी रहे सैयद रहीम नबी ने कहा, 'सुनील ऐसे खिलाड़ी हैं, उन्हें जब खेलने का मौका नहीं मिल पाता था, तब वे ज्यादा अभ्यास करते थे। उनके रिटायर होने से भारतीय फुटबाल में जो शून्यता आएगी, उसे भर पाना बेहद मुश्किल होगा।'

पूर्व भारतीय गोलरक्षक भास्कर गांगुली कहते हैं, 'सुनील में त्याग, अनुशासन, समर्पण, दृढ़ निश्चय और महत्वाकांक्षा का अद्भुत सम्मिश्रण है।'

### गोलरहित ड्रा खेलने से बढ़ी भारत की मुश्किलें

भारत-कुवैत के बीच गुरुवार को विवेकानंद युवाभारती क्रीड़ांगन में खेला गया फीफा विश्वकप का क्वालीफायर मैच गोलरहित ड्रा रहा। यह भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के 19 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंतिम मैच भी था। भारतीय गोलरक्षक गुरप्रीत सिंह संधू ने शानदार गोलरक्षण करते हुए कई गोल बचाए, अन्यथा मैच का नतीजा दूसरे खेमे के पक्ष में जा सकता था। मैच ड्रा होने से भारत के लिए विश्वकप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। उसे अब 11 जून को कतर के विरुद्ध उसी के मैदान में मैच जीतना होगा।



सुनील छेत्री ● एएफपी

# आस्ट्रेलिया के विरुद्ध ओमान ने दिखाया खेल का जज्बा

**बारबाडोस, प्रेट्र :** 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम के विरुद्ध ओमान ने टी-20 विश्व कप के मैच में जबरदस्त जज्बा दिखाया। गुरुवार को हुए मैच में पहले गेंदबाजी में उन्होंने आस्ट्रेलियाई टीम को पांच विकेट पर 164 रन पर रोक लिया, फिर बल्लेबाजी में नौ विकेट पर 125 रन बनाकर अंत तक डटे रहे। आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम के विरुद्ध उनके इस प्रदर्शन से उनका मनोबल काफी बढ़ा होगा। हालांकि, आलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और तीन विकेट के दम पर कंगारूओं ने विश्व कप का अभियान ओमान के विरुद्ध 39 रनों की जीत के साथ किया। प्रारंभिक बल्लेबाज डेविड वार्नर ने भी अर्धशतक जड़ा। वहीं, नाथन एलिस और मिशेल स्टार्क ने दो-दो विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए थे। टीम एक समय मुश्किलों में घिरी थी, परंतु स्टोइनिस ने वार्नर के साथ 102 रनों की साझेदारी कर टीम को मुश्किलों से उबारा।

**युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को हराया:** युगांडा ने टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए पापुआ न्यू गिनी को कम स्कोर वाले मैच में तीन विकेट से हराया। युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 77 रन पर आउट कर दिया, लेकिन जवाब में उसके पांच विकेट 26 रन पर गिर गए थे। उसने हालांकि 10 गेंद बाकी रहते सात विकेट खोकर 78 रन बना लिए। रियाजत अली ने सर्वाधिक 33 रन बनाए।

### कनाडा और आयरलैंड को होगी जीत की तलाश

**न्यूयार्क, प्रेट्र:** कनाडा और आयरलैंड की टीम को पहले मैच में मिली हार के बाद अपने दूसरे मैच में जीत की तलाश होगी। शुक्रवार को जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी तो उनकी नजरें पहली जीत पर टिकी होंगी। आयरलैंड टीम ने हाल ही में पाक को हराया है।

# गफ को हराकर स्वियातेक फाइनल में

**पेरिस, एपी:** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की कोको गफ को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के फाइनल में प्रवेश किया। 17 वर्ष की मीरा आंद्रीवा सबसे कम आयु के ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बनीं। आंद्रीवा ने नंबर दो वरीयता प्राप्त अरीना सबालेंका को 6-7 (5), 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, नंबर 12 जैस्मीन पाओलिनी ने एलिना रिबाकिना को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचीं। अब जैस्मीन पाओलिनी 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा से भिड़ेंगी।

स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा आंद्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। वहीं पुरुष वर्ग में विश्व के पांच नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 7-6 (5), 6-4 से हराकर लगातार चौथी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना सेमीफाइनल में कैस्पर रुड से होगा।



इगा स्वियातेक ● रायटर

### मेरे घुटने की सर्जरी सफल रही : नोवाक जोकोविक

नोवाक जोकोविक ने कहा कि फ्रेंच ओपन के दौरान घायल होने के बाद मेरे दाहिने घुटने की सर्जरी हुई, जो सफल रही। उन्हें जल्दी वापसी की आशा है। चौथे दौर में सेरुंडोलो के विरुद्ध दूसरे सेट की शुरुआत में घुटने में चोट लगने के दो दिन बाद जोकोविक का आपरेशन हुआ। नोवाक ने रोलां गैरो से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में खेलने में असमर्थ थे। जोकोविक ने कहा, 'मुझे चोट लग गई थी, जिसके बाद मुझे कुछ कठोर निर्णय लेने पड़े। लेकिन मेरी सर्जरी सफल रही है।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर

रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावास्सोरी से हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गई। इंडो-आस्ट्रेलियाई जोड़ी 11वीं वरीयता प्राप्त इटालियंस से 5-7, 6-2, 2-6 से हार गई। सीजमंड और रोजर-वासेलिन ने क्राजिक और नील स्कूपस्की को 6-4, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स का खिताब अपने नाम किया।

********

**17** वीं लोकसभा में पहली बार चुनकर आए लोकसभा सदस्यों की संख्या 267 थी, जबकि इस बार 280 लोस सदस्य पहली बार चुनकर आए हैं।

**18** वीं लोकसभा में इस बार 41 पार्टियों का प्रतिनिधित्व दिखेगा, जबकि 17वीं लोकसभा में 36 पार्टियों के ही प्रतिनिधि चुनाव जीत कर आए थे।



# 12 जून को आंध्र के सीएम पद की शपथ ले सकते हैं नायडू

- पूर्व सीएम का सांसदों को राजग की बैठक में शामिल होने का निर्देश
- तेदेपा ने आंध्र में 16 लोस-135 विस सीटों पर दर्ज की है जीत

**अमरावती, प्रेट्र:** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू आगामी 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसके साथ ही पार्टी के केंद्र सरकार में भी शामिल होने की पूरी संभावना है। तेदेपा प्रमुख ने गुरुवार को पार्टी सांसदों को शुक्रवार को नई दिल्ली में होने वाली राजग की बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया। इस बैठक में भाग लेने के लिए नायडू भी देर शाम नई दिल्ली रवाना हो गए। समझा जाता है वे पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नौ जून तक देश की राजधानी में डेरा जमाएंगे। तेदेपा ने आंध्र प्रदेश में अकेले 16 लोकसभा सीटों और 135 विस सीटों पर जीत दर्ज की है।

तेदेपा प्रवक्ता ज्योत्सना तिरुनगरी ने कहा कि नायडू का शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को संभावित है। केंद्र सरकार में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तेदेपा राजग में दूसरी सबसे बड़ी और अत्यंत महत्वपूर्ण पार्टी है। हम राजग का हिस्सा हैं और निश्चित तौर पर केंद्र सरकार में शामिल होंगे। यह पहली बार नहीं है कि पार्टी केंद्र में राजग के साथ सरकार में है। वाजपेयी सरकार में भी हम शामिल थे।

उधर, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को तेदेपा पर नई सरकार के गठन से पहले प्रदेश में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया।



तेलुगू देशम पार्टी सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को विजयवाड़ा में पार्टी के नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों से मुलाकात की • एएनआइ

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने नायडू को दी बधाई

**हैदराबाद, प्रेट्र:** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेदेपा प्रमुख से फोन पर बातचीत की और आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान रेड्डी ने आशा जताई कि दोनों राज्यों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध जारी रहेंगे और आंध्र प्रदेश के विभाजन से संबंधित लंबित मुद्दों को हल किया जाएगा।

# ओडिशा में कौन बनेगा मुख्यमंत्री? नाम अभी तय नहीं

शेषनाथ राय • जागरण

- ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार, 10 को शपथग्रहण
- भाजपा, बीजद व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ही यहां चुनाव हार गए

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में 25 वर्षों से सत्ता पर काबिज रही बीजद को पीछे धकेल भाजपा ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार सुनिश्चित कर प्रदेश की राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भाजपा यहां अभी सरकार गठन की मंथन प्रक्रिया में जुटी है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक दिन पहले ही राज्यपाल रघुवर दास को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। नई सरकार बनने तक वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। भाजपा ने अभी तक यहां मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं किया है।

भाजपा के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा है कि राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री का प्रधानमंत्री की ओर से निर्धारित तिथि 10 जून को ही होगा। मुख्यमंत्री कौन बनेंगे, इस संबंध में एक-दो दिनों में पार्टी की ओर से निर्णय ले लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री स्थानीय व्यक्ति होगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा के सभी बड़े नेता करते रहे कि ओडिशा का अगला सीएम ओडिशा की ही मिट्टी में पला-बढ़ा-जन्मा और यहीं की संस्कृति का स्थानीय व्यक्ति होगा।

**धीरे-धीरे खुद को किया मजबूत:** ओडिशा में नवीन पटनायक ने 24 वर्ष पहले 2000 में भाजपा के सहारे ही प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभाली थी, 2000 एवं 2004 में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाई थी। बीजद ने 2009 के चुनाव से पहले भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। इसके बाद से भाजपा यहां बीजद से संघर्ष करती रही। 2009 और 2014 के चुनावों में बीजद ने प्रदेश में एकतरफा जीत दर्ज की थी। 2019 में मोदी की लहर में भाजपा के लिए परिस्थितियां कुछ बदलीं। भाजपा को लोकसभा में तो आठ सीटें मिलीं, लेकिन 147 सदस्यीय विधानसभा में 23 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। हालांकि भाजपा का 2019 में मतदान प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 प्रतिशत हो गया।

2024 का चुनावी बिगुल बजने से पहले बीजद ने भाजपा के साथ गठबंधन करने का प्रयास किया, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की भी इसमें मौन सहमति दिखी, लेकिन राज्य नेतृत्व हवा का रुख भांप चुका था और अपने दम पर प्रदेश में चुनाव लड़ने की जिद पर डटा रहा। आखिरकार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस पर मुहर लगाई और ओडिशा में भाजपा ने विधानसभा की 147 में 78 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत तो हासिल किया ही, लोकसभा की भी 21 में 20 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है।

ओडिशा में राजनीतिक उलटफेर के बीच खास बात यह भी रही कि यहां भाजपा, बीजद और कांग्रेस तीनों के प्रदेश अध्यक्ष इस बार चुनाव हार गए।

### जनमत मुद्दा

**क्या साहसिक और बड़े फैसलों के बिना विकसित भारत का लक्ष्य दूर हो जाएगा?**

mudda@jagran.com पर आप अपनी राय हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर में

### कांग्रेस कार्य समिति चुनाव परिणामों पर कल करेगी चर्चा

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव परिणामों पर चर्चा करने के लिए आठ जून को कार्य समिति की बैठक बुलाई है। कांग्रेस मुख्यालय पर शनिवार सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत शीर्ष कांग्रेस नेता इसमें भाग लेंगे। इस बार कांग्रेस दूसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। (प्रेट्र)

### तेलुगू स्टार चिरंजीवी ने किया पवन कल्याण का स्वागत

**हैदराबाद:** आंध्र प्रदेश विस और लोस चुनाव में जनसेना पार्टी द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर पार्टी अध्यक्ष पवन कल्याण का उनके बड़े भाई व तेलुगू सुपरस्टार चिरंजीवी ने जोरदार स्वागत किया। जनसेना ने 21 विधानसभा सीटें और दो लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की हैं। चिरंजीवी के आवास पर परिवार के साथ पहुंचे पवन का उनकी मां व अन्य सदस्यों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। पीथापुरम से चुनाव लड़ने वाले पवन कल्याण ने 70,000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की है। (प्रेट्र)

### मंत्री बनना नहीं चाहता बस केरल में हों विकास कार्य :गोपी

**तिरुअनंतपुरम:** अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री बनना नहीं चाहते हैं बल्कि चाहते हैं कि केरल के लोगों के कल्याण के लिए उनके द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं पर काम हो। विजयन ने भाजपा को त्रिशूर सीट सोने की थाली में सौंप दी। (प्रेट्र)

### निर्दलीय निर्वाचित विशाल पाटिल का कांग्रेस को समर्थन

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट से निर्वाचित निर्दलीय सांसद विशाल पाटिल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर अपना समर्थन देने की घोषणा की। पाटिल महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटिल के पोते हैं। वह सांगली लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए हैं। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सांगली से निर्वाचित सांसद विशाल पाटिल का हम स्वागत करते हैं। (प्रेट्र)

# टीएमसी का दावा- भाजपा के कई सांसद-विधायक पार्टी के संपर्क में

## पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन से बंगाल भाजपा के कई नेता पार्टी से नाराज

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता:** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार को दावा किया कि राज्य में भाजपा के कई सांसद और विधायक पार्टी के संपर्क में हैं। इसको लेकर आने वाले हफ्ते में पार्टी इस पर फैसला ले सकती है। टीएमसी सूत्रों के अनुसार, बंगाल भाजपा के कई नेता चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन से पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं। वह जल्द टीएमसी का दामन थाम सकते हैं। इन सबके बीच टीएमसी ने एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि 400 पार बोलने वाले जुमला बाबा कहां गए। हमने उन्हें 12 सीटों पर भेज दिया।

बता दें कि 2019 में बंगाल में 18 लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा ममता बनर्जी की आंधी में इस बार 12 सीटों पर सिमट गई। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन से यहां पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी भी खुलकर सामने आ चुकी है। बंगाल में सबसे कम अंतर 5,567 मतों से जीतकर अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे विष्णुपुर से भाजपा सांसद सौमित्र खां ने राज्य में पार्टी की हार के लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि यदि केंद्रीय नेतृत्व और आरएसएस का प्रयास नहीं होता तो पार्टी बंगाल में एक सीट भी नहीं जीत पाती। उन्होंने यहां तक कहा कि भाजपा के कुछ नेताओं की तृणमूल के साथ सेटिंग है। खां ने एक दिन पहले तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की भी तारीफ की थी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने भी अपनी चुनावी हार के बाद बुधवार को प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए निशाना साधा था। उन्होंने अपनी हार के पीछे साजिश की ओर इशारा करते हुए कहा था कि बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा अपनी पकड़ को बरकरार रख पाने में क्यों नाकाम रही, इसके कारणों का पता लगाएंगे।

उन्होंने कहा कि साजिश आदि राजनीति का हिस्सा हैं। राजनीति में हर कोई आपको पीछे धकेलने की फिराक में बैठा है। घोष 2019 में मेदिनीपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीते थे, लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें बर्द्धमान-दुर्गापुर सीट से उतारा था, जहां तृणमूल के कीर्ति आजाद के हाथों उन्हें करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### बंगाल में खराब प्रदर्शन को लेकर भाजपा में मंथन शुरू

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता:** लोकसभा चुनाव में बंगाल में खराब प्रदर्शन को लेकर भाजपा की राज्य इकाई में मंथन शुरू हो गया है। हार के मुख्य रूप से पांच प्रमुख कारण गिनाए जा रहे हैं। पहला, बंगाल की जनता के साथ भाजपा नेताओं की दूरी बताई जा रही है। जनता क्या चाहती है, वे इसे समझ नहीं पाए। दूसरी ओर तृणमूल ने लोगों की नब्ज पकड़ी और उसके अनुसार चुनावी रणनीति तैयार की। दूसरा कारण भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई से विचार-विमर्श किए बिना खुद से बंगाल में चुनाव प्रचार का पूरा खाका तैयार किया था। किन-किन मुद्दों पर प्रचार किया जाएगा, ये सारा कुछ केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया था। राज्य के भाजपा नेता बस केंद्र की हां में हां मिलाते रहे, जो भारी नुकसानदेय साबित हुआ। बंगाल में भाजपा की सांगठनिक दुर्बलता को तीसरा कारण बताया जा रहा है। 2019 में भी भाजपा बंगाल में सांगठनिक तौर पर मजबूत नहीं थी लेकिन उस वक्त नरेन्द्र मोदी की जबर्दस्त लहर के कारण भाजपा शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही थी। चौथे कारण के तौर पर कहा जा रहा है कि लोस चुनाव से पहले बंगाल में बूथ स्तर पर भाजपा के विस्तार पर जोर नहीं दिया गया। नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए भी विशेष प्रयास नहीं हुआ। पांचवा, बंगाल में प्रत्याशियों के चयन में काफी त्रुटि हुई।

### संसद परिसर में गांधी, आंबेडकर की मूर्तियां स्थानांतरित की गईं

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** संसद परिसर में महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थानों से हटाकर दूसरी जगह स्थापित किया गया है। कांग्रेस ने गुरुवार को कड़ी आलोचना की और कहा कि इन प्रतिमाओं को संसद भवन के सामने उनके प्रमुख स्थान से हटा दिया गया है।

आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं भी पुराने संसद भवन और संसद पुस्तकालय के बीच लान में लगाई गई हैं। अब सभी प्रतिमाएं एक ही जगह पर हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा-छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं को हाल में संसद भवन के सामने स्थित उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है। यह अनुचित है।

बाद में लोकसभा सचिवालय ने एक बयान जारी कर कहा कि संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित होने के कारण आगंतुक इन मूर्तियों को आसानी से नहीं देख पा रहे थे। इसके चलते इन सभी मूर्तियों को संसद भवन परिसर में एक भव्य 'प्रेरणा स्थल' में सम्मान के साथ स्थापित किया जा रहा है। इस 'प्रेरणा स्थल' को इस तरह से विकसित किया जा रहा है कि संसद परिसर आने वाले आगंतुक इन महान व्यक्तियों की मूर्तियों को आसानी से देख सकें और प्रेरणा लें।

# आयोग ने नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व सुखबीर सिंह संधू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 18 वीं लोस के लिए चुने गए सदस्यों की सूची सौंपी • ध्रुव कुमार

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मु ने चुनावी प्रक्रिया की सफलता पर मुख्य चुनाव आयुक्त को बधाई दी और अधिकारियों व कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की प्रशंसा की। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर बुधवार को 17वीं लोकसभा भंग कर दी थी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार का गठन करना होगा।

### चुनाव प्रक्रिया को खराब करने की कोशिशें खारिज की : राजीव कुमार

चुनाव आयोग ने गुरुवार को हिंसा मुक्त लोकसभा चुनावों को महात्मा गांधी को समर्पित किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अफवाहों और निराधार संदेह से चुनावी प्रक्रिया खराब करने के प्रयासों को खारिज कर दिया, जिससे देश में अशांति फैल सकती थी। भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों में भारी विश्वास रखने वाले आम आदमी की इच्छा और प्रबल हुई है।

आम चुनावों में राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सीटें जीतकर 272 के बहुमत के आंकड़े से ऊपर है वहीं विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने 234 सीटें जीती हैं।

# क्या पीएम बिहार, आंध्र को विशेष दर्जा देने का वादा पूरा करेंगे: जयराम



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** कांग्रेस ने गुरुवार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि क्या वह दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा प्रदान करने का अपना वादा पूरा करेंगे? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बार-बार यह कहा जा रहा है कि मोदी 3.0 सरकार बनेगी, लेकिन सच तो यह है कि इस बार 'मोदी एक तिहाई सरकार' होगी।


एक्स पर पोस्ट वीडियो में जयराम रमेश ने कहा कि 30 अप्रैल 2014 को तिरुपति में आपने (पीएम) आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा प्रदान करने का वादा किया था, ताकि राज्य में बड़ा निवेश आ सके। 10 वर्ष बीत गए लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।'

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी विशाखापत्तनम में स्टील प्लांट का निजीकरण का अपना प्रयास अब रोकेंगे? सभी पार्टियां इस प्लांट के निजीकरण के विरुद्ध हैं। रमेश ने यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री 2014 के चुनाव में अपने वादे और अपने सहयोगी और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार की 10 वर्ष पुरानी बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग पूरी करेंगे? इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। यह भी पूछा है कि बिहार में राजद, कांग्रेस और नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण कराया था। अब प्रधानमंत्री क्या पूरे देश में यह सर्वेक्षण कराएंगे।

**कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि क्या पीएम मोदी विशाखापत्तनम में स्टील प्लांट का निजीकरण का अपना प्रयास अब रोकेंगे?**

### कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ता बने लोकतंत्र के प्रहरी : प्रियंका

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के अच्छे प्रदर्शन के लिए समाजवादी पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़े और वे लोकतंत्र के प्रहरी बने।



प्रियंका गांधी वाड्रा

एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल यादव और सपा के राज्यसभा सदस्य राम गोपाल यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी ने कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। तमाम धमकियों और दमन के बावजूद हम एकजुट हुए और लोकतंत्र के प्रहरी बन गए।

# बिहार में चुनाव परिणाम ने बढ़ाया नीतीश का आत्मविश्वास

अरुण अशेष • जागरण



नीतीश कुमार • फाइल फोटो

- जदयू ने किया ऐलान, 2025 के विस चुनाव का नेतृत्व करेंगे नीतीश
- जदयू के प्रति अत्यंत पिछड़ों और महिलाओं का समर्थन भी बना रहा
- केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए जदयू की सीटें अपरिहार्य है

> नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम 1996 से चुनाव लड़ रहे हैं। 2025 का चुनाव भी उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, इसमें क्या दिक्कत है।
> **-सम्राट चौधरी**, उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष।

**पटना:** 2020 के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद नीतीश कुमार की राजनीतिक क्षमता पर कई बार प्रश्न खड़े हुए। राजद से गठबंधन के समय नीतीश ने इतना तक कह दिया कि अगला विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उनके फिर से एनडीए में आने के समय भी कहा जाने लगा कि 2025 में विस चुनाव की अगुआई भाजपा करेगी। मगर, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद जदयू ने ऐलान किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव का नेतृत्व नीतीश करेंगे। अब भाजपा के नेता भी इस पर मुहर लगा रहे हैं।

महागठबंधन में रहने के दौरान नीतीश ने कई बार कहा था कि 2025 के विधानसभा चुनाव में उस समय के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नेतृत्वकारी भूमिका में रहेंगे। दरअसल, 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश के जदयू की हैसियत तीसरे नंबर के दल की हो गई थी। जदयू की सिर्फ 43 सीटों पर जीत हुई थी। भाजपा के मनुहार पर नीतीश मुख्यमंत्री बने। लेकिन, जल्द ही भाजपा के कुछ नेता उनपर अपमानजक टिप्पणी करने लगे। नीतीश जो एनडीए में बड़े भाई की भूमिका में थे, भाजपा के कई नेता उन्हें छोटा भाई बताने लगे। नीतीश महागठबंधन से जुड़े। सत्ता के प्रति उनका वैराग्य भी प्रकट होने लगा। उन्होंने कहना शुरू कर दिया था-मुझे किसी पद की ख्वाहिश नहीं है। जदयू नेता व जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जब कहा कि 2025 का विस चुनाव नीतीश के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, भाजपा नेता भी इसे दोहराने लगे।

**अपरिहार्य बन गए नीतीश:** लोस चुनाव में 12 सीट जीतकर जदयू उत्साह से भरा हुआ है। इसलिए कि केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए यह संख्या अपरिहार्य है। हालांकि जदयू को 2019 की तुलना में उतनी ही सीटें लड़ने पर 3.74 और भाजपा को 3.53 प्रतिशत कम वोट आया। हार-जीत का अंतर भी कम हुआ है। इसके बावजूद जदयू ने अपने आधार वोटों को बचाकर रखा। कुछ क्षेत्रों में उसे मुसलमानों का भी वोट मिला। जदयू के प्रति अत्यंत पिछड़ों और महिलाओं का समर्थन भी बना रहा।

**बिहार के लिए क्यों है जरूरी:** लोकसभा चुनाव में बिहार के भाजपा नेता सक्रिय थे। उनकी खूब सभाएं हुईं। उम्मीदवारों ने और नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट मांगा। दूसरी तरफ जदयू राज्य सरकार की उपलब्धियों के आधार पर वोट मांगता रहा। औरंगाबाद, जमुई और नवादा की सभाओं को छोड़ दें तो नीतीश कुमार पीएम मोदी की अधिसंख्य सभाओं में मंच पर नजर नहीं आए। पीएम के मंच पर हिन्दू-मुस्लिम आधार पर ध्रुवीकरण के लायक भाषण होते थे। जो कि नीतीश के लिए असहज हो सकता था।

# घोटाले से पैसा कमाने वालों की भी हो जांच : राहुल

तृतीय पृष्ठ से आगे

राहुल गांधी ने कहा कि इसको लेकर हमारा पहला सवाल प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से है कि पांच करोड़ आम निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश की आपने सलाह क्यों दी? इससे संबंधित दो साक्षात्कार अदाणी समूह के मीडिया हाउस को क्यों दिए गए, जिनकी सेबी की जांच चल रही है? झूठे एक्जिट पोल जारी करने वाली एजेंसी के भाजपा और लोगों के साथ क्या रिश्ते हैं? सरकार से जवाब मांगते हुए राहुल ने कहा, हम मानते हैं कि यह बहुत बड़ा घोटाला है और जेपीसी जांच ही इसकी सच्चाई सामने ला सकती है। कांग्रेस नेता ने आम निवेशकों से कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को मालूम था कि तीन और चार जून को क्या होने जा रहा है, क्योंकि उनके पास भाजपा की सर्वे रिपोर्ट और खुफिया एजेंसी दोनों की रिपोर्ट थी। फिर भी इन दोनों के साथ वित्त मंत्री ने स्टाक मार्केट के आसमान छूने की बात कहते हुए शेयर खरीदने की सलाह दी। भाजपा के उच्चतम स्तर के लोगों के इस कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा कि जेपीसी जांच में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री, एक्जिट पोल करने वालों और विदेशी निवेश करने वालों की भी जांच होनी चाहिए। उन लोगों की भी जांच होनी चाहिए, जिन्होंने इस घोटाले से पैसा कमाया। उन्हें विश्वास है कि किसी ने तो भारतीय खुदरा निवेशकों की कीमत पर हजारों करोड़ रुपये कमाए हैं।

प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने खरीदने के संकेत दिए और यह एक आपराधिक कृत्य है। राहुल ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि क्या वास्तव में एक्जिट पोल किए गए और इसके लिए क्या तरीका अपनाया गया।

### निर्वाचन आयोग ने हटाई आदर्श आचार संहिता

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद चुनाव आयोग ने गुरुवार को आदर्श आचार संहिता हटा ली। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। हालांकि, विधान परिषद के द्विवार्षिक उपचुनाव के कारण कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता अभी भी लागू है।

केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव और अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आचार संहिता हटा ली गई है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग कुछ नियम बनाता है। चुनाव आयोग के इन्हीं नियमों को आदर्श आचार संहिता कहते हैं। लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान इन नियमों का पालन करना सरकार, नेता और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी होती है। इसका उद्देश्य चुनाव प्रचार, मतदान और मतगणना प्रक्रिया में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग रोकना है।

# 18वीं लोस के 78 प्रतिशत सदस्य स्नातक या उससे अधिक शिक्षित

- पिछली लोकसभा में 396 सदस्य थे स्नातक और उससे ज्यादा पढ़े-लिखे, इस बार 423 हुए
- 18वीं लोस के ज्यादातर सदस्यों ने खुद को सामाजिक कार्य, खेती व कारोबार से जुड़ा बताया

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा की तस्वीर इस बार कई मायनों में पिछली लोकसभा से अलग होगी। इस दौरान जो अहम बदलाव दिखने को मिलेंगे, उसमें इस बार पिछली लोस के मुकाबले और अधिक सदस्य स्नातक या उससे अधिक पढ़े-लिखे होंगे। 18वीं लोकसभा में चुनकर आए 543 सदस्यों में से 423 सदस्य ऐसे होंगे, जिनकी शिक्षा स्नातक या उससे अधिक होगी। इनमें 27 सांसद डाक्टरेट डिग्री वाले भी होंगे। 17वीं लोस में स्नातक व उससे अधिक पढ़े-लिखों की संख्या 396 थी, वहीं डाक्टरेट डिग्री वाले सांसद 21 थे।

18वीं लोकसभा से जुड़ी यह जानकारी संसद के काम-काज पर शोध करने वाली एजेंसी पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक 18वीं लोकसभा में 78 प्रतिशत से अधिक सदस्य स्नातक या उससे अधिक पढ़े-लिखे हैं। इसके साथ ही कम पढ़े-लिखे सांसदों की संख्या भी घटी है। लोकसभा में इस बार सिर्फ 22 प्रतिशत यानी 119 सांसद ऐसे होंगे, जिनकी शिक्षा हायर सेकेंडरी या उससे कम होगी। पिछली लोकसभा में ऐसे सदस्यों की संख्या 27 प्रतिशत यानी 147 थी। नई लोकसभा में चुनकर आने वाले सदस्यों में सबसे अधिक ने अपना पेशा सामाजिक क्षेत्र, कृषि और कारोबार बताया है। लोकसभा में इस बार पिछली लोकसभा के मुकाबले अधिक सदस्यों ने खुद को कानून और न्यायिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ बताया है। 17वीं लोकसभा में कानून व न्यायिक क्षेत्र से जुड़े सदस्यों की संख्या चार प्रतिशत थी, जबकि इस बार बढ़कर सात प्रतिशत हो गई है। लोकसभा में इस बार पिछली लोकसभा के मुकाबले के पहली बार चुनकर आने वाले सदस्यों की संख्या भी बढ़ी है।

दैनिक जागरण के सहयोगी मीडिया प्लेटफार्म विश्वास.न्यूज की पड़ताल में सामने आया सच

# गलत दावे के साथ राहुल गांधी का वीडियो प्रसारित

विश्वास.News
क्योंकि सच जानना आपका अधिकार है
www.vishvasnews.com

**जेएनएन, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इसके बाद अब इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। 34 सेकेंड के इस वीडियो में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को देखा जा सकता है। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि वीडियो चार जून, 2024 का है। दावा यह भी किया गया कि वीडियो उस वक्त का है, जब राहुल गांधी की मौजूदगी में लड्डू बांटे गए।





**क्या हो रहा है प्रसारित :** एक्स हैंडल दिनेश कुमार ने चार जून को एक वीडियो को अपलोड करते हुए दावा किया, 'कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी की मौजूदगी में आज ही लड्डू बंट गए हैं, कल अंध भक्तों रोना मत, क्योंकि कल से तुम्हारे बुरे दिन शुरू होने वाले हैं।' इस वीडियो को अभी का समझ कर दूसरे यूजर्स भी अलग-अलग इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर रहे हैं।

**पड़ताल:** राहुल गांधी के प्रसारित वीडियो का पता लगाने के लिए सबसे पहले इसके कीफ्रेम्स निकाले गए। फिर इन्हें गूगल लेंस के जरिये सर्च किया गया। असली वीडियो हमें पिछले साल की तारीख में कई जगह अपलोड मिला। एक्स हैंडल रुचिरा चतुर्वेदी ने इसे चार अगस्त, 2023 को पोस्ट करते हुए दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय का बताया था। सर्च के दौरान असली वीडियो हमें कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी दिखा। चार अगस्त, 2023 को इसे अपलोड करते हुए लिखा गया कि असत्य पर सत्य की जीत हुई। जय कांग्रेस, विजय कांग्रेस।

**निष्कर्ष:** विश्वास न्यूज की जांच में पता चला कि प्रसारित पोस्ट भ्रामक है। एक साल पुराने वीडियो को कुछ लोग लोकसभा चुनाव के बाद का बताकर शेयर कर रहे हैं।

झूठी खबर और अफवाहों का सच जानने के लिए विश्वास न्यूज के वाट्सएप चैनल को फालो करने के लिए कोड स्कैन करें।

*********

# देश-विदेश जागरण

### भारत ने पहला प्रायोगिक रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट भास्कर-1 लांच किया

1979 में आज ही इसरो ने तत्कालीन सोवियत संघ के वोल्गोग्राद लांच स्टेशन से भारत का पहला प्रायोगिक रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट भास्कर-1 लांच किया था। 442 किग्रा वजनी सेटेलाइट का उद्देश्य जल विज्ञान, समुद्र विज्ञान, वानिकी और टेलीमेट्री से संबंधित आंकड़े एकत्र करना था।




### इंग्लैंड में हुआ क्रिकेट के पहले विश्व कप का आगाज

1975 में आज ही इंग्लैंड में पहला पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू हुआ था। टूर्नामेंट का पहला मैच लार्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड और भारत के बीच हुआ था। विश्व कप 60 ओवर के प्रारूप में खेला गया था। टूर्नामेंट के फाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर वेस्टइंडीज ने विश्व कप जीता था।



### गणित के क्षेत्र में एमएस नरसिम्हन ने दिया था उल्लेखनीय योगदान

गणितज्ञ एमएस नरसिम्हन का जन्म 1932 में आज ही तमिलनाडु में हुआ था। 1960 में टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआइएफआर) से जुड़ गए। 1965 में नरसिम्हन-शेषाद्रि प्रमेय का प्रकाशन कर अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि हासिल की। 1993 से 1999 तक इंटरनेशनल सेंटर फार थ्योरेटिकल फिजिक्स के गणित अनुभाग के प्रमुख के रूप में गणितज्ञों का मार्गदर्शन किया। 1990 में उन्हें पद्मभूषण मिला। वह विज्ञान के क्षेत्र में किंग फैसल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले एकमात्र भारतीय हैं।



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में सिविल वादों की पोषणीयता पर आदेश सुरक्षित

- अन्य मुद्दों पर आदेश आने के बाद होगी सुनवाई
- न्यायमित्र की नियुक्ति पर जताई गई आपत्ति

**जागरण संवाददाता, प्रयागराज :** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य हैं या नहीं) के मुद्दे पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर लिया है। गुरुवार को भी इस प्रकरण में सुनवाई हुई, जिसमें मस्जिद पक्ष ने न्यायमित्र नियुक्त किए जाने पर आपत्ति जताई।

मस्जिद पक्ष की तरफ से पूजास्थल अधिनियम के कारण सिविल वाद प्रतिबंधित होने, मियाद कानून के अनुसार सिविल वाद निरस्त करने और वक्फ संपत्ति होने के कारण सिविल कोर्ट को वाद सुनने का अधिकार नहीं होने जैसे तर्क देते हुए सिविल वादों को निरस्त करने के लिए सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत अर्जी दी गई है। मंदिर पक्ष ने इन आपत्तियों को निराधार बताया है।



मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि • फाइल फोटो

भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने 31 मई, 2024 को बहस पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित कर लिया था, परंतु मस्जिद पक्ष ने सुनवाई के अधिकार की मांग की। इसे स्वीकार कर लिया गया था।

मस्जिद पक्ष ने मुख्यतः तीन बिंदु उठाए। पहला था -आदेश 7 नियम 11, दूसरा 30 मई को बहस के दौरान वादी अधिवक्ता के व्यवहार को देखते हुए उनके बहस के अधिकार को संरक्षण मिले और सुनवाई कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई जाए। तीसरा, विवाद वादी-प्रतिवादी के बीच है।

ऐसा कोई कानूनी उपबंध नहीं है कि कोर्ट किसी व्यक्ति या अधिवक्ता को न्यायमित्र नियुक्त करें। कोर्ट ने इन तर्कों पर कहा, 'जहां तक बहस के अधिकार का मामला है, वादी के अधिवक्ता के व्यवहार पर आपत्ति की गई है।

इसलिए उनका भी पक्ष सुना जाना जरूरी है।' न्यायमित्र की नियुक्ति की वैधता को लेकर एक अर्जी पहले से विचाराधीन है। इस मुद्दे के बारे में वाद की पोषणीयता के संबंध में आदेश के बाद ही सुना जाएगा।

# नीट में कम अंक आने पर कोटा में एमपी की छात्रा ने की आत्महत्या

**जागरण संवाददाता, जयपुर:** राजस्थान के कोटा में नीट की तैयारी कर रही 18 साल की छात्रा बागिशा तिवारी ने पांचवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का एक दिन पहले ही नीट का परिणाम आया था। कहा जा रहा है कि कम नंबर आने के कारण वह अवसाद में थी। वह मध्य प्रदेश में रीवा शहर की रहने वाली थी।

जवाहर नगर थाना अधिकारी हरिनारायण शर्मा ने बताया कि छात्रा एक साल से नीट की तैयारी कर रही थी। वह कोटा के एक निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई कर रही थी। उसका भाई कोटा में ही 11वीं कक्षा में पढ़ता है। वह भी जेईई की तैयारी कर रहा है। बुधवार शाम को भाई कोचिंग पर गया था और मां कमरे में सो रही थी। इस दौरान छात्रा कमरे की खिड़की से कूद गई। छात्रा की मां अक्सर बीमार रहती है। पिता विनोद कुमार तिवारी के कोटा पहुंचने के बाद गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## इधर-उधर की

### हाथों से पानी स्थानांतरित कर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



डेविड रश ने 30 सेकेंड में 3.3 लीटर पानी को किया स्थानांतरित • इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी :** अमेरिका के डेविड रश ने हाथों से सबसे अधिक पानी को स्थानांतरित करने का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। रश ने कहा कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में कई बार इस रिकार्ड को बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कभी पानी के कंटेनर के हिल जाने तो कभी गैर अनुमोदित सतह का उपयोग करने की वजह से वह अयोग्य घोषित कर दिए गए थे। रश को पानी के एक कंटेनर से 3.28 फीट दूर रखे दूसरे कंटेनर में केवल हाथों से पानी को स्थानांतरित करना था। उन्होंने आवंटित 30 सेकेंड में 3.3 लीटर पानी एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करके रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## एक नजर में

### 'पाक के सिंध में बनाया जाए करतारपुर जैसा कारिडोर'

**कराची:** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के पर्यटन मंत्री जुल्फिकार अली शाह ने भारत की सीमा से लगे सिंध प्रांत में करतारपुर जैसा धार्मिक कारिडोर खोलने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे हिंदू और जैन मतावलंबियों को देश में मौजूद अपने ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की यात्रा करने में काफी आसानी होगी। वह दुबई में बुधवार सिंध प्रांत में पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कारिडोर उमरकोट और नगरपारकर में बनाया जा सकता है। (प्रेट्र)

### लिट्टे पर प्रतिबंध विस्तार की समीक्षा करेगा ट्रिब्यूनल

**नई दिल्ली:** गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) न्यायाधिकरण लिबरेशन टाइगर आफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर गैरकानूनी संगठन के तहत प्रतिबंध विस्तार लगाने के फैसले की समीक्षा करेगा। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा यूएपीए न्यायाधिकरण की अध्यक्षता करेंगे। गत 14 मई को केंद्र सरकार ने जनता के बीच अलगाववादी प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालने के लिए लिट्टे पर प्रतिबंध को पांच साल तक बढ़ाने का फैसला किया था। (एएनआइ)

### यूएन सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य बना पाक

**संयुक्त राष्ट्र:** पाकिस्तान समेत पांच देशों को 2025 से शुरू होने वाले दो साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुन लिया गया। पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, ग्रीस और पनामा को अस्थायी सदस्य चुना गया। पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने इस पर खुशी जताई है। (एपी)

# इजरायली सेना ने गाजा में स्कूल पर किया हमला, 40 लोगों की मौत, 73 हुए घायल

## स्कूल में छिपे थे हमास के लड़ाके, फलस्तीन ने कहा, यूएन के शिविर में थे शरणार्थी

**यरुशलम, रायटर:** संघर्ष विराम की कोशिशों के बीच इजरायल ने गुरुवार को सेंट्रल गाजा के एक स्कूल पर हवाई हमला किया है, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 73 लोग घायल हुए हैं। इजरायल का दावा है कि उसने हमास के लड़ाकों को निशाना बनाया है। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आरोप लगाया कि हमले में संयुक्त राष्ट्र के शिविर में शरण लिए लोगों की जान गई है जिसमें 23 महिलाएं व बच्चे शामिल हैं।

दोनों पक्षों के विरोधाभासी बयानों के बीच संयुक्त राष्ट्र ने अन्य देशों के साथ एक संयुक्त बयान जारी कर इजरायल और हमास से युद्धविराम समझौते को अंतिम रूप देने का आग्रह किया है। इस बीच, दोहा में अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ युद्धविराम के लिए समझौता वार्ता जारी रखे हैं।

हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए लोगों को छोड़ने और बदले में इजरायली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों की रिहाई से युद्धविराम को तीन चरण में लागू करने के प्रयास चल रहे हैं। लेकिन, हमास स्थायी युद्धविराम की मांग कर रहा है तो इजरायल कह रहा है कि उसका उद्देश्य इस्लामी चरमपंथी समूह हमास को खत्म करना है। वहीं, ऐसे संवेदनशील समय में इजरायल का हमला समझौते के प्रयासों पर असर डाल सकता है।



सेंट्रल गाजा पट्टी के नुसीरत में स्कूल में बने रिफ्यूजी कैंप पर इजरायल के हमले के बाद का नजारा • रायटर

हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय के निदेशक इस्माइल अल-थावब्टा ने इजरायल के इस आरोप को खारिज कर दिया कि सेंट्रल गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित नुसीरत स्कूल में हमास के लड़ाके ठिकाना बनाए थे। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने एक लक्षित हमला किया है, कहा- हमने सेटेलाइट फोटो से स्कूल के दो भागों को चिह्नित किया, जहां हमास ठिकाना बनाए है।

इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल पीटर लर्नर ने कहा कि हम इस मामले में खुफिया जानकारी से आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें जानकारी मिली थी कि 20-30 हमास लड़ाके स्कूल में शरण लिए हैं। उल्लेखनीय है कि गाजा में अब तक 36,654 फलस्तीनियों की जान जा चुकी है, वहीं हमास के इजरायल हमले में 1200 से अधिक नागरिकों की मौत हुई है।

### अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में दक्षिण अफ्रीका के साथ आया स्पेन

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) में दक्षिण अफ्रीका ने पिछले वर्ष के अंत में एक याचिका दायर कर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाते हुए सुनवाई की मांग की थी। इस मामले में गुरुवार को स्पेन पहला यूरोपीय देश बन गया जिसने दक्षिण अफ्रीका के साथ आने की अनुमति मांगी है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय इजरायल को गाजा के रफाह में तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने का आदेश दे चुका है लेकिन इजरायल द्वारा इसे मानने के कोई संकेत नहीं है। हालांकि, कोर्ट का यह फैसला बाध्यकारी नहीं है।

# महिला जवान ने कंगना रनौत को जड़ा थप्पड़

- भाजपा सांसद के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई घटना
- किसान आंदोलन पर बयान से नाराज थी महिला, निलंबित

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ में शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात सीआइएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की महिला जवान कुलविंदर कौर ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। घटना गुरुवार दोपहर बाद 3.40 बजे तब हुई जब कंगना विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट यूके 707 से दिल्ली के लिए रवाना हो रही थीं। सीआइएसएफ ने आरोपित जवान को हिरासत में लेकर निलंबित कर दिया है। घटना की जांच के लिए टीम बनाई गई है। घटना के बाद कंगना निर्धारित फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह सुरक्षित हूं। बड़ी चिंता यह है कि पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद जिस तरह से बढ़ रहा है, उससे हम कैसे निपटेंगे।

भाजपा सांसद कंगना ने वीडियो जारी कर घटना के बारे में बताया। कहा, एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकइन कर जैसे ही मैं निकली तो दूसरे कैबिन में तैनात सीआइएसएफ की महिला जवान गालियां देने लगी और मेरे चेहरे पर हिट कर दिया। कारण पूछने पर बोली कि मैं किसान आंदोलन का समर्थन करती हूं। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे घटना के एक वीडियो में कंगना सिक्योरिटी चेकइन के पास हैं, तभी एक आवाज सुनाई दे रही है कि मैडम इंतजार करो। कुलविंदर कौर कहती सुनाई दे रही है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना ने जब कहा था कि महिलाएं दिल्ली में 200-200 रुपयों के लिए बैठी हैं, उस वक्त मेरी मां आंदोलन में बैठी थी। मुझे इसी बात का गुस्सा था। बताते हैं कि कंगना को देखते ही कुलविंदर कौर आपा खो बैठी और बहस करने लगी। इसी दौरान उसने थप्पड़ जड़ दिया।

एयरपोर्ट थाने के डीएसपी कुलजिंदर सिंह ने कहा कि कंगना ने लिखित शिकायत नहीं दी है। सीआइएसएफ अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जांच चल रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई होगी।



अभिनेत्री और मंडी लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कंगना रनौत • प्रेट्र



कंगना को थप्पड़ मारने वाली सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर • (वीडियो ग्रैब) प्रेट्र

### जिस महिला की फोटो दिखाई थी, वह थीं कुलविंदर की मां

कुलविंदर कौर कपूरथला जिले के थाना तलवंडी चौधरिया के गांव माई वाल की रहने वाली है। कुलविंदर दो साल से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तैनात है। उसका पति भी सीआइएसएफ में है। कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान जिस महिला की फोटो दिखाते हुए दावा किया था कि ऐसी महिलाएं सौ-सौ रुपये लेकर बैठी हैं, वह 75 वर्षीय वीर कौर ही कुलविंदर कौर की मां हैं। कुलविंदर कौर के भाई शेर सिंह किरती किसान यूनियन का जिला संगठन सचिव हैं। वह बहन की इस हरकत को सही नहीं मानते, लेकिन कहा कि कंगना का बयान भी सही नहीं था।

# एएफएमएस संस्थानों में छात्रों को प्रवेश न देकर अधिकारियों ने की गलती : कोर्ट

विनीत त्रिपाठी • जागरण

- दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा, योग्यता के आधार पर प्रवेश के लिए योग्य थे अपीलकर्ता उम्मीदवार
- रिक्त 51 सीट की काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति देने का एएफएमएस को दिया निर्देश

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय (एएफएमएस) को 2024 के शैक्षणिक वर्ष के लिए एएफएमएस संस्थानों में 2023 बैच के उम्मीदवारों को प्रवेश देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अत्यधिक तकनीकी दृष्टिकोण अपना छात्रों को प्रवेश देने से इन्कार कर गलती की है। जबकि छात्र प्रवेश पाने की योग्यता रखते हैं।

हाई कोर्ट की **एकल पीठ** के निर्णय के विरुद्ध अपीलकर्ताओं की याचिका दायर की थी। जिसके के बाद मामला दो सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए लाया गया। जिस पर हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया कि स्पोंसरशिप सर्टिफिकेट के लिए स्पोंसर प्राधिकरण की **आधिकारिक मुहर** होना अनिवार्य है। एकल पीठ ने कार्यालय की मुहर के बिना स्पोंसरशिप सर्टिफिकेट जमा करने पर अपीलकर्ताओं की उम्मीदवारी को खारिज करने की कार्रवाई को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने कहा कि एकल पीठ ने उम्मीदवारों की योग्यता की अनदेखी करते हुए उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया था।

वहीं, 51 सीटें खाली होने के तथ्य को देखते हुए पीठ ने आदेश दिया कि अपीलकर्ताओं को इन सीटों के लिए काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति दी जाए। स्पष्ट किया कि अपीलकर्ताओं के **स्पोंसरशिप सर्टिफिकेट** को अनंतिम माना जाएगा और प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए सात दिन दिए जाएं। अदालत ने कहा कि यदि **प्रायोजक प्राधिकारी** के पास आधिकारिक मुहर का अभाव है, तो प्रमाणपत्र के साथ प्राधिकारी का शपथपत्र संलग्न होगा। मार्च 2013 की अधिसूचना के अनुसार एएफएमएस सीटें पांच प्राथमिकताओं के आधार पर आवंटित की गईं थीं। इनमें एएफएमएस अधिकारियों से लेकर नागरिक उम्मीदवार शामिल थे। योग्य उम्मीदवारों को एमसीसी वेबसाइट पर पंजीकरण करना और प्राथमिकता के अनुसार काउंसलिंग में भाग लेना था। विभिन्न सरकारी संगठनों में कार्यरत मेडिकल स्नातकों ने पांच मार्च 2023 को नीट-पीजी परीक्षा दी और कटआफ से ऊपर स्कोर करके एएफएमएस काउंसलिंग को पंजीकरण कराया। **प्राथमिकता-3 उम्मीदवारों के रूप में अपीलकर्ताओं ने नियोक्ता की अनुमति प्राप्त की और स्पोंसरशिप सर्टिफिकेट जमा किए।** हालांकि, उनके नाम 10 अगस्त 2023 को प्रकाशित **प्राथमिकता-3 उम्मीदवार मेरिट सूची** में शामिल नहीं थे।

# दौसा में दुष्कर्म के बाद नाबालिग को ट्रेन के आगे फेंका

**जागरण संवाददाता, जयपुर:** राजस्थान के दौसा में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसे ट्रेन के आगे फेंक दिया गया। दौसा में एक जून को नाबालिग का शव मिला था। चार दिन तक पहचान न होने पर पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था, लेकिन अब उसकी पहचान के बाद उसके स्वजन ने मामला दर्ज करवाया है।

बताया जाता है कि नाबालिग दौसा के पास एक गांव की रहने वाली थी। वह दौसा में कमरा लेकर रहती थी। वह यहां जेईई की तैयारी कर रही थी। दो जून को जेईई की परीक्षा थी। उसी दिन शाम को उसके स्वजन ने मोबाइल पर फोन किया, मगर संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उसके मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने स्वजन को बताया कि नाबालिग अपनी बुआ के घर जाने का कहकर निकली थी। वह वापस नहीं लौटी। बुआ के घर भी नहीं पहुंची तो स्वजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। बुधवार शाम स्वजन को पता चला कि एक जून को दौसा रेलवे ट्रैक पर नाबालिग का शव मिला था। पुलिस ने कपड़े और शव की फोटो दिखाई तो स्वजन ने पहचान लिया। दो युवकों पर शक जता सामूहिक दुष्कर्म व हत्या का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी सोहनलाल ने बताया कि शव के हाथ-पैर कटे हुए थे। आरोपितों ने दुष्कर्म करने के बाद नाबालिग को ट्रेन के आगे फेंक दिया।




# ताइवान से मोदी को मिली बधाई से चीन परेशान

- पीएम मोदी व ताइवान के राष्ट्रपति के बीच हुए संवाद पर जताया विरोध
- कहा- भारत ने दिया है एक चीन नीति को समर्थन, करना चाहिए पालन



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** इस बात की आशंका है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी भारत और चीन के रिश्तों में कुछ नरमी नहीं आने वाली। इसके संकेत आने लगे हैं। चीन को यह बात बहुत ही नागवार गुजरी है कि ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चेंग-ते ने पीएम मोदी को उनकी अगुआई में राजग को तीसरी बार मिली जीत पर बधाई दी और पीएम मोदी ने भी उनको धन्यवाद दिया था। चीन ने इन दोनों के बीच हुए संवाद के बारे में कहा है कि भारत ने एक चीन की नीति को समर्थन करने की घोषणा की है और उसे इसका पालन करना चाहिए। चीन ने परोक्ष रूप से धमकी दी है कि भारत को एक-चीन नीति का उल्लंघन करने से बचना चाहिए।

आम चुनाव, 2024 में राजग को मिले स्पष्ट बहुमत पर दुनिया के 60 से ज्यादा देशों के प्रमुखों और नेताओं ने मोदी को बधाई संदेश भेजा है। इसमें ताइवान के राष्ट्रपति चिंग-ते भी शामिल हैं। उन्होंने लिखा था कि चुनाव में विजयी होने पर पर आपको हार्दिक बधाई। हम ताइवान-भारत साझेदारी को और मजबूत बनाने को उत्सुक हैं ताकि कारोबार, प्रौद्योगिकी व दूसरे क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ़ करें व हिंद-प्रशांत क्षेत्र को शांतिपूर्ण बनाने के लिए काम करें। इस पर पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि आर्थिक व प्रौद्योगिक साझेदारी में वह ताइवान के साथ काम करने को इच्छुक हैं।

गुरुवार को इसके बारे में जब चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता से पूछा गया तो उनका जवाब था कि पहली बात तो यह है कि इस क्षेत्र में ताइवान के राष्ट्रपति जैसा कोई पद नहीं है। आधिकारिक तौर पर चीन की सरकार चीन के साथ कूटनीतिक संबंध रखने वाले देशों और ताइवान के बीच किसी भी तरह के संबंध का विरोध करती है। विश्व में सिर्फ एक ही चीन है। ताइवान चीन का ही एक अभिन्न हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक-चीन की नीति एक सर्वमान्य नीति है। भारत की भी इस बारे में राजनीतिक प्रतिबद्धता है। इस बारे में भारत को ताइवान के अधिकारियों से सचेत रहना चाहिए और ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे एक-चीन नीति का उल्लंघन होता हो। इसके पहले चीन सरकार के मुख पत्र ग्लोबल टाइम्स के संपादक हु शीजिन ने भी एक्स पर एक भड़काऊ पोस्ट लिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति के बीच हुए संवाद के बारे में लिखा है, 'प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा रेखा का उल्लंघन कर दिया है। इस दिशा में उनकी वजह से भारत को कीमत चुकानी पड़ेगी।'

********



सरकार की नीतियों से युवाओं को करें प्रेरित : गुरबीर पाल सिंह ||| www.jagran.com

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित अस्पताल में कई नवजात ने अपनी जिंदगी गवां दी। लाजपत नगर के आठ 7 अस्पताल में बुधवार को भीषण आग लगी। गनीमत रही कि वहां कोई जनहानि नहीं हुई। इस स्थिति में फायर एनओसी का आडिट कराने की बहुत ज्यादा जरूरत है

राजपाल सिंह, पार्षद



**// प्रणाम //**

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में थिएटर की कार्यशाला। ओपन पाम कोर्ट गैलरी, दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक। कार्यशाला 20 जून तक लगेगी।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**दक्षिणी दिल्ली**
50, ओखला इंडस्ट्रीयल एस्टेट, फेज-3, नई दिल्ली-20

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

संपर्क करें: 8175813532, 9873737460

ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812
8076941298

## बदहाल है सफाई व्यवस्था, शिकायतों का प्राथमिकता से हो निदान : डा. शैली

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली की सफाई व्यवस्था को लेकर महापौर डा. शैली ओबेराय ने सभी क्षेत्रीय उपायुक्तों के समीक्षा की। बैठक में महापौर ने इस बात जोर दिया कि सफाई से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल, नेता सदन मुकेश गोयल की मौजूदगी में हुई बैठक में महापौर ने दिल्ली की सफाई व्यवस्था बदहाल है और इस तरफ ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है। महापौर ने बताया कि एमसीडी के पास सीमित संसाधन हैं जिनका अधिकतम और कुशलतम प्रयोग करने की जरुरत है। इसके लिए सभी को मिलकर एक रणनीति के तहत काम करना होगा।



निगम के क्षेत्रीय उपायुक्तों के साथ सफाई व्यवस्था पर समीक्षा करतीं महापौर डा. शैली ओबेराय ● सौजन्यः निगम

महापौर ने कहा कि विभिन्न जोन में कूड़े उठाने वाले ठेकेदारों के अनुबंध आने वाले समय में खत्म हो रहे हैं इससे सफाई कार्य बाधित हो रहा है। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों की कमी भी एक बड़ा कारण है। पश्चिमी जोन के अधिकारी बैठक में महापौर को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अनाधिकृत इलाकों में काफी निर्माण कार्य हुआ है और सी एंड डी वेस्ट अवैध डपिंग की समस्या बढ़ी है। साथ ही यहां सात वार्ड के लिए केवल दो ही डलाव घर है जिसके कारण सफाई व्यस्था बनाये रखने में दिक्कत आ रही है। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि आजादपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल है। यहां सब्जियां धोई जा रही हैं जिसके कारण उसकी गाद दिल्ली नगर निगम की नालियों को जाम कर रही है। सब्जियों पर लगी मिट्टी नालियों में पानी की निकासी को बाधित कर रही है। इसके अलावा आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास बनी झुग्गियों में रहने वाले लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। महापौर ने कहा ठोस कूड़ा प्रबंधन के लिए जिन स्थानों पर एफसीटीएस को स्थापित करने के लिए ज़मीन की आवश्यकता है और आस पास डीडीए की ज़मीन उपलब्ध है तो इस बारे में डीडीए से बात करें। जिससे जल्द से जल्द एफसीटीएस को स्थापित किया जा सके।

### एक जुलाई से चेक से संपत्तिकर नहीं लेगा निगम

**चेक बाउंस के बढ़ते मामलों और अदालती मामलों के चलते निगम ने लिया निर्णय, यूपीआइ, ड्राफ्ट और पे आर्डर से ही हो सकेगा संपत्तिकर का भुगतान**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम ने चेक बाउंस के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए एक जुलाई से चेक से संपत्तिकर का भुगतान बंद करने का निर्णय लिया है। निगम इसके बाद सिर्फ आनलाइन यूपीआइ, ड्रामंड डाफ्ट, पे आर्डर ही भुगतान लेगा। एक जुलाई से चेक से भुगतान नहीं किया जा सकेगा। निगम के अनुसार डिजिटल भुगतान न केवल समय पर भुगतान और रसीद जारी करना सुनिश्चित करेगा, बल्कि व्यापार करने में आसानी भी प्रदान करेगा। करदाता आसानी से संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे और उसका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगे। निगम ने अपील की है कि संपत्तिकरदाता 30 जून तक संपत्तिकर जमा करेंगे तो उन्हें 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सभी संपत्तिकरदाता दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in पर अपना बकाया संपत्तिकर जमा करवा सकते हैं। निगम ने संपत्ति मालिकों से अपनी संपत्ति की जीओ टैगिंग भी करने की सलाह दी है।

### आइआइआइटी के छात्र को मिला 95 लाख रुपये का सैलरी पैकेज

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** दिल्ली आइआइआइटी का इस बार प्लेसमेंट सीजन शानदार रहा। इस साल यहां के 677 विद्यार्थियों को जाब आफर मिले। इनमें से 548 फुल टाइम पाजिशन के लिए और 129 इंटर्नशिप जाब का आफर दिया गया। फुल टाइम पाजिशन के लिए एक छात्र को 95 लाख का सैलरी पैकेज मिला है।

इस बार संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक सैलरी पैकेज 95.15 लाख रुपये सालाना का रहा। साथ ही घरेलू स्तर पर 49 लाख का पैकेज रहा। इस बार नौ छात्रों को अंतरराष्ट्रीय आफर मिले। आइआइआइटी दिल्ली के निदेशक डा. रंजन बोस ने कहा कि इस वर्ष संस्थान के विद्यार्थियों को शानदार प्लेसमेंट मिला है। चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल के बाद भी विद्यार्थियों ने शीर्ष स्तरीय पद हासिल किए हैं।

## आचार संहिता हटने से विकास को मिलेगी गति

### चुनाव के चलते ढाई महीने से लंबित हैं सरकारी योजनाएं


**राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता हटने की उम्मीद के साथ, दिल्ली में करीब दो ढाई माह से भी अधिक समय से थमी कई लंबित सरकारी परियोजनाएं को अब रफ्तार मिलने की उम्मीद है। 16 मार्च को चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लग गई थी।

लंबित परियोजनाओं में दिल्ली सरकार की मोहल्ला बस सेवा योजना तथा इलेक्ट्रिक वाहनों एवं सौर ऊर्जा नीतियों के दूसरे चरण को मंजूरी का इंतजार है। सरकार जल्द ही इच्छुक व्यक्तियों को अपने घरों पर पैनल स्थापित करने में सहायता के लिए एक पोर्टल लांच करेगी। दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत 341 स्थानों पर सड़क विकास कार्य, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के शिवाजी स्टेडियम बस टर्मिनल का पुनर्विकास, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने कमला मार्केट में मरम्मत कार्य और नेहरू पार्क में तीन किमी लंबे साइकिल ट्रैक का उद्घाटन शामिल है।

लोक निर्माण विभाग फ्लाईओवर रखरखाव जैसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की योजना बना रहा है, जो पहले सरिता विहार से शुरू होगी। इमारतों के रखरखाव, अदालतों और अस्पतालों की वाटरप्रूफिंग जैसी छोटी परियोजनाएं भी लंबित हैं।

इस साल की शुरुआत में एमसीडी ने दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत गांवों में सड़कों, जल निकासी प्रणालियों और स्ट्रीट लाइटों के संबंध में दिल्ली विकास प्राधिकरण को विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्ताव दिया था। इनमें से अधिकांश कार्यों की सिफारिश नजफगढ़, नरेला, दक्षिण और पश्चिम क्षेत्रों के गांवों में की गई थी। एक अधिकारी ने बताया, ''डीडीए ने 407.1 करोड़ रुपये की लागत वाली 349 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है और 11 मार्च तक उनमें से 344 के लिए निविदाएं जारी की जा चुकी हैं।'' उनमें आठ को छोड़कर बाकी को रोक दिया गया था। अब चुनाव खत्म हो गए हैं, उम्मीद है कि गांवों में काम में तेजी आएगी।'इसके अलावा पाइपलाइन में दशकों पुराने कमला मार्केट का पुनरुद्धार भी शामिल है, जिसमें 73 साल पुराने क्लाक टावर और परिसर के प्रवेश द्वार की पेंटिंग भी शामिल है। एक अधिकारी ने कहा, मार्च में, हमने बाजार को उसके मूल गौरव को बहाल करने और नया स्वरूप देने की परियोजना को मंजूरी दी थी। कुछ बुनियादी काम शुरू किए गए थे, लेकिन आचार संहिता में रुक गए थे। इसके अलावा, सरकार ने एयर कंडीशनिंग, रिक्लाइनिंग सीटों और वाईफाई से लैस एप-आधारित प्रीमियम बसें संचालित करने के लिए दो कंपनियों के साथ बातचीत को अंतिम रूप दिया है। अधिकारी ने कहा, राज्य सरकार इस योजना को लागू करने के लिए चुनाव खत्म होने का इंतजार कर रही थी और अब सही समय आ गया है। सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक संशोधित नीति पर भी काम तेज करेगी, जिसमें आकर्षक सब्सिडी सुविधाएं शामिल होंगी।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, वे सरिता विहार फ्लाईओवर मरम्मत कार्य के लिए मंजूरी प्राप्त करने के लिए यातायात पुलिस से संपर्क करेंगे और एक बार यह अधिग्रहण हो जाने के बाद, विस्तार जोड़ों को बदलने का काम शुरू कर देंगे।





कमला मार्केट में चल रहा विकास कार्य ● जागरण आर्काइव

**आचार संहिता हटने का इंतजार कर रहीं कुछ प्रमुख परियोजाएं**

**मोहल्ला बस सेवा :** 2023-24 के बजट में घोषणा की गई, प्रोटोटाइप आ गया है। सेवा जल्द शुरू होगी

**प्रीमियम बस नीति :** दो कंपनियों से बात चल रही है, जल्द ही किसी भी समय शुरू किया जाएगा

**ईवी नीति 2.0 :** ईवी नीति 1.0 अगस्त 2023 में समाप्त हो गई और दिसंबर तक बढ़ा दी गई, संशोधित नीति जल्द ही लांच होने वाली है

**सौर नीति :** लोगों की सहायता के लिए पोर्टल जल्द ही लांच किया जाएगा

'दिल्ली ग्रामोदय अभियान' के तहत मार्च में एमसीडी ने 349 प्रोजेक्ट फाइनल किए, आठ परियोजनाओं पर काम पहले शुरू हो चुका था

**शिवाजी स्टेडियम बस टर्मिनल का पुनरुद्धार** : मार्च में परिषद की बैठक में रखे गए प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी, जल्द बैठक में लाया जाएगा नया प्रस्ताव

**साइकिल ट्रैक, नेहरू पार्क :** 2.7 किलोमीटर का ट्रैक पिछले महीने पूरा हो गया था, किसी भी दिन हो सकता है उद्घाटन

**मिंटो रोड फ्लैट :** एमसीडी की मंजूरी लंबित है, इसे सदन की बैठक में रखा जाएगा

**पीडब्ल्यूडी इन्फ्रा प्रोजेक्ट :** सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर, चिराग दिल्ली अंडरपास आदि के पुनरुद्धार पर काम शुरू करना

**मुख्यमंत्री दिल्ली स्ट्रीट लाइट योजना :** पिछले जुलाई में घोषित इस योजना को जल्द ही लागू किया जाना था

## ओवरफ्लो सीवर को लेकर एनजीटी ने मांगा जवाब

- डीपीसीसी, एमसीडी व पश्चिम जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी
- अखिल भारतीय नेत्रहीन संघ की रिपोर्ट पर मांगा जवाब

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में कचरा और ओवरफ्लो हो रहे सीवर का असर दिव्यांग छात्रों पर पड़ने से जुड़े मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और जिला मजिस्ट्रेट (पश्चिम) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उक्त जवाब अखिल भारतीय नेत्रहीन संघ के एमसीडी कचरा संग्रहण बिंदु और उसके निकट कई सीवेज गड्ढों से संबंधित एक रिपोर्ट का संज्ञान लेकर मांगा है।

एनजीटी ने कहा कि बच्चे पहले से ही दृष्टि समस्याओं से जूझ रहे हैं और अब उन्हें कीड़े और मच्छरों के झुंड से भी जूझना पड़ रहा है। एनजीटी ने नोट किया कि छात्रों को स्कूल के फुटपाथ पर एक नहीं, बल्कि तीन से चार खुले और गहरे गड्ढों के कारण ठोकर का भी खतरा रहता है। उक्त तथ्यों को देखते हुए एनजीटी ने डीपीसीसी-सीपीसीबी समेत अन्य एजेंसियों को मामले में 20 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई से एक सप्ताह पहले अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार अखिल भारतीय नेत्रहीन संघ हर साल सौ से अधिक दृष्टिबाधित बच्चों के एक बैच को मुफ्त शिक्षा और आवास उपलब्ध करा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार दिव्यांग छात्रों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारी संख्या में पड़े रहने वाले कूड़े और सड़कों पर बहने वाले सीवेज के कारण गंदा पानी स्कूल के डाइनिंग हाल में आता है और इसका असर छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। खाना खाने के स्थान पर गंदा पानी आने से छात्रों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।





**एक नजर में**

### 597 क्वार्टर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली:** मैदानगढ़ी थाना पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उससे शराब के 597 क्वार्टर बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपित की पहचान असोला निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई है। वह प्लास्टिक के थैले भरकर शराब ले जा रहा था। (जासं)

### जेल से छूटकर आए युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**बाहरी दिल्ली :** जेल से छूटकर आए एक युवक की जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र में चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मजरुल के रूप में हुई है। मजरुल तीन दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि आपसी रंजिश के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया है। (जासं)

### नकली पिस्टल दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**देहरादून:** बल्लूपुर चौक के पास स्कूटी ने कार को टक्कर मार दी। इस पर आपा खोते हुए स्कूटी सवार ने नकली पिस्टल निकाली और कार सवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। यह देख वहां से गुजर रहे लोगों ने आरोपित को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में पता चला कि स्कूटी सवार के पास नकली पिस्टल थी, जिससे कार चालक को धमका रहा था। कैंट कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मूलरूप से नई दिल्ली का रहने वाला है। रमेश गुरुंग ने बताया कि वह विकासनगर स्थित अपने घर से परिवार के साथ कार से देहरादून आ रहा था। बल्लूपुर चौक के पास अचानक एक स्कूटी सवार ने कार को टक्कर मार दी। स्कूटी सवार ने गाली-गलौज करते हुए पिस्टल निकालकर उसे मारने की धमकी दी। (जासं)



### काम के चलते आवाजाही बाधित....

रिंग रोड से कश्मीरी जाने वाले मार्ग पर लाल किला के समीप मंगी ब्रिज पर पुरातत्व विभाग द्वारा मरम्मत का कार्य चल रहा जिसके चलते मार्ग की एक लेन बंद है। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है ● चंद्र प्रकाश मिश्र

### भगोड़े अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं, नई दिल्ली:** हौजकाजी थाना पुलिस ने भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान अरहान खान उर्फ आदिल के रूप में हुई है। आरोपित पिछले 11 माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि हौजकाजी थाना में जुलाई 2023 में चोरी के दौरान जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में प्राथमिकी हुई थी। वारदात को अरहान नाम के युवक ने अंजाम दिया था। वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था। गत 27 मई को तीस हजारी कोर्ट ने आरोपित को भगोड़ा घोषित कर दिया। चार जून को पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।

## पुरानी दिल्ली के लिए अलग निकाय का सपना होगा साकार

- वर्ष 2020 में एसआरडीसी ने केंद्र सरकार को भेजा था प्रस्ताव, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी
- एनडीएमसी की तर्ज पर बिजली, पानी, सड़क जैसे मामले होंगे अधीन, कार्ययोजना में शामिल

नेमिष हेमंत ● जागरण

**नई दिल्ली:** ऐतिहासिक शहर पुरानी दिल्ली को एनडीएमसी की तर्ज पर विशेष प्राधिकरण के माध्यम से विकास का सपना साकार होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे लेकर संकल्प व्यक्त किया था। अब जीतने के बाद व्यापारियों की मांग पर पार्टी ने भी 100 दिन के एजेंडे में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा है। पार्टी ने कहा है कि वह एसआरडीसी (शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम) को अधिकार दिलाकर उससे पूरी पुरानी दिल्ली में काम कराकर दिखाएगी। यहां के व्यापारियों व स्थानीय लोगों की प्रमुख मांग है कि चांदनी चौक मुख्य मार्ग से वाहनों को गुजरने की अनुमति दी जाए। जिससे कारोबार बढ़ने के साथ परेशानी घटे।

मामले के जानकारों के अनुसार, पुरानी दिल्ली में बहुनिकाय व्यवस्था के चलते विकास की गति धीमी है। जिसके चलते स्थिति बदतर होती जा रही है, क्योंकि जनसंख्या घनत्व तथा कारोबारी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। इसके लिए आवश्यकता है कि यहां के लिए एनडीएमसी की तर्ज पर अलग से निकाय हो, जिसके पास सारे अधिकार हों। वैसे, वर्ष 2020 में एसआरडीसी द्वारा एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा गया था, लेकिन उस पर बात अभी तक आगे नहीं बढ़ी है। वैसे, आबादी और कारोबारी गतिविधियां बढ़ने से समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इसके पुनर्विकास की योजना को तैयार करने को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने वर्ष 2006 में एसआरडीसी का गठन किया था। जिस पर वर्ष 2018 में हाई कोर्ट के आदेश पर काम शुरू हुआ। इसके पहले चरण में 1.3 किमी सड़क का ही सुंदरीकरण हुआ है, उसके बाद बात आगे नहीं बढ़ी।



चांदनी चौक का किया जाएगा विकास ● ध्रुव कुमार



एसआरडीसी को अधिक शक्तियां देने की मांग वर्षों से हो रही है। हम उम्मीद करते हैं कि इस पर जल्द काम शुरू होगा।
**-संजय भार्गव,** अध्यक्ष, चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल



एसआरडीसी को अधिक शक्तियां देकर न सिर्फ चांदनी चौक, बल्कि संपूर्ण पुरानी दिल्ली में काम कराकर दिखाएंगे। इस पर जल्द काम शुरू होगा। **-प्रवीन शंकर कपूर,** प्रवक्ता, दिल्ली भाजपा

## बलिदानी के गांव कटवारिया में स्वास्थ्य सेवाओं को तरस रहे लोग

**एक लाख से ज्यादा की आबादी होने के बावजूद गांव में आज तक नहीं बनी कोई डिस्पेंसरी, ग्रामीणों ने कई बार लगाई गुहार**

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** बलिदानी जीत सिंह सनसनवाल के गांव कटवारिया सराय के लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरस रहे हैं। इस गांव की आबादी एक लाख से ज्यादा होने के बावजूद यहां आज तक कोई डिस्पेंसरी नहीं बनाई गई। डिस्पेंसरी की मांग को लेकर ग्रामीण नगर निगम के अधिकारियों से लेकर उपराज्यपाल के पास जाकर कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।


ग्रामीणों ने उपराज्यपाल और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा था कि गांव के कम्यूनिटी सेंटर के एक हिस्से में डिस्पेंसरी बना दें, ताकि ग्रामीणों को दवाईयों और उपचार के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। इस पर आज तक किसी भी अधिकारी ने कोई काम नहीं किया। जबकि कम्यूनिटी सेंटर के एक तरफ खाली जगह है। इसके अलावा ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर के अंदर भी खाली पड़े कमरों में डाक्टर, दवाओं सहित डिस्पेंसरी से जुड़ी अन्य व्यवस्था की जा सकती है।

**मालवीय नगर व बेर सराय जाते हैं ग्रामीण :** कटवारिया सराय के ग्रामीणों की स्थिति यह है कि उन्हें उपचार के लिए मालवीय नगर, बेर सराय और सफदरजंग अस्पताल जाना पड़ता है।


आपात स्थिति में किसी को तुरंत उपचार मुहैया नहीं कराया जा सकता। डिस्पेंसरी न होने से ज्यादा समस्या बुजुर्गों को होती है। वह किराया लगाकर भी समय रहते अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं।



बलिदानी का गांव होने के बावजूद कटवारिया सराय के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरसना पड़ा रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई भी अधिकारी व स्थानीय प्रतिनिधि ग्रामीणों की समस्या सुनने को तैयार नहीं है।
**-सुनील सनसनवाल,** बलिदानी जीत सिंह सनसनवाल के पौत्र



मेरी उम्र 75 साल हो चुकी है। ऐसे में कोई परेशानी होने पर बार-बार गांव से दूर बने स्वास्थ्य केंद्र पर जाना मुश्किल हो जाता है। जब अस्पतालों में पहुंचते हैं तो वहां पहले से ही लंबी लाइन लगी रहती है। अगर जगह का अभाव है तो गांव के कम्यूनिटी सेंटर में भी डिस्पेंसरी को बनाई जा सकता है।
**-देवराज कटारिया,** ग्रामीण



हम लोग डिस्पेंसरी बनाने की मांग को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं। इसके अलावा उनसे व्यक्तिगत तौर पर भी बैठक कर चुके हैं, मगर कोई भी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार नहीं है। हर बार बस आश्वासन दिया जाता है।
**-वीपी शर्मा,** ग्रामीण



मैं करीब 50 सालों से यहां रह रहा हू। आज देश के सरकारी अस्पतालों में दर्द बुखार जैसी बीमारियों की दवाइयां मुफ्त मिल रही हैं, लेकिन हमारे गांव में एक डिस्पेंसरी तक नहीं है। हमें इनके लिए भी अस्पताल आने- जाने में काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। **-कमल सिंह,** ग्रामीण



डिस्पेंसरी बनाने को लेकर ग्रामीण पिछले काफी समय से मांग कर रहे हैं। यह हर ग्रामीण की जरूरत है, लेकिन कोई भी हमारी सुनने को तैयार नहीं है। यह बड़े दुख की बात है। डिस्पेंसरी के लिए तुरंत काम किया जाना चाहिए। **-परमेश्वर सिंह,** ग्रामीण

## नेहरू प्लेस में कार के अंदर युवक का शव

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** नेहरू प्लेस में देविका टावर के पास बृहस्पतिवार तड़के निजी कंपनी के एक अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव उसकी कार के अंदर झुलसी हालत में मिला। पुलिस खुदकुशी की आशंका जता रही है। कार के अंदर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि सुबह करीब 9:40 बजे कालकाजी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नेहरू प्लेस में कार के अंदर एक युवक का शव है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मृतक की पहचान लाजपत नगर की दयानंद कालोनी निवासी ध्रुव महाजन के रूप में हुई है। फुटेज में दिख रहा है कि ध्रुव तड़के 3:30 बजे अपनी कार से आया था। यहां पर करीब सात मिनट बाद कार के अंदर तेज आग लगी। यह करीब एक मिनट के बाद बुझ गई। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक ने खुद को आग लगाने की कोशिश की।

**चेहरा, हाथ और जांघ झुलसी:** ध्रुव गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि जब ध्रुव का शव कार से निकाला गया तो उसका चेहरा, जांघ और दोनों हाथ झुलसे हुए थे। उसकी नाक से बहुत ज्यादा खून बह रहा था।

**कर्ज में डूबा था ध्रुव:** पुलिस जांच में सामने आया कि ध्रुव ने बुधवार रात को आखिरी बार पत्नी से बात की थी। उसका सात साल का एक बेटा है। बेंगलुरु में रहने वाली ध्रुव की बहन पूर्वी महाजन ने पुलिस को बताया कि उसका भाई भारी कर्ज में डूबा था। इस वजह से तनाव में रहता था।



नेहरू प्लेस स्थित देविका टावर के पास कार के अंदर ध्रुव महाजन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद जांच करती क्राइम ब्रांच टीम की सदस्य ● जागरण

********

दैनिक जागरण
# सप्तरंग
मनोरंजन की दुनिया का
शुक्रवार, 7 जून, 2024

## दम दिखाने को तैयार सितारे

लोकसभा चुनाव की गहमागहमी और आईपीएल के बीच इस वर्ष अभी तक बाक्स आफिस पर फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा तो फिल्मकारों ने भी बड़े बजट और सितारों की फिल्में प्रदर्शित करने से दूरी बनाई। अब 14 जून को चंदू चैंपियन से बाक्स आफिस की रौनक लौटने की उम्मीद है। आगामी दिनों में कल्कि 2898 एडी, सिंघम अगेन, भूल भुलैया 3, स्काई फोर्स, पुष्पा 2 जैसी बड़ी फिल्में आएंगी। उनकी संभावनाओं और सिनेमा जगत की अपेक्षाओं की पड़ताल कर रहे हैं दीपेश पांडेय...


पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन


चंदू चैंपियन बने कार्तिक आर्यन


कल्कि 2898 एडी में प्रभास


### सितारों पर रहेंगी नजरें
- अजय देवगन : औरों में कहां दम था, सिंघम अगेन, रेड 2
- दीपिका पादुकोण : कल्कि 2898 एडी, सिंघम अगेन
- कार्तिक आर्यन : भूल भुलैया 3
- विकी कौशल : बैड न्यूज, छावा
- राजकुमार राव : स्त्री 2, विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो
- शाहिद कपूर : देवा
- अल्लू अर्जुन : पुष्पा 2

**चर्चा में**

चंदू नहीं, चैंपियन है मैं... फिल्म चंदू चैंपियन में प्रथम भारतीय पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर का पात्र निभा रहे कार्तिक आर्यन कहते हैं कि ये मात्र संवाद नहीं बल्कि एक इमोशन है जिसे पिछले 18 माह से पूरे भरोसे के साथ मैंने जिया है। उनकी इस फिल्म से बाक्स आफिस को बड़ी उम्मीदें हैं। वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध में नौ गोलियां खाकर दो वर्ष तक कोमा में रहने वाले सेना के जवान मुरलीकांत पेटकर की जिजीविषा को पर्दे पर जीवंत करने के लिए कार्तिक ने खूब वर्कआउट और मेहनत की, जिसके वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर साझा किए। अब तक रोमांटिक व हंसमुख पात्रों में दिखे कार्तिक इस नई फिल्म में अलग अंदाज में नजर आएंगे। युवा दर्शकों की पसंद कार्तिक के लिए चंदू चैंपियन के संजीदा पात्र में स्वीकार्यता के साथ ही दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने की भी चुनौती है। कमाई के लिहाज से बीते पांच माह सिनेमा के लिए कुछ खास नहीं रहे। फाइटर, योद्धा, बड़े मियां छोटे मियां और मैदान जैसी फिल्मों ने निराश किया, वहीं आर्टिकल 370, लापता लेडीज और मडगांव एक्सप्रेस जैसी कुछ फिल्में सराहना पाने के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शकों को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पाईं। शैतान, क्रू, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया सहित कुछ फिल्मों को सफलता मिली पर कमाई औसत ही रही। लोकसभा चुनाव और आईपीएल के बाद आगामी सात माह अब सिनेमा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं।


**चकित करता है बाक्स आफिस:** चंदू चैंपियन के बाद 27 जून को कल्कि 2898 एडी प्रदर्शित होगी। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी इस बड़े बजट की फिल्म में साइंस फिक्शन और एक्शन दिखेगा, जिसका रोमांच बड़े पर्दे पर है। फ्रेंचाइजी फिल्मों की जबर्दस्त सफलता को देखते हुए आगामी दिनों में सिंघम अगेन, पुष्पा 2: द रूल, रेड 3 और वेलकम टू जंगल से भी बड़ी आशाएं हैं, वहीं अक्षय कुमार स्काई फोर्स में देशभक्ति जगाने वाली वायुसेना के बचाव अभियान की कहानी दिखाएंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श कहते हैं, 'वर्ष में 52 शुक्रवार होते हैं, जिनमें से करीब आधे निकल चुके हैं, उनमें बड़ी फिल्में नहीं आई हैं। दूसरे भाग में बहुत सारी बड़ी फिल्में कतार में हैं। हालांकि, हम किसी खास फिल्म के लिए यह उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि वह बहुत अच्छा करेगी। बाक्स आफिस किसी भी समय लोगों को चकित कर सकता है। वर्ष की पहली छमाही में शैतान और फाइटर जैसी फिल्मों की परफार्मेंस अच्छी रही, लेकिन गत वर्ष आईं पठान और द केरल स्टोरी जैसी फिल्मों की तरह बड़ी हिट नहीं हो पाईं। उम्मीद है कि वर्ष की दूसरी छमाही बाक्स आफिस के लिए धमाकेदार हो।'

**लार्जर दैन लाइफ फिल्मों पर निगाहें:** आगामी महीनों में अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए तैयार दक्षिण भारतीय फिल्में भी हिंदी सिनेमा के लिए बड़ी चुनौती प्रस्तुत कर सकती हैं। शुरुआत कल्कि 2898 एडी से होगी, फिर जुलाई में इंडियन 2 और अगस्त में पुष्पा : द रूल आएगी। उसके बाद जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1 आएगी, राम चरण अभिनीत फिल्म गेमचेंजर भी कतार में है। फिल्म निर्माता विनोद भानुशाली कहते हैं, 'ये सभी फिल्में भव्यता और बड़े सितारों से सजी हैं। सिनेमाघरों में तो लार्जर दैन लाइफ फिल्में चलती हैं, जिन्हें देखने में दर्शकों को मजा आता है।' इस संबंध में फिल्म वितरक और एक्जीबिटर अक्षय राठी कहते हैं, 'पिछले कुछ समय से दक्षिण भारतीय फिल्मों की हिंदी दर्शकों के बीच भी बहुत अच्छी पकड़ दिख रही है। बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्में उसका उदाहरण हैं। ऐसे में कल्कि, पुष्पा 2 और देवरा पार्ट 1 जैसी फिल्मों से बड़ी उम्मीदें हैं। पहली छमाही में जो हिंदी फिल्में चली भी हैं, वो भी 60-70 करोड़ की कमाई तक सीमित रह गईं। एकमात्र शैतान ही 150 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर सकी है। आगे कल्कि, पुष्पा, देवरा, सिंघम अगेन, स्काई फोर्स जैसी फिल्मों में सितारों की उपस्थिति, भव्यता व एक्शन की जैसी चर्चा हो रही है, उसे देखकर लगता है कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री करीब पांच हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय कर सकती है।'



### दांव पर अक्षय का स्टारडम
कोरोना काल के बाद से अभिनेता अक्षय कुमार की अब तक दस फिल्में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी हैं। जिनमें से सूर्यवंशी और ओएमजी 2 को छोड़कर कोई भी फिल्म सफल नहीं रही है। वर्ष की दूसरी छमाही में उनकी चार फिल्में स्काई फोर्स, खेल खेल में, सरफिरा और वेलकम टू द जंगल प्रदर्शन की कतार में है।

## वर्ग पहेली-2653



**बाएं से दाएं**
1. ताजशाह (5) 5. चलने में झुकना (4) 7. नदी का किनारा, बाण (2) 9. शुरुआत, प्रारंभ (3) 10. आश्वासन (3) 12. वेतन, चैत्र में लगी हुई मिट्टी (3) 14. फीका, मैला (3) 16. एक नंबर का छंटा हुआ, तेज (3) 17. भुन: स्वरूप होना, .... जाना (3) 18. पानी की इच्छा (3) 20. जमीन (3) 22. गर्व (2) 23. बराबर होने का भाव (4) 24. आग लगाना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
2. झगड़ा, लड़ाई (3) 3. पहनावा, पोशाक (2) 4. पानी से किसी स्थान का डूब जाना (5) 6. पैदल आगे बढ़ना (3) 8. चंद्रमा, राजा, पृथ्वीपति (4) 9. तीन घंटे का समय (3) 11. शांत करना, बुझाना (3) 13. नष्ट, बर्बाद (3) 15. गले लगना, आलिंगन करना (4) 16. वैभव, तड़क-भड़क (2,3) 17. बिना जोती हुई भूमि (3) 19. हत्या या कत्ल करना (3) 21. बाराही कंद, पिंडालू (3) 23. बढ़ावा देना, .....देना (2)

© Bird Features & Writing Agency

**कल का हल**



## जागरण सुडोकू-2653

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 8 | | | 7 | |
| | 3 | | | 7 | | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | 5 | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 9 | | |
| 1 | 4 | | | 3 | | | 6 | 2 |
| | | | 7 | | | | | |
| 9 | | | | 4 | 3 | 1 | | 8 |
| | 2 | 8 | 1 | | 7 | | 9 | 6 |
| | 1 | 4 | | 9 | | | 3 | |


**कल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल- 07 जून, 2024 शुक्रवार
के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति: ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा।
आज का राहुकाल : प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक।
आज का दिशाशूल : पश्चिम। कल का पर्व एवं त्योहार : करवीर व्रत

कल 08 जून, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल : पूर्व
कल का पर्व एवं त्योहार : वेदारंभ
विक्रम संवत 2081 शके 1946 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया 15 घंटे 56 मिनट तक, तत्पश्चात तृतीया आर्द्रा नक्षत्र तत्पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र गण्ड योग 18 घंटे 27 मिनट तक, तत्पश्चात वृद्धि योग मिथुन में चंद्रमा।



- मेष: भाई-बहन का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।
- वृष: धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- मिथुन: जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा।
- कर्क: सम्मान में वृद्धि होगी। चल या अचल संपत्ति में वृद्धि होगी।
- सिंह: पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सुख में वृद्धि होगी।
- कन्या: रिश्तों में निकटता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।
- तुला: सुखद समाचार मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा।
- वृश्चिक: विरोधी सक्रिय होंगे। व्यर्थ का तनाव मिल सकता है।
- धनु: राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे।
- मकर: स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यता है। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी।
- कुंभ: संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक प्रयास फलीभूत होगा।
- मीन: रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।


जागरण आर्काइव

**मेरी बात**

## मुंजया से डर लगता था

हारर कामेडी फिल्म मुंजया में चुड़ैल से भिड़ंत करती दिखेंगी शरवरी वाघ। उन्होंने साझा की फिल्म से जुड़ी बातें...

लोक कथाओं व मिथक पर बनी कहानियां फिल्मकारों के साथ ही कलाकारों को भी लुभाती हैं। हारर कामेडी फिल्म मुंजया भी ऐसे ही मिथक पर आधारित है। निर्माता दिनेश विजन की इस फिल्म में केंद्रीय भूमिका निभा रहीं शरवरी वाघ कहती हैं कि मैं मुंबई की हूं, लेकिन अपने गांव अक्सर जाती हूं। वहां पर बचपन में हमें कहानी सुनाई जाती थी कि खाना खा लो वरना मुंजया आ जाएगा। वो तुम्हारा खाना खा जाएगा। यह बच्चों को डरा-धमकाकर खाना खिलाने के लिए बोला जाता था। जब मैंने सुना कि इसी कांसेप्ट पर फिल्म बन रही है, तो वे बातें ताजा हो गईं। (हंसती हैं) मेरा इस विषय से थोड़ा निजी जुड़ाव है। बचपन से आप कुछ सुनते आ रहे हो और प्रोफेशन में वैसा करने का मौका मिले तो उससे बेहतर क्या होगा। शरवरी आगे कहती हैं कि मुझे हारर फिल्मों से बहुत डर लगता है, पर इसमें हारर के साथ कामेडी है तो हमने एंजाय किया। फिल्म में मुंजया का पात्र सीजीआई (कंप्यूटर जनरेटेड इमेजरी) से बनाया गया है। पहली बार ऐसे कलाकार के साथ काम किया, जो सेट पर ही नहीं आया। उससे कोई मुलाकात नहीं हुई। (हंसती हैं) तो काम करने में कठिनाई होना स्वाभाविक था। जब ट्रेलर आया तभी हमने भी मुंजया को देखा। वह फिल्म का अहम पात्र है। एक्शन सीक्वेंस करना भी आसान नहीं था। ट्रेलर में एक सीन है, जिसमें पेड़ों की शाखाएं हैं। उसमें नायक अभय वर्मा के साथ मेरे एक्शन दृश्य हैं। शुरुआत में हम तय ही नहीं कर पा रहे थे कि ये कैसे होगा। मुंजया को लेकर हमने अपनी कल्पनाओं का उपयोग किया। मेहनत पूरी की है, अब चाहती हूं कि दर्शकों की उम्मीदों पर हम खरा उतरें।'

स्मिता श्रीवास्तव

**दिल से**

## सही दिशा चुनी है



कुछ अलग और नया करने के लिए कई टीवी कलाकारों ने लोकप्रियता के शीर्ष पर रहते हुए धारावाहिक करना छोड़ दिया। अभिनेता आमिर अली भी उन्हीं में से एक हैं। वह डिजिटल प्लेटफार्म तथा फिल्मों में बेहतर अवसरों की खोज में हैं। इसी क्रम में वह हाल ही में डिज्नी प्लस हाटस्टार पर प्रदर्शित वेब सीरीज लुटेरे में नजर आए।

आमिर ने जिस तरह के काम की तलाश में टीवी छोड़ा था, क्या उन्हें डिजिटल पर वैसे अवसर मिल रहे हैं? वह कहते हैं, 'फिल्मकारों को टीवी पर मेरी हीरो या लवर ब्वाय वाली छवि से अलग देखने में समय लग रहा है। हालांकि, कुछ ऐसे भी फिल्मकार हैं, जो छवि के बजाय मेरे अभिनय को देखते हैं। वे मुझे अलग भूमिकाओं में कास्ट कर रहे हैं। मैं तय कर चुका हूं कि कम काम करूंगा, लंबे समय बाद स्क्रीन पर दिखूंगा, लेकिन वही करूंगा जो करना है। फिलहाल अपने काम से खुश हूं। करियर में आगे बढ़ने की गति थोड़ी धीमी है, लेकिन मैं सही दिशा में बढ़ रहा हूं।'

दीपेश पांडेय

---

**जागरण सिटी दिल्ली**

## ड्रग्स तस्कर से हिरासत में पूछताछ जरूरी

**दिल्ली हाई कोर्ट ने आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज, कहा- पूरे गिरोह का पता लगाने के लिए यह है आवश्यक**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** ड्रग्स तस्करी के मामले में आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दी कि आरोपित को हिरासत लेकर पूछताछ करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपित को सह-आरोपित के बयान के आधार पर मामले में आरोपित बनाया गया है। अदालत ने नोट किया कि मुख्य आरोपित सचिन व याचिकाकर्ता के बीच वाट्सएप और फोन पर हुई बातचीत संबंधी सामग्री को देखते हुए अग्रिम जमानत देने का आधार नहीं बनता है। अदालत ने कहा कि ड्रग्स तस्करी के पूरे गिरोह का पता लगाने व मामले में इस स्तर पर आरोपित को जमानत नहीं दी जा सकती है।

अदालत ने यह भी नोट किया कि आरोपित ने जांच एजेंसी द्वारा जारी किए गए 19 अप्रैल व 30 अप्रैल के समन को आरोपित ने नजरअंदाज किया और जांच में भी शामिल नहीं हुआ। जांच एजेंसी ने अदालत के समक्ष कहा कि जांच में सह-आरोपित सुमित व सचिन ने बयान दिया कि उन्होंने उक्त हेरोइन एक रेनू नगीना व नितिन से लिया था, जोकि प्रताप नगर में रहते थे। उक्त हेरोइन को आगे याचिकाकर्ता कृष्णा व सह-आरोपित गौरव और विकास को सप्लाई किया जाना था। याचिका के अनुसार 14 अप्रैल को खुफिया सूचना पर दो आरोपित सुमित व सचिन को गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से 1010 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

## कांग्रेस विधायक के बेटे की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व विधायक धर्म सिंह छौक्कर के बेटे और माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर छौक्कर की न्यायिक हिरासत अदालत ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है।

बृहस्पतिवार को उनकी पेशी अदालत में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हुई थी। इस मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सह विशेष न्यायाधीश सुभाष मेहला की अदालत में चल रही है। अब इस मामले में 20 जून को सुनवाई होगी।

---

**इन दिनों**



**डा. कपिल यादव**
प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, नई दिल्ली

## इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन में ऐसे करें बचाव

**तेज धूप और गर्मी से एक बड़ा खतरा होता है इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का। उचित सावधानी न बरतें तो यह जानलेवा भी हो सकता है। जानें क्यों आवश्यक है इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन और इसके लिए क्या बरतनी चाहिए सावधानी...**

अधिक पसीना आने से शरीर में नमक की कमी हो जाती है, इसलिए तुरंत नमक, चीनी, पानी और नींबू का मिश्रण लेने की सलाह दी जाती है। वास्तव में यही इलेक्ट्रोलाइट होते हैं। हमारे शरीर में इलेक्ट्रोलाइट सोडियम, क्लोराइड और पोटैशियम नामक खनिजों के रूप में मौजूद होते हैं। हालांकि, पानी की अपेक्षा इनकी मात्रा बहुत सूक्ष्म होती है, पर शरीर में इनकी जरा भी कमी आ जाए तो यह सेहत के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। बता दें कि शरीर में पानी के संतुलन को बनाए रखने व कोशिकाओं में पोषक तत्वों को पहुंचाने, मस्तिष्क तथा हृदय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने जैसे कार्यों में इलेक्ट्रोलाइट की विशेष भूमिका होती है।

**पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन:** पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, दो अलग बातें हैं। शरीर में पानी की कमी हो जाए तो सामान्य स्थिति में सादे पानी और अन्य द्रव आदि से इसकी भरपाई की जा सकती है। वहीं किसी कारणवश इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। लेकिन, अगर दस्त हो गया और केवल सादे पानी का सेवन करें तो नुकसान हो सकता है। ऐसे में आपको तुरंत इलेक्ट्रोलाइट की आवश्यकता होती है। यह भी जानना जरूरी है कि इलेक्ट्रोलाइट की भरपाई में देरी होना जोखिमभरा होता है।



### ये होते हैं संकेत
इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की स्थिति हो तो शरीर को छूने पर सामान्य लगता है पर शरीर के भीतरी अंगों व मस्तिष्क का तापमान बहुत बढ़ जाता है। शरीर अपनी स्वाभाविक तापमान नियंत्रण क्षमता खो देता है। इसके कारण दिल की धड़कन बढ़ सकती है, थकान, जी मिचलाना, ऐंठन, कब्ज की आदि समस्याएं हो सकती हैं।

### अधिक जोखिम की स्थिति
- उल्टी-दस्त होने की स्थिति में
- तेज धूप और गर्मी के कारण बहुत अधिक पसीना आने से
- किडनी या लिवर जैसी पहले से किसी बीमारी के कारण।
- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ न लेने के कारण परेशानी हो सकती है

**इन बातों का रखें ध्यान**
- इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की आशंका न्यूमोनिया, कैंसर, मधुमेह या शारीरिक रूप से कमजोर लोगों में अधिक होती है, इसलिए इस मौसम में उन्हें विशेष सावधान रहने की जरूरत है।
- छोटे बच्चों में गर्मी झेलने की क्षमता स्वाभाविक रूप से कम होती है। इसलिए, उन्हें इलेक्ट्रोलाइट की कमी होने का खतरा रहता है। बच्चों का इस मौसम में विशेष खयाल रखना चाहिए।
- बुजुर्गों की तापमान नियंत्रण क्षमता भी कम हो चुकी होती है। ऐसे में बुजुर्गों को तेज धूप व अधिक गर्मी में निकलने से बचना चाहिए। इलेक्ट्रोलाइट का असंतुलन बुजुर्गों के लिए अधिक जोखिमभरा होता है।
- इलेक्ट्रोलाइट संतुलन के लिए ओआरएस घोल ले सकते हैं। एक लीटर शुद्ध पेयजल में छह चम्मच चीनी और आधा चम्मच नमक मिश्रित कर इसे घर में भी बनाया जा सकता है।

### उपयोगी बातें
- इलेक्ट्रोलाइट संतुलन के लिए गर्मी के मौसम में तरल पदार्थ और पानी का सेवन बढ़ा देना चाहिए।
- तरल पदार्थों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन सही नहीं है। इससे परहेज करना चाहिए।
- ओआरएस या चीनी-नमक पानी के घोल का दिन में एक से दो बार सेवन करना लाभदायक है।
- कुछ स्थितियों में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन गंभीर और जानलेवा भी हो सकता है। ऐसे में तुरंत किसी डाक्टर से सलाह लेनी चाहिए और जरूरत होने पर अस्पताल में भर्ती कराना चाहिए।



बातचीत : सीमा झा

---

# मनोरंजन

**सात सवाल**

## खतरों के खिलाड़ी देखकर लोगों को पता चलेगा असली सुमोना कौन है


कामेडियन कपिल शर्मा के शो से निकलकर सुमोना पहुंची खतरों से खेलने ● मिडडे आर्काइव

**कुछ नया करने के लिए कई बार अपनी सहजता से बाहर निकलना पड़ता है। कामेडियन कपिल शर्मा के साथ कामेडी शो कर चुकी अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती भी कुछ ऐसे ही रास्तों पर निकल पड़ी हैं। हालांकि जब वह कपिल के वर्तमान शो में नहीं दिखीं, तो कई सवाल भी उठे। अब सुमोना ने बताया है कि वह कामेडी से इतर बतौर अभिनेत्री ज्यादा काम करना चाहती हैं। यही कारण है कि वह रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा बनी हैं। इस शो के बाद वह अभिनय के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं तलाशेंगी। उनसे हुई बातचीत के अंश।**

**● आपने कहा था कि मुझे अपना पीआर (पब्लिक रिलेशन) कौशल ठीक करने की जरूरत है? वो कितना हो पाया है?**

- मुझे लगता है कि पीआर करवाना मेरे बस की बात ही नहीं है। मैं प्राइवेट इंसान हूं। पहले जमाने में कलाकारों को लेकर रहस्य बना रहता था। मुझे वैसा ही रहस्य अपने आसपास रखना पसंद है। (हंसते हुए) शायद मैं पुरानी सोच वाली हूं।

**● इस इंडस्ट्री में प्राइवेट इंसान होना काम पाने के मामले में खतरनाक हो सकता है?**

- हां, जमाने के साथ नहीं चल पाउंगी, तो आउटडेटेड हो जाऊंगी। हालांकि भागने से पहले मुझे चलना पसंद है, तो मैंने अब अपने बारे में बातें करनी शुरू की हैं कि क्या कर रही हूं, क्या नहीं। मैंने कई पार्टियों में देखा है कि लोग बड़ी ही आसानी से किसी निर्देशक, कास्टिंग डायरेक्टर, स्टूडियो प्रमुख के पास जाकर खुद का परिचय देकर कह देते हैं कि आपके साथ काम करना है। वह मुझसे पहले नहीं हो पाता था लेकिन पिछले दो-तीन सालों से वह मैं भी कर रही हूं। जब नीना जी (अभिनेत्री नीना गुप्ता) ने इंटरनेट मीडिया पर काम मांगने को लेकर पोस्ट डाली थी, तब मैं सोच रही थी कि उनके स्तर का कलाकार जब काम मांग सकता है, तो मैं क्यों नहीं। फिर भी अपने अंतर्मुखी स्वभाव के कारण नहीं कर पाती थी। अब किसी निर्देशक का काम पसंद आता है, तो उन्हें मैसेज करके बोल देती हूं कि आपके साथ काम करना चाहूंगी।

**● अब तक किन्हें-किन्हें मैसेज किया है?**

- कोंकणा सेन शर्मा को मैसेज किया था। वैसे उनकी मां अपर्णा (सेन) मैम मेरी पसंदीदा निर्देशक हैं लेकिन जब मैंने कोंकणा निर्देशित फिल्म अ डेथ इन द गंज देखी, तो मैं उनके काम की दीवानी हो गई। उसके बाद लस्ट स्टोरीज 2 देखी, तो लगा कि उनके साथ काम तो करना ही है। अगर वह छोटा सा भी किरदार देंगी, तो भी मैं तुरंत हां कर दूंगी। लापता लेडीज फिल्म देखने के बाद मैंने किरण राव मैम को भी मैसेज किया था। यह सब करने में कोई बुराई नहीं है।

**● कई बार लंबे वक्त तक एक ही शो करते रहने से दूसरे प्रोजेक्ट छूट जाते हैं। क्या इसलिए आप कपिल शर्मा के शो का हिस्सा नहीं हैं?**

-मुझे अभिनय, कैमरे और रंगमंच से बहुत प्यार है। मैंने टीवी पर ड्रामा शो भी किए हैं, लेकिन सच बात है कि कामेडी दस साल तक की है। डिजिटल प्लेटफार्म पर जब दूसरों का काम देखते हैं, तो अंदर से आवाज आती है कि यह किरदार बनने में ज्यादा मजा आता। मेरे अंदर का कलाकार अब अलग-अलग किरदारों को एक्सप्लोर करना चाहता है। अब तो दर्शक भी खुलकर अपने विचार प्रकट कर देते हैं। मैं तो विलेन का किरदार भी कर लूंगी। क्राइम ड्रामा शो करने का भी मन है। ऐसा नहीं है कि मैं अपना कोई ख्याली पुलाव पका रही हूं। मैं 18 साल से इस पेशे में हूं। लोग खुलकर मुझसे कहते हैं कि बड़े अच्छे लगते हैं और कामेडी नाइट्स शो हो गया, अब नए रोल में देखना है। इसलिए, मैंने खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए हां कहा। नए प्रयोग कर रही हूं, जहां नई चुनौतियां हैं।

**क्या पहले भी आपको खतरों के खिलाड़ी के लिए आफर आया था?**

हां, लेकिन तब वक्त नहीं था। एक-डेढ़ महीने के लिए देश से बाहर जाना संभव नहीं था। अब वक्त है। लोगों को लग रहा था कि वह दस साल से जिस शो में मुझे देख रहे हैं, वही मैं हूं। वह भूल गए थे कि वह भी तो किरदार ही था। खतरों के खिलाड़ी शो से मैं उस धारणा को बदल रही हूं। शो देखने के बाद लोगों को पता चलेगा कि असली सुमोना बहुत अलग है।

**● खतरों के खिलाड़ी शो के होस्ट रोहित शेट्टी की फिल्म पाने का यह अच्छा मौका है...**

हां, मैं तो कार वाले स्टंट में कह दूंगी कि ये देखने के बाद अपनी फिल्म में भी कार स्टंट में मुझे याद कर लीजिएगा। वह गाड़ियां उड़ाने के लिए मशहूर हैं। मैं हर मौके पर याद दिलाती रहूंगी कि मुझे उनकी फिल्म में एक्टिंग करनी है।

**● निजी जीवन में किन खतरों को पार करके खिलाड़ी बनकर उभरना चाहेंगी?**

- सच कहूं तो मुझे लोगों से डर लगता है। लोगों से सामने से जाकर बात करना मेरे लिए बहुत कठिन है। मैं नाम और चेहरे भी भूल जाती हूं। डर लगता है कि किसी को बुरा न लग जाए। इन खतरों से उबरना चाहती हूं। (प्रियंका सिंह)

## गुल्लक के लिए रिसर्च नहीं जीवन के अनुभव खंगालते हैं श्रेयांश


गुल्लक सीजन 4 के निर्देशक हैं श्रेयांश ● टीम श्रेयांश

साल 2019 में आई गुल्लक वेब सीरीज का चौथा सीजन आज से सोनी लिव पर प्रसारित हो रहा है। इसके निर्देशक श्रेयांश पांडेय भी इस बात को लेकर नर्वस थे। वाराणसी से आने वाले श्रेयांश गुल्लक सीजन 4 को लेकर दैनिक जागरण से बातचीत में बताते हैं, 'सबसे ज्यादा नर्वसनेस इस बात की थी कि हम शो का चौथा सीजन बना रहे हैं और कहीं हम भी पहले देखी गई घिसी-पिटी लीक पर न चले जाएं। अब तक कोई भी बड़ा भारतीय शो इस पड़ाव तक नहीं पहुंच पाया है। इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद भी आप सफल तब कहलाएंगे, जब दर्शकों को कुछ अच्छा देंगे। गुल्लक के लिए मेरी रिसर्च सिर्फ यही होती है कि मैं बैठकर अपने पुराने दिनों को याद करूं कि मेरे साथ जीवन में क्या-क्या हुआ था? निमंत्रण कार्ड पर सपरिवार न लिखे जाने का किस्सा हो, घर पर कारण बताओ नोटिस का आना हो, मम्मी की सोने की चैन छीने जाने का किस्सा हो या घर का कबाड़ बेचे जाने का किस्सा। सब जीवन के अनुभवों से ही निकले हैं। इस सीजन में मैं इस बात को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित था कि चलो इस बार मिश्रा परिवार को ठंडी के सीजन में दिखाते हैं। इसके साथ जब यह तय हुआ कि इस बार कहानी एडल्टिंग (बच्चे से वयस्क होना) और पैरेंटिंग (बच्चों के पालन पोषण) के इर्द-गिर्द रहेगी, तो मुझे बहुत अच्छा लगा क्योंकि आजकल पैरेंटिंग को लेकर काफी सवाल उठने लगे हैं।'

********

# दादा के सपने को लक्ष्य बना मृदुल ने नीट में हासिल की पहली रैंक

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की एनईईटी-यूजी (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रायल नेस्ट सोसायटी में रहने वाले मृदुल मान्या आनंद ने पहली रैंक हासिल की। मृदुल ने दादा के सपने को लक्ष्य मानकर पढ़ाई की। मंगलवार को जारी हुए नीट परिणामों में उन्होंने शत प्रतिशत अंक हासिल किए। इस सफलता के लिए मृदुल ने पांच घंटे कोचिंग और तीन घंटे घर पर पढ़ाई की। पहली रैंक हासिल करने पर मृदुल को सभी ने बधाई दी।


पहली रैंक हासिल करने वाले मृदुल मान्य आनंद को मिठाई खिलाते स्वजन ●

मृदुल के पिता अवनीश आनंद बिहार के भागलपुर जिले के बबुआ टोला, पीरपैंती, ओलापुर के रहने वाले हैं और दिल्ली की एक आइटी कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। मृदुल के दादा चाहते थे कि उनके बेटे डाक्टर बनें। पारिवारिक परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के चलते अवनीश पिता का सपना पूरा नहीं कर सके। आखिर में दादा के सपने को मृदुल ने पूरा किया। मृदुल अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में भी पहला स्थान प्राप्त कर चुके हैं। नीट परिणामों के बाद अब मृदुल दिल्ली एम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं। मृदुल अपनी कक्षा में हमेशा टापर रहे। मृदुल ने 10वीं कक्षा में 98 प्रतिशत और 12वीं में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए।

**एनएसटीएसई में हासिल की दूसरी रैंक:** कक्षा 12 में मृदुल ने एनएसटीएसई (नेशनल लेवल साइंस टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन) में देशभर में दूसरी रैंक हासिल की। कक्षा 11 और 12 में उन्होंने एनएसईबी (नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन बायोलोजी) और आइएनबीओ (इंडियन नेशनल बायोलोजी ओलंपियाड) परीक्षा पास कर ओसीएसबी (ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप) के बाद फिर एचबीसीएसई (होमी भाभा सेंटर फोर साइंस एजुकेशन) के लिए गए, लेकिन यहां पर वह टाप चार में शामिल नहीं हो पाए।

**छठी कक्षा से की थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी:** मृदुल ने छठी कक्षा से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी। 10वीं के बाद उन्होंने गणित और विज्ञान विषय में से विज्ञान का चयन किया।

### डेढ़ महीने भर्ती रहा भाई, परिवार ने नहीं बताया

मृदुल के छोटे भाई 10वीं के छात्र हैं और जेईई-मेन की तैयारी भी कर रहे हैं। मां ममता आनंद ने बताया कि नीट से दो महीने पहले मृदुल के छोटे भाई प्रतीक बीमार हो गए थे। मृदुल हास्टल में थे। प्रतीक डेढ़ महीने अस्पताल में रहे। तैयारी प्रभावित न हो इसे ध्यान में रखते हुए मृदुल को इसकी सूचना नहीं दी। परीक्षा पूरी होने के बाद भाई के बीमार होने की बात बताई। मृदुल पर्यावरण प्रेमी हैं। छुट्टियों में नेचर पार्क घूमना पसंद करते हैं। घर की बालकनी में भी उन्होंने एक बगीचा बनाया है।

# ट्रक ने तीन को मारी टक्कर, दो की जान गई

जागरण संवाददाता, मोदीनगर : दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बृहस्पतिवार तड़के मुरादनगर में बसंतपुर सैंथली स्थित पेट्रोल पंप के निकट अनियंत्रित ट्रक ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक ही हालत गंभीर बनी है। अनियंत्रित ट्रक ने पहले बाइक में टक्कर मारी। इसके बाद पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। केस दर्ज कर आरोपित चालक की तलाश में पुलिस जुटी है।

- अनियंत्रित ट्रक ने पहले बाइक सवार को मारी टक्कर, फिर पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचला
- दिल्ली मेरठ मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की

दिल्ली के ब्रह्मपुरी के गौरव (24) अपने साथी अश्विनी के साथ बाइक से बृहस्पतिवार को किसी काम से मेरठ की तरफ जा रहे थे। रास्ते में वे मुरादनगर एक होटल पर रुके। वहां खाना खाने के बाद अपनी बाइक पर बैठे। इसी बीच सुबह करीब साढ़े चार बजे गाजियाबाद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गौरव व अश्विनी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपित चालक इसके बाद भी ट्रक को नियंत्रित नहीं कर सका। थोड़ी ही दूरी पर पैदल चल रहे मुरादनगर की देवदत्त कालोनी के रामकुमार को कुचल दिया। आरोपित को पकड़ने के लिए लोग दौड़े लेकिन वह ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोग खून से लथपथ तीनों घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे। तब तक गौरव व रामकुमार की मौत हो चुकी थी। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शवों की शिनाख्त कर उनके स्वजन को सूचना दी। पंचनामा भरकर दोनों के शव पोस्टमार्टम को भेजे गए। मौत की सूचना पर मृतकों के घर कोहराम मच गया। वे मुरादनगर थाने पहुंचे और आरोपित चालक के खिलाफ शिकायत दी। बताया जा रहा है कि रामकुमार चौकीदारी करते थे। घायल अश्विनी को मुरादनगर से गाजियाबाद रेफर कर दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले रखा है। अज्ञात में केस दर्ज किया गया है।

## एक नजर में

### 'सरकार की नीतियों से युवाओं को करें प्रेरित'

नई दिल्ली : राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का दो दिवसीय 'वार्षिक नीति संवाद शिविर' का समापन बुधवार को हो गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार के निर्देशों के अनुसार एनसीसी की चल रही विस्तार योजना की प्रगति की समीक्षा करना था।


गुरवीर पाल सिंह ● सौजन्य : एनसीसी

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह द्वारा उद्घाटन किया था। इसमें देशभर के एनसीसी निदेशालयों के अतिरिक्त महानिदेशक और उप महानिदेशक शामिल हुए। एनसीसी के महानिदेशक गुरबीरपाल सिंह ने शिविर में एनसीसी के प्रशिक्षण, अवसंरचना और लाजिस्टिक्स को बढ़ाने के लिए पिछले एक वर्ष में किए गए पर्याप्त प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में सार्थक योगदान देने के लिए सभी निदेशालयों के अस्तित्व का मूल कारण संस्थागत प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। गुरबीर पाल सिंह ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में सरकार की नीतियों के अनुरूप युवा भारतीयों को प्रेरित करें। (जासं)

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के दो वाहन बरामद

**दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से चोरी के दो वाहन बरामद किए हैं। इनके खिलाफ पूर्व में कई संगीन मामले भी दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपितों की पहचान खानपुर जेजे कालोनी निवासी कुणाल गुप्ता और विशाल के रूप में हुई है। पुलिस तिगड़ी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी एक ही स्कूटी पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने मौके से भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम कुणाल गुप्ता और विशाल बताया। पुलिस ने बताया कि कुणाल के खिलाफ पूर्व में पांच केस दर्ज हैं। जबकि विशाल पूर्व में हत्या के दो मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस ने इनसे चोरी की एक बाइक व स्कूटी बरामद की है। (जासं)

# 17वीं मंजिल पर एसी की आउटडोर यूनिट में लगी भीषण आग

## शार्ट सर्किट से आउटडोर यूनिट में लगी आग ने फ्लैट के अंदर पहुंचते ही विकराल रूप ले लिया

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर-119 एल्डिको आमंत्रण सोसायटी में बुधवार रात 17वीं मंजिल पर एक फ्लैट में आग लग गई। शार्ट सर्किट से स्प्लिट एयर कंडीशनर (एसी) के आउटडोर यूनिट में ब्लास्ट होने के कारण आग लगी। सूचना पर पहुंची दमकल की एक टीम ने आधे घंटे की मशक्कत से आग को बुझाया है। समय पर आग बुझाए जाने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

17वीं मंजिल पर फ्लैट संख्या-1702 में सुरेश सिंह परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार रात घर पर एसी चलाकर बैठे थे। रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक बालकनी में लगे स्प्लिट एसी के आउटडोर यूनिट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग बालकनी से हुए होते हुए फ्लैट के अंदर पहुंच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। फ्लैट में रहने वाले लोग आग की लपटें और धुआं देख दहशत के कारण नीचे आकर खड़े हो गए। आसपास के फ्लैट में रहने वाले लोग भी निकलकर बाहर खड़े हो गए। घटना की सूचना मेंटेनेंस देखने कंपनी के साथ गार्डों को दी गई। वहीं निवासियों ने भी दमकल के साथ पुलिस को फोन किया। कुछ ही देर में धुएं की चपेट में पूरा तल आ गया। सोसायटी में अफरातफरी मच गई। फ्लैट में लगी आग के अन्य फ्लैट्स तक पहुंचने की आशंका को देखते हुए ऊपरी तल रहने वाले अन्य लोगों ने अपने घरों को खाली कराना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया।

आग लगने के बाद आसपास के फ्लैट के लोग भी निकलकर बाहर आ गए, दमकल ने आधे घंटे में आग पर पाया काबू


एल्डिको आमंत्रण सोसायटी में लगी आग ● सौ इंटरनेट मीडिया

## तीन मंजिला मकान में विंडो एसी फटने से तीन मंजिला मकान में लगी आग

जागरण संवाददाता, साहिबाबाद : इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर एक में बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे बिल्डर के तीन मंजिला मकान में विंडो एसी फटने से भीषण आग लग गई। आग पहले व दूसरे तल पर लगी। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक व्यक्ति ने वैशाली फायर स्टेशन पर सूचना दी कि वसुंधरा सेक्टर एक स्थित मकान संख्या 1009 में आग लगी है। सूचना पर अग्निशमनकर्मी दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। आग तीन मंजिला मकान में लगी थी। अग्निशमनकर्मियों ने होज रील बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग बिल्डर कपिल चौधरी के मकान के प्रथम तल पर लगे विंडो एसी फटने से लगी थी, जो प्रथम तल से दूसरे तल तक पहुंच गई थी। आग लगने के दौरान बिल्डर की मां, पत्नी, दो बच्चे मौजूद थे, जो आग लगने के दौरान छत पर पहुंच गए थे। आग के आसपास के घर में पहुंचने से पहले ही बुझा दी गई। आग से कुछ सामान जल गया व हीट से काफी सामान पिघल गया। शाम के समय दोबारा से मकान में आग लग गई। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।


वसुंधरा सेक्टर- एक में मकान में लगी आग ● सौ. अग्निशमन

- इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर एक का मामला
- वृद्धा को आई दुर्गंध तो पुत्रवधू को बुलाकर कमरे से निकलीं बाहर


वसुंधरा सेक्टर- एक में मकान में लगी आग ● सौ. अग्निशमन

## मकान में लगी आग, कूदा युवक

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली : पांडव नगर इलाके में बृहस्पतिवार शाम को एक मकान में भीषण आग लग गई। आग में फंसा युवक जान बचाने के लिए, पहली मंजिल की खिड़की से गली में कूद गया। गिरने से युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


पांडव नगर स्थित मकान से उठती आग की लपटें ● वीडियो ग्रैब

घायल बसंत मिश्रा को इलाज के लिए, एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मंडावली थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कूलर में शार्ट सर्किट होने पर दरवाजे के पर्दे में आग लग गई थी। उसके बाद घर में फैल गई। बसंत मिश्रा पांडव नगर ए ब्लाक में चार मंजिला मकान में पहली मंजिल पर किराये पर रहता है। वह बृहस्पतिवार शाम को घर में अकेला था।


पांडव नगर स्थित मकान में आग लगने से जला सामान ● पारस कुमार

कूलर चलाकर सो रहा था। शाम करीब 6:42 बजे अचानक कूलर में शार्ट सर्किट होने से घर में आग लग गई। घर में धुआं भरने पर युवक की आंख खुली। दरवाजे पर आग लगी हुई थी, बचने के लिए युवक खिड़की से गली में कूद गया। ऊंचाई से गिरने के चलते युवक के हाथ व पैर में चोट लग गई।

# ढाई महीने में आरोपितों की संपत्ति नहीं तलाश सकी एसआइटी

**चिटफंड धांधली मामला**

विनीत कुमार ● जागरण

**गाजियाबाद:** प्रताप विहार की रायलफाइन इंडिया निधि लिमिटेड कंपनी 18 मार्च को प्रबंधन ने बंद कर दी थी। कंपनी ने हजारों निवेशकों की रोजाना की कमाई बचत के नाम पर निवेश कराई। निदेशक कंपनी आफिस बंद करने से पहले ही विदेश भाग गए। चार अधिकारी विदेश नहीं गए, पर फरार चल रहे हैं। मामले की जांच एसआइटी कर रही है, पर ढाई महीने में एक भी आरोपित पकड़ा नहीं गया है। पुलिस आरोपितों की संपत्ति का पता भी नहीं लगा पाई है। पुलिस का कहना है कि चुनाव के चलते जांच में देरी हो गई है। पीड़ित पूरे मामले में कानूनी सलाह ले रहे हैं।

रायलफाइन इंडिया निधि लिमिटेड कंपनी का कार्यालय बंद होने पर 18 मार्च को विजय नगर थाने में पीड़ितों ने एकत्र होकर शिकायत दी थी। पुलिस ने 20 मार्च को कंपनी मालिक जफीद, उसके भाई अहसान, अकाउंट हेड पूजा, मैनेजर विशाल उपाध्याय, एएसएम साहिल सैफी, ललित चौधरी और समीर सैफी पर धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के ढाई माह बाद भी आरोपित पकड़े नहीं गए हैं। पुलिस ने जांच में पाया कि कंपनी में चार हजार 900 लोगों ने खाते खुलवाए थे। इनमें से करीब 2300 लोगों के खाते ही 18 मार्च तक सक्रिय थे। बाकी करीब ढाई हजार जमाकर्ताओं की दैनिक बचत योजना की अवधि पूरी होने पर कंपनी रुपये पूर्व में भुगतान कर चुकी थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि जफीर व उसका भाई अहसान कई महीने पूर्व दुबई श्रीमारी का इलाज कराने के बहाने चले गए थे, जबकि अकाउंट हेड पूजा 16 मार्च को विदेश फरार हो गई। अन्य आरोपित विदेश न भाग जाएं उसके लिए पुलिस लुकआउट नोटिस जारी करेगी।

- 18 मार्च को प्रताप विहार स्थित रायलफाइन इंडिया निधि लिमिटेड का आफिस बंद कर दिया गया था
- कंपनी ने करीब पांच हजार लोगों के खाते खुलवाए थे, परिपक्वता के समय कंपनी ने आफिस बंद किया


विजय नगर स्थित रॉयल फाइन इंडिया निधि कंपनी का बंद कार्यालय ● जागरण आर्काइव

**20** मार्च को कंपनी मालिक जफीद, उसके भाई अहसान समेत अन्य पर धोखाधड़ी में केस दर्ज किया था

> चुनाव के चलते एसआइटी मामले में तेजी से जांच नहीं कर पाई। मामले में अब तेजी से जांच पूरी की जाएगी।
> -प्रियाश्री पाल, एसीपी कोतवाली

## भाजपा प्रवक्ता को खालिस्तानी समर्थक ने दी जान से मारने की धमकी

जासं, पूर्वी दिल्ली: दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ज्योतजीत को एक्स पोस्ट से जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित का दावा है कि धमकी खालिस्तानी समर्थक ने दी है। धमकी मिलने पर पीड़ित ने विवेक विहार थाना व शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दी है। पुलिस एक्स पोस्ट का आइपी एड्रेस पता कर रही है। ज्योतजीत अपने परिवार के साथ विवेक विहार में रहते हैं। बुधवार को एक्स पर उन्हें टैग करते हुए पंजाबी भाषा में एक पोस्ट शेयर की गई थी। इस पोस्ट में कहा गया है कि ज्योतजीत को जल्दी गोली मारेंगे। वह खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ बोलता है, उसका अंजाम उसे भुगतना होगा। ज्योतजीत का दावा है कि उन्हें पहले भी कई बार खालिस्तानी समर्थक संगठन ने जान से मारने की धमकी दी है, पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी।


ज्योतजीत ● सौ स्वयं

## मेरठ में निर्माणाधीन स्टेशन से गिरा फ्रेम, युवक की गई जान

जागरण संवाददाता, मेरठ : मेरठ में आरआरटीएस कारिडोर के शताब्दी नगर स्टेशन का काम चल रहा है। निर्माणाधीन स्टेशन से लोहे का फ्रेम गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दरअसल, दिन में कर्मचारी हाथ से ही काम कर रहे थे। यह हादसा उस वक्त हुआ जब कर्मचारी हाथ से फ्रेम को खींच रहे थे। लापरवाही के कारण फ्रेम हाथ से छूट गया और नीचे गिर गया। एनसीआरटीसी व ठेकेदार फर्म यूआरसी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने मृतक आश्रित को 10 लाख मुआवजे की घोषणा की है।

- फाउंडेशन का काम चलने के दौरान हादसा, 16 मीटर ऊंचाई से गिरा लोहे का फ्रेम
- दुकानों से बिस्किट के आर्डर लेकर स्कूटी से अपने घर लौट रहा था सेल्समैन


ऋतिक शर्मा का फाइल फोटो ● सौ स्वजन

यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी रेलवे ट्रैक का फाउंडेशन बिछा रही है। रात को मशीनों से काम चलने पर रास्ता रोक दिया जाता है, लेकिन गुरुवार को दिन में रास्ता नहीं रोका गया। कंपनी के कर्मचारी परतापुर की ओर से स्टेशन की शुरुआत में ही बाईं ओर ट्रैक पर काम कर रहे थे। शाम करीब पांच बजे 16 मीटर ऊंचाई से एक लोहे का फ्रेम रोड पर आ गिरा। उसी समय सेल्समैन स्कूटी पर आ रहा था। स्कूटी सहित सेल्समैन फ्रेम के नीचे दब गया। अस्पताल ले जाते वक्त घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक के मोबाइल से उसकी पहचान अमरोहा के ऋतिक शर्मा के रूप में हुई, जो अपने जीजा विजय शर्मा के पास रहता था। परतापुर थाना प्रभारी जयकरण ने बताया कि विजय शर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## फिल्म रिव्यू

### बैड ब्वायज: राइड और डाय ●●●

**मुख्य कलाकार :** विल स्मिथ, मार्टिन लारेंस, जो पैंटोलिआनो, मेलिनी लीबर्ड, जेकब स्किपियो, एरिक डेन, डेनिस ग्रीन
**निर्देशक :** आदिल अल अरबी और बिलाल फलाह
**अवधि :** एक घंटे 57 मिनट

# बैड ब्वायज की गुड एक्टिंग

वर्ष 1995 से आरंभ हुई हालीवुड फ्रेंचाइज बैड ब्वायज की चौथी फिल्म बैड ब्वायज : राइड और डाय रिलीज हुई है। अभिनेता विल स्मिथ और मार्टिन लारेंस तब से इस फिल्म के साथ बने हुए हैं। इसलिए दोनों की दोस्ती पर्दे पर भी साफ नजर आती है।

कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां बैड ब्वायज आफ लाइफ की कहानी (2020) खत्म हुई थी। मायामी पुलिस डिपार्टमेंट के दो अफसर माइक (विल स्मिथ) और मार्कस (मार्टिन लारेंस) की एंट्री सड़क पर तेजी से भाग रही कार के भीतर होती है। माइक अपनी थेरेपिस्ट क्रिस्टीन (मेलिनी लीबर्ड) से शादी कर लेता है। शादी की पार्टी में मार्कस को हार्ट अटैक आता है। उसका आत्मा मौत के बाद की दुनिया की सैर कर आता है, जहां उनका दिवंगत बास हावर्ड (जो पैंटोलिआनो) बताता है कि अभी उसका वक्त नहीं आया है। मार्कस ठीक हो जाता है।


विल स्मिथ और मार्टिन लारेंस की दोस्ती पर्दे पर नजर आती है। चित्र सौ. : फिल्मटीम

दोनों को पता चलता है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के लिए हावर्ड को दोषी ठहराया गया है, उन्हें ड्रग कार्टेल का साथी बताया जा रहा है। यह बात माइक और मार्कस को नागवार गुजरती है। वे जांच शुरू करते हैं। पिछली फिल्म में जेल में कैद माइक का बेटा अर्मांडो (जेकब स्किपियो) इसमें उनकी मदद करता है। वह साथ मिलकर ड्रग कार्टेल के मुखिया जेम्स मैकग्रैथ (एरिक डेन) की तलाश करते हैं।

निर्देशक जोड़ी आदिल और बिलाल ने इस फिल्म को कामेडी एक्शन जानर के करीब रखने का प्रयास किया है। कई ऐसे छोटे-छोटे पल आते हैं, जो हंसाते हैं। विशेष रूप से दूसरी दुनिया से लौटने के बाद मार्कस की बातें व वनलाइनर्स। सरप्राइज पैकेज है मार्कस के दामाद रेजी मैकडानल्ड (डेनिस ग्रीन) का किरदार, जो अपने दमदार एक्शन से चौंकाता है। सिनेमैटोग्राफर रोबेर्ट हेवर्ट की तारीफ करनी होगी, जिन्होंने क्लाइमेक्स के कुछ दृश्य वीडियो गेम जैसी फाइट में तब्दील किए हैं। पिछली फिल्म के खतरनाक विलेन अर्मांडो के हिस्से एक्शन सीन तो आए हैं, लेकिन पिता माइक के साथ कुछ भावुक सीन को भी जगह मिल सकती थी। वहीं फिल्म के विलेन जेम्स मैकग्रैथ दमदार नहीं लगे हैं। माइक की पत्नी क्रिस्टीन का कोई अतीत नहीं है। वह शादी पर माइक की जिन खूबियों का बखान करती है, उसे दृश्य के माध्यम से नहीं दर्शाया गया है। फिल्म में माइक को पैनिक अटैक क्यों आते हैं, उसे लेकर स्पष्टता नहीं है। ऐसा होने पर क्लाइमेक्स के एक एक्शन सीन में मार्कस उसे थप्पड़ पर थप्पड़ मारता है। यह दृश्य उस घटना की याद दिला देता है, जब विल स्मिथ ने वर्ष 2022 के आस्कर अवार्ड में स्टेज पर कामेडियन क्रिस राक को थप्पड़ मार दिया था। उस घटना के समय स्मिथ इसी फिल्म पर काम कर रहे थे।

अभिनय की बात करें, तो इस बार मार्कस के रोल में मार्टिन लारेंस दिल जीत लेते हैं। विल स्मिथ का स्वैग और अभिनय शानदार है। जेकब स्किपियो छोटी सी भूमिका में प्रभावित करते हैं, उन्हें और दृश्य मिलने चाहिए थे। एरिक डेन विलेन की भूमिका में प्रभावित नहीं करते। डेनिस ग्रीन अपने छोटे से एक्शन दृश्य और चेहरे के भावों से याद रह जाते हैं।

प्रियंका सिंह

●●●●● उत्कृष्ट ●●●● बहुत अच्छी ●●● अच्छी ●● औसत ● औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com

## किशोरी ने फंदे से लटककर दी जान

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : नरेला औद्योगिक क्षेत्र में 14 साल की किशोरी अपने ही घर पर फंदे पर लटक गई। आनन-फानन में स्वजन ने किशोरी को फंदे उतारकर पास के ही महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर किशोरी के आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस स्वजन से पूछताछ के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 4 जून को पुलिस को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल से 14 वर्षीय किशोरी के फांसी लगाने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां किशोरी का इलाज चल रहा था। वह बयान देने की हालत में नहीं थी। पूछताछ करने पर पता चला कि किशोरी ने पंखे से चुन्नी को बांधकर फांसी लगाई थी। उसके बाद पुलिस की टीम किशोरी के जेजे कालोनी बवाना स्थित घर पर पहुंची। दूसरी मंजिल स्थित कमरे में एक चुन्नी छत के पंखे से बंधी हुई मिली। क्राइम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल की जांच करवाई गई। इसी बीच बुधवार को किशोरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## दिल्ली की सीमा पर मिला शव

जासं, साहिबाबाद: कौशांबी थाना क्षेत्र के ईडीएम माल के पास बार्डर पर बुधवार रात को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात को कौशांबी थाने पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव ईडीएम माल के पास दिल्ली बार्डर पर फुटपाथ पर पड़ा है। उसकी उम्र करीब 50 वर्ष के बीच होगी। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे।

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹66850 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

Branded T.SHIRT SALE
MEN, WOMEN & KIDS
upto 60% off
Introducing huge range of Shorts & Lowers
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus LOUIS PHILIPPE Levi's
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing


HONDA
Honda Summer Bonanza
1st June - 30th June, 2024
Buy a Honda Car and stand a chance to win couple trip^ to PARIS
Assured gifts up to ₹ 75 000^
Surprise gift with every test drive
AMAZE
CITY e:HEV
ELEVATE
CITY
Honda Amaze Benefits up to ₹ 76 000#
Honda City e:HEV Benefits up to ₹ 65 000#
Honda Elevate Benefits up to ₹ 55 000#
Honda City Benefits up to ₹ 88 000#
Models available through GeM & CSD. T&C Apply. For more information contact your nearest Honda dealership today.
Honda SENSING INTELLIGENT ADAS TECHNOLOGY
10 YEAR ANYTIME WARRANTY
Honda Auto Terrace
Honda ProCARE CUSTOMER SERVICE
8 YEAR WARRANTY LITHIUM ION BATTERY
SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL
Scan now to Book or Buy Honda From Home
EAST DELHI
Prime Honda
Patparganj
8657589054
CENTRAL DELHI
Ring Road Honda
Connaught Place
9891946042
WEST DELHI
Samara Honda
Mayapuri
011-45656565
9717556161
Ring Road Honda
Peeragarhi
8376805958
011-45520000
Moti Nagar
9911332218
9540992948
Dwarka
9891452000
9911323149
NORTH DELHI
Courtesy Honda
Wazirpur
9910995836
9717993611
Cherish Honda
Rohini
8255008008
SOUTH DELHI
Crown Honda
Mathura Road
7428496151
Samara Honda
Lajpat Nagar
011-46555111
8826143300
Courtesy Honda
Okhla
7669026618
011-40710000
GHAZIABAD
Crown Honda
Vaishali
9810028116
0120-4363000
Ghaziabad
9599293870
FARIDABAD
Classic Honda
NIT 5
9910557206
8800116661
Main Mathura Road
0129-4097007
7428390952
NOIDA
Crown Honda
Noida
0120-4700000
8527995500
Ace Honda
Noida
0120-4000400
9999673820/50
GURGAON
Frontier Honda
Gurgaon
8657588907
7290023171
Cherish Honda
Gurgaon
7557323232
7065031891
Ring Road Honda
Gurgaon, MG Road
0124-4688000
9643320215
Gurgaon, Sector-18
8376908990
9643335971
REWARI
Pace Honda
Rewari
8222991310
PALWAL
Pace Honda
Palwal
7056000033
BHIWADI
Pink City Honda
Bhiwadi
9868947168
SONIPAT
Malwa Honda
Sonipat
9467800902
9467800912
MEERUT
Platinum Honda
Meerut
9756799902
9897777736
HAPUR
Platinum Honda
Hapur
9756799912
0122-2314201